नये जमाने के साथ..

यश भारत

● वर्ष- 17 अंक 84- ● जबलपुर ● बुधवार, 26 अप्रैल, 2023 ● मूल्य- 2 रुपए ● पृष्ठ-8 ● वैशाख शुक्ल पक्ष 7 ● विक्रम संवत् 2080 शके 1935

जबलपुर में आज का मौसम

बुधवार सुबह का तापमान

19.8 डिसे सामान्य से 6 डिसे कम

दोपहर 12 बजे तक

27 डिसे

तेज हवा के साथ बूंदाबांदी के आसार

भारत ने अब तक सूडान से निकाले 500 नागरिक

जेद्दा, एजेंसी। सूडान में सेना और अर्धसैनिक बलों के बीच चल रहे संघर्ष में साढ़े तीन हजार से ज्यादा भारतीय नागरिक भी फंसे हैं. इन सभी को निकालने के लिए भारत सरकार ने ऑपरेशन कावेरी को अंजाम दिया है. ऑपरेशन कावेरी के तहत अब तक 500 से ज्यादा भारतीयों को सूडान पोर्ट से जेद्दा पहुंचाया जा चुका है। विदेश राज्य मंत्री वी मुरलीधरन ने निकाले गए 148 भारतीयों के दूसरे जत्थे की अगवानी की।

विक्रम लैंडर जैसे हादसे का शिकार हुआ जापान का स्पेसक्राफ्ट

चांद पर उतरते ही हुई क्रैश लैंडिंग

■ टोक्यो, एजेंसी।

टोक्यो, एजेंसी। जापान को भारत के विक्रम लैंडर जैसे हादसे का सामना करना पड़ा है। उसका चांद पर अपना लैंडर उतारने का सपना अधूरा रह गया। दरअसल, जापान की निजी कंपनी आईस्पेस इंक का एक लैंडर चंद्रमा के लिए रवाना हुआ था। कहा जा रहा था कि पहली बार किसी देश की निजी कंपनी का यान चांद की सतह पर उतरेगा, लेकिन ऐसा हो नहीं सका। ग्राउंड टीम का लैंडर से संपर्क टूट गया है। लैंडर का नाम हाकुतो-आर मिशन 1 है। जापानी कंपनी के इस सैटेलाइट को पिछले साल दिसंबर में फ्लोरिडा के केप केनवरल से स्पेसएक्स के रॉकेट से लॉन्च किया गया था।

फिर से नहीं जुड़ सका संपर्क

संस्थापक और मुख्य कार्यकारी ताकेशी हाकामादा ने अंतरिक्ष यान से संचार बंद होने के बाद कहा कि हमारा संपर्क टूट गया है। हमें उम्मीद थी कि संपर्क फिर से जुड़ जाएगा, लेकिन ऐसा हो नहीं सका। इससे साफ है कि हम चंद्र सतह पर लैंडिंग नहीं कर सके और हमारा मिशन असफल रहा। कैसा है Hakuto-R Mission V हाकुतो-आर मिशन 1 की लंबाई 7.55 फीट है। यह यान चंद्रमा की सतह से 100 किलोमीटर ऊपर 6000 किलोमीटर प्रतिघंटा की गति से घूम रहा था। धीरे-धीरे इसकी गति को कम किया गया था क्योंकि चंद्रमा की गुरुत्वाकर्षण शक्ति ने इसे खींचना शुरू कर दिया था। हाकुतो-आर मिशन की लैंडिंग चंद्रमा के उत्तरी गोलार्ध पर मौजूद मारे फ्रिगोरिस के पास होनी थी। इसके बाद Mv अपने दो पहिए वाला रोवर बाहर निकालता। बता दें, यह रोवर बेसबॉल के आकार का था।

खिलौना कंपनी ने बनाया था जापानी रोवर

इस रोवर को जापानी खिलौना कंपनी टोमी को और सोनी ग्रुप ने मिलकर बनाया था। साथ ही संयुक्त अरब अमीरात का चार पहियों वाला राशिद रोवर भी लैंडर में था। जापान के इस मिशन का दूसरा यान 2024 में लॉन्च करने की योजना है। तब आईस्पेस अपना खुद का रोवर लेकर आएगी। उस समय तक यह नासा के साथ काम करेगी ताकि स्पेस लैब ड्रेपर के पेलोड्स को चंद्रमा पर पहुंचा सके। कंपनी की प्लानिंग है कि 2040 तक चांद की सतह पर इंसानों से भरी एक कॉलोनी बनाए जाए।

मौसम की मार ! गर्मी में भारी बारिश का अलर्ट

■ नई दिल्ली, एजेंसी।

देश में मौसम के अलग-अलग रंग देखने को मिल रहे हैं। अप्रैल के महीने में मैदानी राज्यों में जहां भीषण गर्मी का दौर होना चाहिए, जहां आसमान में बादलों का डेरा है और कहीं-कहीं तो बारिश भी हो रही है। पहाड़ी इलाकों में बारिश और बर्फबारी का दौर तो जारी है ही। भारत मौसम विज्ञान विभाग ने) कर्नाटक की राजधानी और राज्य के अन्य हिस्सों में आने वाले 4-5 दिनों में मध्यम से भारी वर्षा का अलर्ट जारी किया है। बारिश की संभावित स्थिति को देखते हुए मौसम विभाग ने 29 अप्रैल तक बेंगलुरू के लिए येलो अलर्ट जारी किया है। इस दौरान 30-40 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं भी चलेंगी। स्कायमेट वेदर की रिपोर्ट के अनुसार, अगले 24 घंटों के दौरान, तमिलनाडु, केरल, दक्षिण भारत कर्नाटक, तेलंगाना, विदर्भ, आंध्र प्रदेश और ओडिशा के कुछ हिस्सों में हल्की से मध्यम बारिश के साथ एक या दो स्थानों पर भारी बारिश संभव है।असम, अरुणाचल प्रदेश, मेघालय के कुछ हिस्सों, नागालैंड, सिक्किम, आंतरिक कर्नाटक के कुछ हिस्सों, मराठवाड़ा और उत्तराखंड के 1 या 2 स्थानों पर हल्की से मध्यम बारिश संभव है। जम्मू कश्मीर और हिमाचल प्रदेश में हल्की बारिश हो सकती है। पूर्वी मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ में गरज के साथ हल्की बारिश हो सकती है।

भारत में 2060 तक काल बनेगी हीटवेव... मचाएगी तांडव

मौसम विभाग की मंगलवार को जारी एक नई रिपोर्ट में कहा गया है कि प्रायद्वीपीय और तटीय भारत के अधिकांश हिस्सों में 2060 तक हीटवेव की अवधि में 12-18 दिनों की वृद्धि होगी. साथ ही आईएमडी ने इससे निपटने का तरीका भी सुझाया है, जिसमें सांस्कृतिक, संस्थागत, तकनीकी और पारिस्थितिक तंत्र आधारित अनुकूलन रणनीतियां शामिल हैं. 'भारत में गर्मी और शीत लहर की प्रक्रिया और भविष्यवाणी' शीर्षक वाली रिपोर्ट की सिफारिशों में शामिल हैं- वेंटिलेशन और इन्सुलेशन के माध्यम से भारत की इमारतों में सुधार; गर्मी के कारण स्वास्थ्य पर पड़ने वाले विपरीत प्रभावों के बारे में जागरूकता बढ़ाना; वर्क शेड्यूल में बदलाव; पूर्व चेतावनी प्रदान करना; और ठंडे आश्रयों का निर्माण। आईएमडी ने अपनी रिपोर्ट में कहा है कि उष्णकटिबंधीय चक्रवातों के अपवाद के साथ अन्य प्राकृतिक खतरों की तुलना में हीटवेव से भारत में अधिक मौतें होती हैं. आईएमडी ने हीट वेव क्लाइमेटोलॉजी और घटना को समझने के लिए 1961-2020 तक के डेटा का उपयोग किया है. आईएमडी द्वारा हीटवेव घोषित किया जाता है, जब अधिकतम तापमान 40 डिग्री सेल्सियस से ऊपर और सामान्य से 4.5 डिग्री अधिक होता है. भीषण गर्मी की लहर तब घोषित की जाती है जब तापमान 40 डिग्री सेल्सियस से ऊपर और सामान्य से 6.5 डिग्री अधिक होता है. हीटवेव की अवधि में 12 से 18 दिनों की वृद्धि होगी भारत के सुदूर उत्तर पश्चिम में, सबसे लंबा हीटवेव समय 15 दिनों से भी अधिक हो गया है. रिपोर्ट में पाया गया कि मध्य और उत्तर-पश्चिमी भारत में सबसे लंबी भीषण गर्मी की लहर आम तौर पर 5 दिनों से अधिक रहती है, जबकि आंध्र प्रदेश तट सहित दक्षिणी प्रायद्वीप में यह उससे कम है. रिपोर्ट में संदर्भित वैश्विक मॉडल ग्लोबल वार्मिंग के कारण 2020-2064 की अवधि में लगभग 2 हीटवेव की वृद्धि और हीटवेव की अवधि में 12-18 दिनों की वृद्धि का सुझाव देते हैं।

कश्मीर में जी 20 बैठक से पहले पाक का डर्टी गेम शुरू

LOC के पास आतंकियों का जमावड़ा, घुसपैठ कराने को लॉन्च पैड एक्टिव

■ नई दिल्ली, एजेंसी।

जम्मू-कश्मीर में आतंकियों की घुसपैठ करवाने के लिए पाकिस्तान की एक और नापाक साजिश का खुलासा हुआ है. पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई और पाकिस्तानी सेना ने आंतकियों की मदद के लिए नियंत्रण रेखा से सटे इलाकों में पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में पांच कंट्रोल रूम कायम किए हैं. खुफिया जानकारी के मुताबिक ये कंट्रोल रूम भिम्बर, नीलम वैली, लीपा वैली, रावलकोट और मुजफ्फराबाद में बनाए गए हैं. इन कंट्रोल रूम से इसकी निगरानी रखी जाएगी कि कैसे आतंकियों को भारतीय सीमा में घुसपैठ करवाना है. इसका मकसद भारत की सेना के जवानों की मूवमेंट के बारे में आतंकियों को जानकारी भी देना है। खुफिया सूत्रों से जानकारी मिली है कि पाकिस्तान ने अपने सभी लांच पैड को एक्टिव कर दिया है. खुफिया जानकारी के मुताबिक पाकिस्तान ने अपने सभी आतंकी लॉन्च पैड्स को नियंत्रण रेखा के करीब कर दिया है. इसके लिए ठिकाने इस तरह चुने गए हैं कि हर लॉन्च पैड भारतीय सीमा से महज कुछ किलोमीटर की दूरी पर है. पाकिस्तान ने कश्मीर में घुसपैठ बढ़ाने के लिए ऐसा किया है. नक्शे के हिसाब से उनके पास भारत में घुसपैठ करने के कई रास्ते हैं. ये रास्ते भारतीय सेना की किसी भी गोलीबारी से बचने और उनको उलझाए रखने के लिए हैं।

9 लॉन्चिंग पैड, 150 आतंकियों को किया तैयार

बताया जा रहा है कि फिलहाल सभी लॉन्च पैड प्रशिक्षित आतंकवादियों से भरे हुए हैं और सीधे पाकिस्तान की ढ्ढस्ढ्ढ उनको कंट्रोल कर रही है. इन आतंकवादियों की घुसपैठ आईएसआई के लिए एक बड़ी उपलब्धि होगी. पाकिस्तानी सेना बाद में इनके लिए ड्रोन के जरिये हथियारों को सीधे भारत में गिरा सकती है. खुफिया सूत्रों के मुताबिक ये हथियार टारगेट किलिंग के लिए इस्तेमाल किए जा सकते हैं. खुफिया सूत्रों के मुताबिक लश्कर और जैश जैसे आतंकी संगठनों के कई विदेशी आतंकवादी पहले से ही कश्मीर में मौजूद हैं. ऐसे आतंकियों ने ही हाल में सेना की एक ट्रक को अपना निशाना बनाया था।

प्रकाश सिंह बादल का अंतिम संस्कार कल, दो दिन का राष्ट्रीय शोक

■ चंडीगढ़, एजेंसी।

देश के सबसे वयोवद्ध नेता और सांप्रदायिक सद्भावना के पुरोधा रहे प्रकाश सिंह बादल का मंगलवार देर शाम मोहाली के फोर्टिस अस्पताल में निधन हो गया। वह 95 वर्ष के थे। शिरोमणि अकाली दल (शिअद) के संरक्षक व पंजाब के पांच बार मुख्यमंत्री रहे बादल को सीने में संक्रमण की वजह से पिछले एक सप्ताह से सांस लेने में तकलीफ हो रही थी।शिरोमणि अकाली दल के प्रवक्ता डॉ. दलजीत सिंह चीमा ने बताया कि प्रकाश सिंह बादल का अंतिम संस्कार 27 अप्रैल को उनके गांव बादल में होगा। आज सुबह 10 बजे उनका पार्थिव शरीर अंतिम दर्शनों के लिए चंडीगढ़ में पार्टी के सेक्टर-28 स्थित पार्टी मुख्यालय में रखा गया। बादल देश की राजनीति के सबसे बुजुर्ग नेता थे। उनके निधन पर केंद्र सरकार ने दो दिन का राष्ट्रीय शोक घोषित कर दिया है, जिसमें दो दिन पूरे देश में लगा ध्वज आधा झुका दिया जाएगा। वहीं सभी आधिकारिक मनोरंजन कार्यक्रम रद्द कर दिए गए हैं।

बुजुर्ग 1962 से 56 बार दे चुके हैं 10वीं की परीक्षा, 57वीं बार में हुए पास

गजब का कॉन्फिडेंस!

■ जालोर, एजेंसी।

'न उमर की सीमा हो, न जनम का हो बंधन' यह गजल तो आपने खूब सुनी होगी. यह गजल 77 साल के हुकुमदास वैष्णव के ऊपर सटीक बैठती है. उन्होंने खुद को उम्र में ना बांध के बोर्ड परीक्षा पास करने का निश्चय कर लिया. इसके लिए उन्होंने लगातार 57 बार 10वीं की परीक्षा दी और सफल हुए. हैरान करने वाली बात यह है कि 56 बार फेल होने पर भी उन्होंने हार नहीं मानी और अपने जज्बे को बरकरार रखा. आज जब यूपी बोर्ड के 56 लाख स्टूडेंट्स का रिजल्ट जारी हुआ है तो 57 बार में परीक्षा पास करने वाले राजस्थान के जालोर के रहने वाले हुकुमदास वैष्णव की कहानी सामने आई.हुकुमदास का कहना है कि पढ़ने या सीखने की कोई उम्र नहीं होती है. हुकुम दास वैष्णव की कहानी भी कुछ ऐसी ही है. उम्र से तो वैसे वह एक बुजुर्ग हैं लेकिन पढ़ाई-लिखाई के लिए उनका जूनून किसी नौजवान से कम नही है. 77 साल के हुकूमदास 2 महकमों में काम करके सेवानिवृत हो चुके हैं. लेकिन कम पढ़े-लिखे होने के कारण कक्षा 10वीं की परीक्षा पास करने की ठानी. अपने इसी जज्बें के कारण 77 साल की उम्र तक आते-आते हुकूमदास ने आखिरकार अपने 57वें अटेंप्ट में अपनी 10वीं पूरी कर ही ली। 10वीं में फेल होने का सिलसिला साल 1962 से शुरू हुआ जब हुकुम सिंह पहली बार परीक्षा में फेल हुए थे. साल 2005 में जब हुकूमदास 60 वर्ष की उम्र में रिटायर हुए तब तक वह 10वीं कक्षा में 43 बार असफल हो चुके थे. लगातार परीक्षा में फेल होने के कारण हुकूमदास के दोस्तों ने उन्हें कभी भी 10वीं की परीक्षा पास नहीं कर पाने को लेकर ताने मारते थे. हुकूमदास ने हार ना मानते हुए साल 2011 में स्टेट ओपन में प्रवेश लिया. इसके बाद भी फेल होते रहे लेकिन साल 2019 में जाकर हुकूमदास ने अपने 56वीं कोशिश में 10वीं की परीक्षा पास कर ली।10वीं की परीक्षा पास करने के बाद हुकूमदास 12वीं की अपनी पढ़ाई पूरी करना चाहते हैं. इसके लिए हुकूमदास वैष्णव ने जालोर में 12वीं कला वर्ग से स्टेट ओपन में अपना नामांकन करा लिया है।

गड्ढे में गिरे बच्चे को हथिनी ने दो दिन दूध पिलाया फिर रुक गई सांस... अंत में हुआ चमत्कार !

■ नई दिल्ली, एजेंसी।

कुत्ता, बिल्ली, बंदर या शेर अपने बच्चे को बचाने के लिए जान पर खेल जाते हैं। ऐसा हम नहीं कह ल रहे हैं बल्कि वायरल हो रहा एक वीडियो इस बात का सबूत है। इसमें हाथी ने गड्ढे में गिरे उसके बच्चे को बचाने के लिए जो किया उसे देखकर आप भावुक हो जाएंगे। वायरल वीडियो में एक हाथी का बच्चा गड्ढे में फंसा दिखाई दे रहा है। उसकी मां उसे छोड़ना नहीं चाहती है। इस कारण वो खुद भी बच्चे का ध्यान रखने के लिए गड्ढे में उतर पड़ती है। बताया जा रहा है कि हथिनी अपनी जान की परवाह किए बिना 2 दिन तक बच्चे को दूध पिलाती रहती है। इसके बाद वहां रेस्क्यू टीम पहुंचती है। फिर एक क्रेन की मदद से हाथी को बाहर निकाला जाता है। पर तब तक हथिनी बेहोश हो चुकी होती है, जिसके बाद मेडिकल टीम उसका इलाज करती है। बहुत कोशिश करने के बावजूद भी हाथी बेसुध पड़ी रहती है। लेकिन जैसे ही उसका बच्चा गड्ढे से निकलकर बाहर आता है वो उठ उड़ी होती है। ये नजारा देख कोई भवना का शुक्रिया अदा कर रहा है, तो कोई लोगों को इंसानियत दिखना के लिए आभार व्यक्त कर रहा है।

थाने पर हमला करने वाले 63 आरोपी गिरफ्तार 4.85 लाख के इनामी बदमाश भी शामिल

■ बुरहानपुर, यशभारत।

बुरहानपुर जिले के नेपानगर में पुलिस अमले ने मंगलवार को बड़ी कार्रवाई करते हुए 63 आरोपियों को एक साथ पकड़ा है, जिनमें 4.85 लाख के इनामी बदमाश भी शामिल हैं। पकड़े गए आरोपियों पर बीते सात अप्रैल को जिले के नेपानगर पुलिस थाने पर हमला कर अपने साथियों को वहां से छुड़ाने के साथ ही वन अतिक्रमण कर जंगल काटने का भी आरोप है। कार्रवाई के बाद इतनी बड़ी संख्या में पकड़े गए आरोपियों को पुलिस टीम द्वारा बस में बैठाकर नेपानगर थाने तक लाया गया, जहां बुरहानपुर एसपी राहुल कुमार लोढ़ा ने आरोपियों के संबंध में खुलासा किया। आरोपियों को जिला न्यायलय में पेश करने की कार्रवाई फिलहाल जारी है, जिनमें से कुछ आरोपियों को मंगलवार और बाकि बचे आरोपियों को आज यानि बुधवार को न्यायालय में पेश कर जेल भेजने की कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल पुलिस आरोपियों से पूछताछ करने में जुटी है। नेपानगर पुलिस ने वन अतिक्रमणकारियों और पुलिस थाने पर हमला करने वालों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए मंगलवार को एक ही दिन में कुल 63 आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। बता दें, थाने पर हमला होने के बाद से ही पुलिस और प्रशासनिक अमला एक्शन मोड में था और हमलावरों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए अब तक कुल 24 आरोपियों की गिरफ्तारी की जा चुकी थी, जिसके बाद मंगलवार को की गई कार्रवाई में 63 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। इस तरह अब तक कुल 87 आरोपियों को गिरफ्तार कर कार्रवाई की गयी है।

4.85 लाख के इनामी बदमाश गिरफ्तार

बुरहानपुर एसपी राहुल कुमार लोढ़ा ने बताया कि गिरफ्तार किये गए आरोपियों में से कुल 4.85 लाख के इनामी बदमाशों को भी पकड़ा गया है। पकड़े गए आरोपियों में साईखेड़ा और पानखेड़ा क्षेत्र में अतिक्रमण करने का मुख्य आरोपी फूल सिंह सुडला और इसके साथी रेव सिंह पर 90-90 हजार का इनाम था, तो वहीं हेमा 95 हजार का इनामी बदमाश था। इन्ही के साथ आरोपी सूर्या और मन्नू जो कि 50 हजार के इनामी बदमाश हैं, ऐसे बड़े आरोपियों को पकड़ने में भी पुलिस को सफलता मिली है।

यदि आप को यशभारत न्यूज पेपर नहीं प्राप्त हो रहा है तो संपर्क करें

मो. 9407348995, 7999718732

शहडोल के बुढ़ार में कोयला व्यवसायी के यहां आयकर विभाग का छापा

■ शहडोल, यशभारत।

जिले के बुढार में बुधवार की सुबह एक कोयला व्यवसायी के यहां आयकर विभाग की टीम ने छापा मारा है। व्यापारी के सभी ठिकानों में कार्यवाही चल रही है। कोयला व्यवसायी केशर सिंह के यहां कार्यवाही चल रही है। जबलपुर, भोपाल और इंदौर की टीम ने एक साथ मारा छापा है। आयकर चोरी का मामले मैं कार्यवाही चल रही है। बुढ़ार में केशर सिंह के घर में 20 सदस्यीय टीम ने टीम ने दबिश दी है और कड़ी सुरक्षा के बीच कार्यवाही जारी है। बुढ़ार के अलावा सतना और कटनी में भी व्यापारियों के यहां छापामार कार्यवाही चल रही है। वह केशर सिंह के साथ कोयला का व्यापार करते हैं। टीम में आयकर विभाग के 20 अधिकारी कर्मचारी शामिल हैं।धनपुरी वार्ड नंबर 1 में रहने वाले केशर सिंह छाबड़ा के घर सहित सभी ठिकानों पर दबिश दी गई है। उनके व्यापार में काम करने वाले कर्मचारियों के घर भी टीम दस्तावेज खंगाल रही है। केशर सिंह चावड़ा एसईसीएल सोहागपुर क्षेत्र से निकलने वाले कोयले के बड़े कारोबारी हैं। इनके साथ कई जिलों के लोग पार्टनर के रूप में काम कर रहे हैं। आयकर विभाग को शिकायत की गई है कि यह कोयले की कारोबार में आयकर की बड़ी चोरी कर रहे हैं। उसी शिकायत के आधार पर आयकर विभाग की टीम ने छापामार कार्यवाही शुरू की है।

भारत में 2050 तक दोगुनी होगी बुजुर्गों की आबादी

हर 5वां भारतीय होगा बूढ़ा

■ नई दिल्ली, एजेंसी।

भारत फिलहाल तो दुनिया का सबसे जवान देश है. संयुक्त राष्ट्र जनसंख्या कोष की 'द स्टेट ऑफ वर्ल्ड पॉपुलेशन रिपोर्ट 2023' के अनुसार, भारत की जनसंख्या 1,428.6 मिलियन (142.86 करोड़) तक पहुंच गई है, जबकि चीन की 1,425.7 मिलियन (142.57 करोड़) है, जिसका मतलब है हमारी जनसंख्या चीन से 2.9 मिलियन यानी 29 लाख ज्यादा है. यूएनएफपीए रिपोर्ट के आकंड़े कहते हैं कि भारत की 68 प्रतिशत आबादी की उम्र 15-64 वर्ष के बीच है, जबकि 65 वर्ष से ऊपर के सिर्फ 7 प्रतिशत लोग हैं. लेकिन 2050 तक यह परिदृश्य बदल जाएगा। यूएनएफपीए के इसी रिपोर्ट में बताया गया है कि वर्ष 2050 तक भारत में 65 वर्ष से अधिक आयु वाले लोगों की संख्या वर्तमान से दोगुनी हो जाएगी. यानी करीब 14 फीसदी भारतीय आबादी की आयु 65 वर्ष से ज्यादा होगी. रिपोर्ट में कहा गया है कि जापान, चीन, इटली समेत अन्य यूरोपीय देशों की तरह भारत को भी अपनी बूढ़ी होती आबादी के लिए अभी से जरूरी तैयारियां करने की आवश्यकताहै।

चीन में 2050 तक 30प्रश आबादी बुजुर्ग

इस बीच चीन को अपनी बुजुर्ग आबादी के कारण खामियाजा भुगतना पड़ रहा है. यूएनएफपीए रिपोर्ट की मानें तो चीन के वर्क फोर्स में 4.1 करोड़ लोगों की कमी हो गई है, जो अभी और घटेगा. यह कई यूरोपीय देशों की आबादी के बराबर है।

तीन बेटियों के साथ कुएं में कूदी महिला

■ इंदौर, ईएमएस।

धार में एक महिला अपनी तीनों बच्चियों के साथ कुएं में कूद गई। घटना में महिला समेत तीनों बच्चियों की मौत हो गई है। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार थाना सरदारपुर में आने वाले गांव श्यामपुरा ठाकुर में एक महिला ने मंगलवार देर रात अपनी तीन बेटियों के साथ कुएं में छलांग लगा दी।महिला रंजना की उम्र 32 साल है और उसके पति का नाम जीवन बामनिया है। महिला की एक बेटी प्रीति 2 साल की दूसरी बेटी ज्योति 4 साल की और तीसरी बेटी अमृता 6 साल की थी। महिला ने तीनों के साथ कुएं में कूदकर आत्महत्या कर ली। पुलिस अभी मामले की जांच कर रही है और परिजन के बयान ले रही है। अभी कारण साफ नहीं हो पाया है कि महिला ने किस वजह से कुएं में कूदकर आत्महत्या की।

ओएमजी : 40 औरतों का एक ही पति, नाम है रूपचंद

न शादी हुई और न वह दूल्हा बना, माजरा जान चकरा जाएगा माथा

■ अरवल, एजेंसी।

बिहार के अरवल जिले में एक बड़ा ही अजीबोगरीबा मामला सामने आया है. यहां एक शख्स एक दो या 10 नहीं बल्कि 40 महिलाओं का पतिहै। आप भी सुनकर हैरान रह गए न. यह सच है और बिहार में जातीय जनगणना किए जाने के दौरान यह मामला सामने आया है. बताया जा रहा है कि शहरी क्षेत्र के रेड लाइट एरिया वार्ड नंबर 7 में एक पति लगभग 40 पत्नी का जोड़ा परफेक्ट कई वर्षों से अरवल में रह रहा है। ऐसा दिलचस्प जोड़ी के बारे में हम आपको बताएंगे, जिसमें पति ने लगभग 40 पत्नियों को एक साथ रखते हैं. हमारे देश में शादी को एक बहुत पवित्र रिश्ता माना जाता है, लेकिन यह रिश्ता तब सामने आया जब जातीय जनगणना के दौरान घर घर जाकर इससे जुड़े कर्मचारी उनकी भौतिक सत्यापन करते हुए जानकारी हासिल की. वैसे तो ज्यादातर लोग एक ही शादी को पूरी जिंदगी निभाते हुए जन्म-जन्मांतर का नाता साथ रखते हैं, लेकिन यहां शादी पूरे इलाके में चर्चा का विषय बनी हुई है. । अरवल जब जातीय जनगणना के दौरान नगर परिषद क्षेत्र के वार्ड नंबर 7 रेड लाइट एरिया में जानकारी हासिल करने के लिए कर्मचारी पहुंचे, तो यह रिकॉर्ड देखकर हतप्रभ रह गए. हालांकि इस रिकॉर्ड को जाति जनगणना के रूप में पूरी तरह से दी गई है. बताया जाता है कि रेड लाइट एरिया में कई वर्षों से नाच गान कर अपनी जीविका यापन करने वाले नर्तकी रहती हैं. जहां उसका कोई ठिकाना नहीं होता है. वैसे मैं रूपचंद शब्द की संज्ञा देते हुए अपने आप को पति मानते हैं। जातीय जनगणना कर्मचारी ने बताया कि ऐसे दर्जनों परिवार हैं जिन्होंने अपने पति के रूप में रूपचंद माना है, जो आज तक ना उन्हें दिखाई दी है और ना ही उनके पास है कर्मचारियों के पास या रिकॉर्ड स्पष्ट रूप से महिलाओं ने अपने पति के रूप में रख लिया है. वैसे तो केंद्र सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में हलफनामा दायर कर कहा था कि जातीय जनगणना नहीं होनी चाहिए। केंद्र का कहना था कि जातियों की गिनती करना लंबा और कठिन काम है. इसके बावजूद भी वर्तमान सरकार जाती है जनगणना कराने का ऐलान कर दिया और बिहार में या घर-घर जाकर जातीय जनगणना कराई जा रही है जिसमें यह मामला सामने आया है।

आध्यात्मिक सौंदर्य को सामाजिक सौंदर्य के सूत्र में बांधने का कार्य आदि शंकराचार्य ने किया:स्वामी अखिलेश्वरानंद

आदि शंकराचार्य जी की जयंती पर समरसता सेवा संगठन ने किया विचार गोष्ठी का आयोजन*

जबलपुर, यशभारत। जगदगुरू आदि शंकराचार्य जी की जयंती पर समरसता सेवा संगठन द्वारा विचार गोष्ठी का आयोजन श्री जानकीरमण महाविद्यालय सभागार में किया गया जिसमें वक्ताओं ने स्वामी जगतगुरु आदि शंकराचार्य जी के अद्वैत दर्शन और उनके जीवनदर्शन पर अपने विचार प्रकट किए । स्वामी अखिलेश्वरानंद गिरि ने जगतगुरू शंकराचार्य जी की जयंती पर आयोजित विचार गोष्ठी को संबोधित करते हुए कहा कि आदि शंकराचार्य के रूप में एक अद्वितीय प्रतिभा का जन्म हुआ जिसने एकात्मता के सूत्र में सभी को अर्थात पूरे विश्व को बांधने का काम किया मात्र 32 वर्ष की आयु प्राप्त करने वाले आदि जगदगुरू शंकराचार्य ने पूरी दुनिया को अध्यात्म से जोड़ने हेतु अनेकों श्रेष्ठतम कार्य किए वह ईश्वरीय शक्ति के समान तथा अंश अवतार थे, लोग पूछते हैं आपकी सनातन संस्कृति की शक्ति क्या है तब हम बताते हैं हमारी सनातन संस्कृति में ईश्वर ही सब कुछ करने में समर्थ है जो एक स्थान से सब कुछ करने में सक्षम है हमारी सनातन संस्कृति को पूरी दुनिया सर्वोपरि मानती है, जगतगुरु भगवान आदि शंकराचार्य ने यह संदेश दिया कि साधना करते हैं जीवन की और मोक्ष की हम मृत्यु को नहीं मोक्ष को मानते है और राष्ट्र के जीवन मूल्यों के रक्षण के लिए साधना आवश्यक है और हम जीवन की और मोक्ष की साधना करते है, आदि शंकराचार्य ने जिस तरह आध्यात्मिक सौंदर्य को सामाजिक सौंदर्य के सूत्र में बांधने का कार्य किया है उनके जीवन दर्शन का आज पूरी दुनिया लोहा मानती है। स्वामी अखिलेश्वर आनंद गिरि ने जगतगुरू आदि शंकराचार्य जी के जीवन दर्शन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि आदि शंकराचार्य अपने गुरु की खोज में ओमकारेश्वर तक पहुंचे जहां उन्हें अपने गुरु से मिलने का सौभाग्य प्राप्त हुआ और वहीं पर आदि शंकराचार्य ने मां नर्मदाष्टक की रचना की। ऐसी ईश्वरीय शक्ति जिसने 8 वर्ष की आयु में वेदों का ज्ञान लिया और 16 वर्ष की आयु में उन पर भाष्य दिया और बाकी 16 वर्षों में हिमालय तक तपस्या कर भारत में हो रहे विचारों के मतांतर पर जब भारत विचारों के कारण खंड खंड होने की स्थिति में था तब उन्होंने सारे विचारों का समन्वय अद्वैत से किया और भारत को एक किया आज यदि भारत इस स्थिति में है तो उसका पूरा श्रेय आदि शंकराचार्य जी को जाता है उनके जीवन दर्शन से भी समरसता का ज्ञान ले सकते हैं

डॉ संध्या जैन श्रुति ने गोष्ठी में आदि शंकराचार्य के दर्शन पर विचार प्रकट करते हुए कहा कि हमारे यहां के लोगों का ज्ञान इतना समृद्ध था कि दुनिया के सभी लोग भारत के प्रशंसक बने सबसे पहले हमारे भारत ने ही वसुधेव कुटुंबकम का वाक्य दिया जिसका अर्थ यह है कि सारी धरती एक परिवार तरह है और यदि दुनिया सभी के मन में यह बात आ जाती है तो किसी के मन में मत अंतर नहीं रहेगा यही सामाजिक समरसता का सबसे अच्छा उदाहरण है वैदिक साहित्य जीवन के मूल्यों को स्थापित करने में सदा समर्थ रहा है। आज जरूरत है कि राष्ट्रहित में हम सब एक होकर कार्य करे और निश्चित ही समरसता सेवा संगठन शंकराचार्य जी के अद्वैत के सिद्धांतो को लेकर आगे बढ़ रहा है जिसमे स्पष्ट है कि मिथ्या सिद्धांतों को खंडित किया जाना चाहिए और सब को एक सूत्र में बंधकर काम करना चाहिए। समरसता सेवा संगठन के अध्यक्ष संदीप जैन ने संगोष्ठी की प्रस्तावना पर प्रकाश डालते हुए कहा कि सामाजिक समरसता की चेतना भारतवर्ष में अनादि काल से चली आ रही है परंतु कालांतर में लोगों ने समरसता में खंड़ता उत्पन्न कर दी जिसे दूर करने का प्रयास निरंतर जारी रहा है अब जबकि मां भारती परम वैभव पर पहुंचने के लगभग करीब है तब सामाजिक समरसता के क्षेत्र में सभी का भारत के नवनिर्माण में अपना योगदान होना चाहिए इस हेतु समरसता सेवा संगठन की स्थापना की गई है ताकि सभी लोग सबको माने और सबको जाने इस ध्येय वाक्य के साथ भारत के नव निर्माण में अपना योगदान दे सकें सभी संतजनों के ज्ञान से पल्लवित होकर भारत की एकता और अखंडता के लिए काम करते हुए भारत को विश्वगुरु बनाने हेतु आगे बढ़े। संगोष्ठी की अध्यक्षता जानकी रमन महाविद्यालय के प्राचार्य अभिजात कृष्ण त्रिपाठी ने की। समरसता सेवा संगठन के सचिव उज्जवल पचौरी ने कार्यक्रम का संचालन किया।इस अवसर पर अभिमन्यु जैन, सुरेश विचित्र, अतुल जैन दानी, सहित अन्य गणमान्य नागरिक, समरसता सेवा संगठन के सदस्यों सहित भारी संख्या में युवा उपस्थित थे।

लाड़ली बहनों में खासा उत्साह

प्रतिदिन भरे जा रहे 100 से 150 फॉर्म

राधाकृष्णन वार्ड में अधिक से अधिक महिलाओं को योजना का लाभ दिलाने जिला महामंत्री रत्नेश सोनकर मैदान में

जबलपुर,यशभारत। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा चलाई जा रही लाड़ली बहना योजना काम की पारदर्शिता है। महिलाओं को सशक्त बनाने का यह एक बेहतरीन प्रयास है। यह बात पूर्व पार्षद एवं भाजपा जिला महामंत्री रत्नेश सोनकर ने लाड़ली बहना के शिविर के दौरान कहीं। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि भाजपा योजनाओं के माध्यम से विकास कार्य कर रही है। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के द्वारा शुरू की गई मप्र की लाड़ली बहना योजना से राधाकृष्णन वार्ड की महिलाओं में खासा उत्साह है। रत्नेश सोनकर के नेतृत्व में पिछले कई दिनों से लाड़ली बहना योजना के रजिस्ट्रेशन के लिए महिलाओं के फॉर्म शिविर में जमा किए जा रहे हैं। प्रतिदिन करीब 100 से 150 फॉर्म भरे जा रहे हैं।

खुद दूर करा रहें त्रुटियां

जिन फॉर्म में समग्र आईडी या अन्य दस्तावेजों में कोई त्रुटि आती है तो जिला महामंत्री भाजपा रत्नेश सोनकर खुद नगर निगम कार्यालय पहुंचकर त्रुटियां दूर करते नजर आ रहे हैं। जिससे के उनके क्षेत्र में अधिक से अधिक लाड़ली बहनाओं का योजना का लाभ मिल सके और उनके खाते में एक-एक हजार रुपए प्रतिमाह आने शुरू हो जाएं। भाजपा जिला महामंत्री रत्नेश सोनकर का प्रयास है कि फॉर्म भरे जाने से लेकर अंतिम प्रक्रिया तक वे खुद लाड़ली बहना योजनाओं की प्रक्रिया की मॉनीटरिंग नगर निगम अधिकारी-कर्मचारियों के साथ कर रहे हैं।

बिजली की बढ़ती जरूरत पर मंथन, जबलपुर में आज कंपनियों के वरिष्ठ अफसर कर रहे चर्चा

जबलपुर यशभारत। प्रदेश में बढ़ती बिजली की जरूरतों और उसके लिए आ रही चुनौती से निपटने के लिए बिजली कंपनी मंथन बैठक कर रही है। मंथन कार्यक्रम जबलपुर सहित इंदौर और भोपाल में आयोजित किए जा रहे हैं। प्रमुख सचिव ऊर्जा संजय दुबे के निर्देश पर मंथन 2023 का आयोजन किया जा रहा है। इसमें मध्य प्रदेश की सभी विद्युत वितरण कंपनियों की सर्किल अनुसार रिव्यू और नए टारगेट देने पर विस्तृत विचार-विमर्श किया जा रहा। मंथन में प्रमुख सचिव ऊर्जा के अलावा तीनों वितरण कंपनियों के एमडी और वितरण कंपनियों के चेयरमैन तथा मध्य प्रदेश एमपी पावर मैनेजमेंट कंपनी के मैनेजिंग डायरेक्टर के साथ वितरण कंपनियों के मुख्य अभियंता से लेकर कार्यपालन अभियंता स्तर के अधिकारी शामिल होंगे। मंथन कार्यक्रम की शुरुआत 24 अप्रैल को मप्र पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी ने इंदौर में की। जबकि 26 अप्रेल को जबलपुर में मध्य प्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी का तथा इसके बाद भोपाल में मप्र मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी का मंथन आयोजित होगा।

उत्तर पुस्तिकाओं की व्यवस्था स्वयं करें कालेज

जबलपुर, यशभारत । परीक्षाओं के दौरान कालेजों को उत्तर पुस्तिकाओं की व्यवस्था स्वयं करनी पड़ेगी। इसे लेकर मध्य प्रदेश आयुर्विज्ञान चिकित्सा विश्वविद्यालय द्वारा अधिसूचना जारी कर दी गई है। अधिसूचना के अनुसार उत्तरपुस्तिकाओं को कालेज के प्राचार्य, आंतरिक व बाह्य परीक्षक द्वारा सील व हस्ताक्षर कर संस्था में ही रखना पड़ेगा। उत्तरपुस्तिकाओं की संपूर्ण जिम्मेदारी कालेज प्रबंधन की होगी। बताया जाता है कि एक माह बाद होने वाली प्रायोगिक परीक्षाओं में परीक्षार्थियों को कालेज द्वारा ही उत्तरपुस्तिका उपलब्ध करानी होगी। अब तक उत्तरपुस्तिकाएं विश्वविद्यालय द्वारा उपलब्ध कराई जाती थी। विश्वविद्यालय के नए आदेश को लेकर कालेज प्रबंधन असमंजस में हैं। विश्वविद्यालय के रजिस्ट्रार डा. पुष्पराज बघेल ने बताया कि उत्तरपुस्तिकाएं उपलब्ध कराने की जिम्मेदारी ठेका कंपनी को दिया गया थी। निजी कंपनी कामकाज संतोषजनक नहीं होने के कारण नई कंपनी को यह जिम्मेदारी सौंपने का निर्णय लिया गया है। जिसके लिए निविदा की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। परीक्षाओं में विलंब न हो इसलिए फिलहाल संबंधित कालेजों को ही उत्तरपुस्तिकाएं उपलब्ध करानी होंगी।

वीयू कुलपति प्रोफेसर सीता प्रसाद तिवारी आई सी एआर के गवर्निंग बॉडी सदस्य मनोनीत

जबलपुर, यशभारत। भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद नई दिल्ली द्वारा नानाजी देशमुख पशु चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो सीता प्रसाद तिवारी को भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद- सोसाइटी की जनरल बॉडी तथा गवर्निंग बॉडी का सदस्य बनाया गया है। जिसका कार्यकाल 3 वर्षों का होगा। नानाजी देशमुख पशु चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय के ये सर्व प्रथम कुलपति हैं जिन्हें आई सी एआर सोसाइटी की सदस्यता मिली है। गौरतलब है कि, भारत के श्रेष्ठतम कृषि अनुसंधान परिषद की सदस्यता, प्रो तिवारी जी को उनके द्वारा किए गए शिक्षण, शोध- अनुसंधान तथा पशुपालकों हेतु किए गए उत्थान कार्य , उनकी प्रशासनिक कार्यप्रणाली तथा दूरदर्शिता को देखते हुए, कृषि विश्वविद्यालय के कुलपतियों की श्रेणी में यह स्थान दिया गया है ।यह विश्वविद्यालय के लिए एक बहुत ही बड़ी उपलब्धि है तथा गौरव की बात है कि प्रदेश के एकमात्र वेटरनरी विश्वविद्यालय के कुलपति का चयन सर्वप्रथम बार इस पद पर हुआ है । माननीय कुलपति जी को विश्वविद्यालय परिवार की ओर से बधाई प्रेषित की है।

वैज्ञानिक चिंतन की आज की परम आवश्यकता है- प्रो कपिल देव मिश्र

जबलपुर, यशभारत। राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित प्रतियोगिता एवम पुरस्कार वितरण विश्वविद्यालय व्यावसायिक अध्ययन एवं कौशल विकास संस्थान, रा.दु.वि.वि., जबलपुर एवं मध्यप्रदेश विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद,भोपाल के संयुक्त तत्वावधान में 25 अप्रैल 2023 को राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित- ''ग्लोबल साइंस फॉर ग्लोबल 2 '' विषय पर ''विज्ञान भवन'' रा.दु.वि.वि. मा. कुलपति, प्रो.कपिल देव मिश्र जी की अध्यक्षता में आयोजित किया गया, अपने उद्बोधन में कहा कि 21 वी शताब्दी में विज्ञान और कोशल ही विकाश का आधार है, सभी प्रतिभागियों को भविष्य में वैज्ञानिक सोच एवं चिंतन के साथ ही आगे आने की सोच से विकाश करना होगा। डॉ अपरूप दस, निदेशक, आई सी एम आर,जबलपुर। ने अपने उद्बोधन हेल्थ, फूड सकुरिटी, हइपरटेंशन , पर शोध, को विज्ञान के आधार पर कार्य करने की बात को बढ़ावा देने पर बल दिया।* राष्ट्रीय विज्ञान दिवस 2023'' में* 1- *वाद-विवाद प्रतियोगिता* में प्रथम पुरस्कार- अनुराग यादव द्वितीय-मोहम्मद हसनैन बेग तृतीय-अद्विका सिंह, 2.*भाषण प्रतियोगिता*-प्रथम पुरस्कार- हसनैन बेग, द्वितीय- सोनिया मिश्रा, तृतीय- अनुराग यादव, 3.*निबंध प्रतियोगिता*-प्रथम पुरस्कार- आयुषी शुक्ला, द्वितीय-स्नेहा मिश्रा, ऋषभ कनोजिया, तृतीय- अद्विका सिंह,4.*पोस्टर प्रतियोगिता*-प्रथम प्रतियोगिता-कृष्णा मौर्य, रचना द्विवेदी, रिया द्विवेदी द्वितीय- आदित्य गुप्ता, तृतीय- हर्षित पटेल, 5 *मॉडल प्रतियोगिता* प्रथम पुरस्कार-सुरभि सिंह, द्वितीय जितेंद्र कुमार, 6,*वैज्ञानिक रांगोली*-प्रथम पुरस्कार- जितिन कुमार जैन द्वितीय-?श्बू बिसेन,सुप्रिया गुप्ता,तृतीय-शिखा सेन ने पुरुस्कार प्राप्त किया। प्रतियोगिताओं का आयोजन 11.00 बजे से 1.30 बजे के मध्य किया गया, इन प्रतियोगिताओं में रजिस्टर्ड प्रतिभागिता हेतु छात्र-छात्राओं ने सहभागिता की।

नवनिर्वाचित सदस्यों को सौंपे दायित्व

स्टेमफील्ड इंटरनेशनल स्कूल बल्देव बाग शाखा में शपथ ग्रहण

जबलपुर, यशभारत। स्टेमफील्ड इंटरनेशनल स्कूल, बलदेव बाग में बुधवार 26 अप्रैल 2023 को छात्र परिषद का शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया गया। इसमें नवनिर्वाचित सदस्यों को उनके दायित्व सौंपे गए। समारोह का शुभारंभ मुख्य अतिथि प्रोफेसर विशाल बन्ने(डायरेक्टर इन हेड फिजिकल एजुकेशन डिपार्टमेंट रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय) की उपस्थिति में किया गया। जिसमें प्रोफेसर विशाल बन्ने , डायरेक्टर मैम श्रीमती सुप्रिया जायसवाल जी, एवं प्राचार्य महोदया रजनी घई जी के कर कमलों द्वारा दीप प्रज्वलित किया गया ।कार्यक्रम का आरंभ गायन समूह द्वारा ईश वंदना से किया। मुख्य अतिथि प्रोफेसर विशाल बन्ने जी ने छात्रों को संबोधित करते हुए उनके कर्तव्यों का बोध कराते हुए कर्तव्यनिष्ठ बनने की प्रेरणा दी । अतिथि महोदय ने शैक्षणिक, बौद्धिक सामाजिक विकास के साथ साथ विद्यार्थियों के चहुँमुखी खेलकूद योगाभ्यास को महत्व दिया और विद्यालय में इन क्रियाओं पर आधारित जो शिक्षा प्रणाली अपनाई गई है उनकी भूरि -भूरि प्रशंसा की ।शाला नायिका तेजल जैन ,सह शाला नायक कृष्ण मंगलम तिवारी एवं समस्त पदाधिकारियों को प्राचार्या महोदया ने शपथ दिलाई ।प्राचार्या महोदया ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि जीवन में अनुशासित हों व अपने बड़ों एवं शिक्षकों का सम्मान करें । लक्ष्य प्राप्त करने हेतु धैर्य व लगन के साथ लक्ष्य भेद के प्रति सजग रहें ।अर्जुन की एकाग्रता व एकलव्य की एक निष्ठा से प्रेरित हो अपना भविष्य उज्जवल करें ।शपथ ग्रहण समारोह शाला की चेयरपर्सन मैम श्रीमती मधु जायसवाल , मैनेजिंग डायरेक्टर पर्व जायसवाल , डायरेक्टर श्रीमती सुप्रिया जायसवाल , प्राचार्या श्रीमती रजनी घई के मार्गदर्शन में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ ।

सेंट अलॉयसियस स्कूल में अग्नि सुरक्षा सप्ताह मनाया

जबलपुर, यशभारत। सेंट अलॉयसियस सीनियर सेकेंडरी स्कूल कैंट में प्राचार्य फादर सीबी जोसफ के मार्गदर्शन में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के तत्वावधान में 14 अप्रैल से 20 अप्रैल तक अग्नि सुरक्षा सप्ताह मनाया गया द्य इस अवसर पर नगर निगम के अग्निशमन दल के द्वारा विद्यार्थियों को आग लगने के विविध कारण और उनसे बचने के उपाय के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई द्य इस अवसर पर नगर निगम जबलपुर के अग्निशमन विभाग के अधिकारियों के अलग-अलग स्थानों पर लगने वाली आग से बचने के उपाय के बारे में मॉक ड्रिल के द्वारा विस्तार से बताया गया द्य कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ अध्यापक शरद सिंह और कार्यक्रम अधिकारी डॉ मनीष दुबे के द्वारा किया गया ।

कर्मचारी जगत

ग्रीष्मकालीन प्रशिक्षण के दौरान अर्जित अवकाश दिया जाए

जबलपुर, यशभारत। जागरूक खेल संघ एवं जागरूक अधिकारी कर्मचारी संगठन ने मांग की है कि ग्रीष्मकालीन प्रशिक्षण के दौरान व्यायाम निर्देशकों, उत्कृष्ट खिलाड़ियों एवं खेल प्रशिक्षित शिक्षकों को अर्जित अवकाश दिया जाए। जिलाध्यक्ष रॉबर्ट मार्टिन ने बताया कि पूरे प्रदेष मे षिक्षा विभाग के नेतृत्व में हर जिले में व्यायाम निर्देशकों, उत्कृष्ट खिलाड़ियों एवं खेल प्रशिक्षित शिक्षकों के द्वारा स्कूली बच्चों के लिए ग्रीष्मकालीन खेल शिविर लगाया जाएगा। जो कि मई माह के प्रथम सप्ताह में प्रारंभ होकर जून माह में समाप्त होगा। ऐसे में पूरे म हीने छुट्टियों के दौरान इन खेल प्रषिक्षिकों के द्वारा स्कूली बच्चों को प्रशिक्षण दिया जाएगा। अतः नियमानुसार इन खेल प्रशिक्षकों को अर्जित अवकाश दिया जाना चाहिए। साथ ही बच्चों को खेल गतिविधियों में परांगत करने हेतु खेल प्रशिक्षकों को वे सभी संसाधन उपलब्ध कराए जाने चाहिए जो अति आवश्यक हैं। संगठन के धनराज पिल्ले, राकेश श्रीवास, दिनेश गौंड़, सुधीर अवधिया, हेमंत ठाकरे, राजकुमार यादव, स्टेनली नॉबर्ट, शहीर मुमताज़, आदि ने कलेक्टर से मांग की है कि ग्रीष्मकालीन अवकाश के दौरान बच्चों को प्रशिक्षण देने वाले सभी व्यायाम निर्देशकों एवं उत्कृष्ट खिलाड़ियों को अर्जित अवकाश दिया जाए।

तकनीकी कौशल प्रशिक्षण शिविर आयोजित किए जावे

मध्यप्रदेश शासन के समस्त विभागों के प्रायः समस्त कार्यों के कम्प्यूटरिकृत होने से ऐसे अनेक कर्मचारी हैं जो कि संसाधनों की कमी या अप्रशिक्षित होने से कुछ विभाग में निपुण प्रशिक्षितों को जबरन समय-समय पर किश्तों में वेतन की राशि से अपना कार्य कराने के लिए दक्षिणा स्वरूप राशि भुगतान करने के लिए मजबूर हो रहे हैं। बिना चढ़ोतरी के काम नहीं बनता है।मध्यप्रदेश अधिकारी कर्मचारी संयुक्त संगठन के जिला अध्यक्ष दिलीप सिंह ठाकुर के अनुसार शासन के लगभग समस्त कार्य वर्तमान में कम्प्यूटरिकृत हो गए हैं, किन्तु नाम मात्र के लोकसेवक ही इन कार्यों में कुशल प्रशिक्षित है, जिसके कारण इनकी मजबूरी हो जाती है कि ये ना चाह कर भी प्रतिदिन ऐसे निपुण प्रशिक्षितों को जबरन समय-समय पर किश्तों में वेतन से खर्चा देते रहते हैं। शिक्षा विभाग में तों लगभग प्रतिदिन ऑनलाइन भिन्न -भिन्न जानकारी वरिष्ठ कार्यालय से समय सीमा में अनिवार्य मांगी जाती है, जबकि समस्त शासकीय शालाओं में ना तो कम्प्यूटर हैं,ना ही कोई कुशल प्रशिक्षितों का स्टाफ है।इस तरह की मजबूरी से पीड़ित लोक सेवको को अपने ही विभाग के कुछ गिने-चुने कुशल प्रशिक्षितों के हाथ पैर जोड़ कर ,अपनी जेबों से राशि खर्च कर समय सीमा पर कार्य पूर्ण करना पड़ता है।मध्यप्रदेश अधिकारी कर्मचारी संयुक्त संगठन के जी आर झारिया, भास्कर गुप्ता, विश्वनाथ सिंह, माधव पाण्डेय, आकाश भील, अजब सिंह, आदेश विश्वकर्मा, अरविन्द विश्वकर्मा, राशिद अली,सुल्तान सिंह, देवराज सिंह, इमरत सेन, इत्यादि ने शासन प्रशासन से मांग की है, कि अतिशीघ्र समस्त विभागों में संसाधनों के साथ दक्षता वर्धक कम्प्यूटर प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया जाएं ।

एक मई से शुरू होगी रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय में प्रवेश की प्रक्रिया

26 विभागों में विभिन्न पाठ्यक्रम संचालित हो

जबलपुर, यशभारत। रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय में शिक्षण सत्र 2023-24 के लिए प्रवेश प्रक्रिया एक मई से प्रारंभ हो रही है। आनलाइन प्रवेश प्रक्रिया होगी। जिसका पंजीयन करवाने के साथ ही विद्यार्थी प्रवेश प्रक्रिया में शामिल हो जाएगा। उसे दस्तावेजों का सत्यापन विभागों में करवाना होगा और मेरिट के आधार पर प्रवेश दिया जाएगा। कुछ पाठ्यक्रमों में प्रदेश सरकार से निर्धारित प्रक्रिया के माध्यम से प्रवेश दिया जाएगा। इस संबंध में प्रवेश प्रभारी प्रो.शैलेष चौबे ने बताया कि विश्वविद्यालय के 26 विभागों में विभिन्न पाठ्यक्रम संचालित हो रहे हैं। यहां स्नातक और स्नातकोत्तर के विभिन्न कोर्स में प्रवेश की प्रक्रिया प्रारंभ होगी। एड,एमएड,बीपीएड,एमबीए और एमसीए जैसे पाठ्यक्रम में डीईटी और उच्च शिक्षा विभाग से निर्धारित प्रक्रिया के माध्यम से ही प्रवेश दिया जाएगा। शेष अन्य विषयों के लिए प्रवेश प्रक्रिया मेरिट के आधार पर होगी।

योग, विधि और फार्मेसी की मांग

विश्वविद्यालय के शिक्षण विभागों में सबसे ज्यादा मांग एम योग, बीफार्मा और बीएएलएलबी जैसे पाठ्यक्रमों में सबसे ज्यादा बनी होती है। इसके अलावा बीएस एग्रीकल्चर के लिए भी युवाओं में रूझान बना हुआ है हालांकि प्रशासन ने इस साल फार्मेसी में प्रवेश की प्रक्रिया को डायरेक्टर टेक्निकल एजुकेशन के माध्यम से करवाने का प्रस्ताव बनाया है ताकि पारदर्शिता के साथ प्रदेशभर से यहां युवाओं को पढ़ने का मौका मिल सके। बता दे कि बीएलएलबी में निर्धारित सीट से कई गुना ज्यादा विद्यार्थी प्रवेश के लिए आवेदन करते हैं ऐसा ही कुछ योग विभाग में प्रवेश के लिए होता है। रजिस्ट्रेशन में ही जानकारी देनी होगी। इस संबंध में प्रवेश प्रभारी प्रो.शैलेष चौबे ने कहा कि विद्यार्थी का रजिस्ट्रेशन होने के साथ ही उसकी सारी जानकारी दर्ज हो जाएगी। इसके बाद उन्हें अलग से प्रवेश फार्म नहीं भरना होगा। एमपी आनलाइन के माध्यम से रजिस्ट्रेशन का करीब 330 रुपये शुल्क देना होगा।

सहभोज के माध्यम से उत्पादन समीक्षा अच्छी पहल

एनडीजीएस के राष्ट्रीय महामंत्री की व्हीएफजे जी एम से भेंट

जबलपुर यशभारत ।सहभोज के माध्यम अधिकारियों कर्मचारियों द्वारा उत्पादन की समीक्षा एक अच्छा कार्य है यह औद्योगिक सबंध की अच्छी पहल है इसके परिणाम भविष्य में देखने मिलेंगे ।उक्त विचार गत दिवस वाहन निर्माणी मे एनडीएनजीएसए के राष्ट्रीय महामंत्री पंकज सोनवाने ने जबलपुर अल्प प्रवास के दौरान व्हीएफजे महाप्रबंधक से भेंट मेंव्यक्त किए ।उल्लेखनीय है कि आगमन हुआ श्री सोनवाने खमरिया मे हुई स्थानीय उत्पाद परिषद की बैठक मे हिस्सा लेने जबलपुर आये थे। अपने अल्प प्रवास में उन्होंने वाहन निर्माणी के मुख्य महाप्रवन्धक तथा सयुक्त महाप्रवन्धक से मुलाकात की ।श्री सोनवाने ने निर्माणी मे 22-23 के पूर्ण हुये उत्पादन लक्ष्य पर लंच व्यवस्था पर निर्माणी प्रशासन को बधाई दी ।साथ ही अगले वर्ष के उत्पादन और वर्क लोड ओल्ड पेंशन, एवं कार्यवेक्षकों के मामलों पर विचार रखे। बैठक मे निर्माणी के संयुक्त महाप्रवन्धक (मानव संसाधन) रामेश्वर मीणा और एन डी एन जी एस ए के पदाधिकारी कमल चौहान ब्रजेश शाह संतोष चौधरी रतन डागौर आदि मौजूद थे

इस बार ओएफके ने कमाया 100 करोड़ का मुनाफा

नये सत्र में25 सौ करोड़ का लक्ष्य, 5सौ ट्रेड अपरेंटिसों की भर्ती

जबलपुर यशभारत। गत दिवस खमरिया आयुध निर्माणी में स्थानीय उत्पादक परिषद की समीक्षा बैठक आयोजित की गई।जिसमें समिति कीअध्यक्षता कर रहे महाप्रबंधक अशोक कुमार एवं स्टाफ साईड सदस्यों के बीच उत्पादकता,उत्पादन को लेकर विभिन्न चर्चाएं हुई।बैठक में मुख्यतः निर्माणी में लगाए गए नए ऑटोमेशन प्लांट की मरम्मत को लेकर गहन चर्चा की गई, साथ ही नान फिलींग अनुभागों में लगाये गये सीएनसी मशीनों के प्लांट को फुल्ली एसी करने की योजना बनाई गई। बताया गया कि बमों की फीलिंग के लिए भरण 6 अनुभाग में बहुत जल्द नया प्लांट भी लगाया जाएगा। निर्माणी में ज्यादातर ओवन बहुत पुराने हो चुके हैं अतः लगभग 5 ओवनों की नई खरीदी कर भवनों में लगाए जाएंगे। 40 एम एम एल 70 कार्टेज केस पर गंभीरता से

चर्चा कर योजना बनाई गई कि इसे मॉडिफाई करके बनाया जायेगा । महाप्रबंधक ने बिजली की बचत के लिए अपना प्रस्ताव रखा जिस पर सभी ने सहमति दिखाई की प्रयास किया जाएगा कि निर्माणी के अंदर एवं निर्माणी के बाहर बिजली का उपयोग उच्चतम तरीके से किया जाए। बायोमेट्रिक पंच के मामले में भी पुनर्विचार करने हेतु महाप्रबंधक में सहमति दिखाई।135 का करोड़ के बमों का लाट अभी अंडर प्रोसेस है यदि यह भी पास हो जाता है तो खमरिया 200 करोड़ के ऊपर के मुनाफे में रहेगी। आने वाले वर्ष में 2500 करोड़ के टारगेट को कंप्लीट करने के लिए लगभग 500 ट्रेड अप्रेंटिस भर्ती किए जाएंगे। बैठक में उपस्थित आनंद शर्मा,रूपेश पाठक ,अजय यादव, अखिलेश पटेल, राकेश जयसवाल ने मुनाफे में होने की बधाई दी और आगामी वित्तीय वर्ष हेतु 2500 करोड़ का टारगेट को पूरा करने हेतु सहमति जताई।

टंकी बनाओ, पानी मुहैया कराओ, प्रति टैंक मैं दूंगा 10-10 लाख : विनय सक्सेना

जबलपुर यशभारत। नगर निगम सदन ने विधायक के प्रस्ताव को सहर्ष स्वीकार किया जबलपुर यशभारत। लोगों को पानी की आपूर्ति करने के लिए एक ओर शासन द्वारा अमृत योजना का ढोल जोर शोर से पीटा जा रहा है, तो कही जल ही जीवन के नाम से बैनर पोस्टर के प्रदर्शन का जोर है, लेकिन जमीनी हकीकत इस प्रचार-प्रसार के एकदम विपरित है। शहर प्यासा है, और पीने की पानी की त्राहि-त्राहि मची हुई है. शहर में आज भी आबादी और क्षेत्र विस्तार को देखते हुए ना तो पाईप लाईनों की मरमत और विस्तार किया गया और न ही इलाकों में नई पानी की टंकियों का निर्माण कराया गया । नगर निगम सदन की बैठक में पहुचे उत्तर मध्य क्षेत्र के विधायक विनय सक्सेना ने ये उदगार व्यक्त करते हुऐ प्रस्ताव रखा कि यदि नगर निगम की सत्ता और विपक्ष सहमत हो तो वे नई पानी की टंकियों के निर्माण कार्य में अपने विधायक मद से 10-10 लाख रूपये सहायता प्रदान करने तैयार हैं। श्री सक्सेना ने यह प्रस्ताव सशर्त रखा है उन्होने कहा कि नगर निगम को इसके लिये पानी की नई टंकियों के निर्माण की समय सीमा 6 माह तय करना होगी उन्होने बताया गया कि पानी के ओव्हर हेड टैंक का निर्माण करने में करीब 20 लाख रूपये का खर्च आता है, जिसमें से प्रति पानी की टंकी के निर्माण में विधायक द्वारा 10 लाख रूपये सहायता राशि प्रदान किये जाने के प्रस्ताव की सदन में भरसक सराहना की गई। श्री सक्सेना यह भी कहा कि पानी की टंकी के निर्माण के लिये उनके द्वारा प्रदान की जाने वाली सहायता राशि से कोई भी पार्षद अपने क्षेत्र के लोगो को भरपूर पानी की सौगात दे है, इसके लिये वे कोई पार्टीगत भेदभाव नहीं करेंगे कि पार्षद भाजपा का हैं या कांग्रेस का ? विधायक के इस प्रस्ताव पर मौलाना अबुल कलाम आजाद वार्ड के पार्षद वकील अंसारी ने कहा कि वे अपने वार्ड के अंतर्गत सिरसा तले क्षेत्र में पानी की टंकी का निर्माण कराना चाहते है, जिस पर स्वीकृति प्रदान की गई है। इसके अलावा भी अनेक पार्षदों ने अपने वार्डो में भी पानी की टंकिया बनवाने की इच्छा विधायक विनय सक्सेना से जाहिर की। श्री सक्सेना ने यह भी कहा कि सूजीपुरा क्षेत्र में सामुदायिक भवन के पास जिस जमीन पर पानी की टंकी का निर्माण होना प्रस्तावित है, वहां पानी की टंकी का निर्माण इस तरह से किया जाये कि टंकी के नीचे संजीवनी क्लीनिक भी स्थापित हो सके। श्री सक्सेना ने कहा कि जन सुविधा और विकास कार्यो के लिये वे हर संभव मदद करने तैयार हैं। श्री सक्सेना ने बताया की उत्तर मध्य विधानसभा क्षेत्र के करीव पांच वार्डों में पानी के ओव्हर हेड टैंक बनवाने के प्रस्ताव तत्काल उनके पास पहुचे जिसमें प्रति पानी की टंकी 10 लाख रूपये सहायता राशि प्रदान करने की स्वीकृति उन्होने प्रदान की हैं। श्री सक्सेना ने कहा कि नई पानी की टंकियां बन जाने से ना सिर्फ पुरानी पानी की टंकियों पर सप्लाई का दबाव कम होगा बल्कि नलों में पानी का फोर्स भी बढेगा, और क्षेत्रों में व्याप्त पानी की समस्या का प्रभावी समाधान भी आम जनता को हासिल हो सकेगा। विधायक विनय सक्सेना के इस महत्वपूर्ण सुझाव और प्रस्ताव को नगर निगम सदन ने आगे बढ़कर स्वीकर तो कर लिया है, मगर देखना ये है कि इसे कार्यरूप में परिणित करने में नगर निगम के अधिकारी पदाधिकारी और पार्षदगण कितनी तत्तपरता दिखा पाते है ?

मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के उप महाप्रबंधक विजिलेंस को अंतरिम राहत

जबलपुर, यशभारत। हाई कोर्ट ने मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के डिप्टी जनरल मैनेजर (विजिलेंस) मनीष गौतम के विरुद्ध जारी चार्जशीट पर किसी भी तरह की कार्रवाई करने पर अंतरिम रोक लगा दी है। न्यायमूर्ति विवेक अग्रवाल की एकलपीठ ने इस सिलसिले में मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी जबलपुर सीजीएम, मैनेजिंग डायरेक्टर भोपाल व चीफ जनरल मैनेजर (प्रभारी) भोपाल को नोटिस

जारी कर जवाब मांगा है। मामले की अगली सुनवाई 12 जून को होगी। याचिकाकर्ता मनीष गौतम की ओर से अधिवक्ता अभय पांडे ने पक्ष रखा। उन्होंने दलील दी कि प्रभारी सीजीएम ने वित्तीय व अन्य अनियमितताओं को लेकर याचिकाकर्ता को चार्जशीट जारी की है। उन्होंने बताया कि याचिकाकर्ता क्लास-वन अधिकारी है, इसलिए उसे चार्जशीट जारी करने का अधिकार प्रभारी सीजीएम को नहीं है। उन्होंने दलील दी कि मप्र सिविल सर्विसेज रूल्स 1966 के तहत मैनेजिंग डायरेक्टर को ही यह अधिकार प्राप्त है। मामले पर सुनवाई के बाद कोर्ट ने कहा चूंकि सक्षम अधिकारी ने चार्जशीट जारी की है, इसलिए आगामी सुनवाई तक इस पर कोई कार्रवाई न की जाए। हाई कोर्ट ने तर्क से सहमत होकर अंतरिम राहत दे दी।

हाई कोर्ट ने रिकवरी राशि तीन माह में लौटाने के दिए निर्देश

हाई कोर्ट ने एक याचिका का इस निर्देश के साथ पटाक्षेप कर दिया कि सेवानिवृत्त कर्मी से की गई रिकवरी की राशि तीन माह के भीतर लौटाई जाए। न्यायमूर्ति संजय द्विवेदी की एकलपीठ के समक्ष मामले की सुनवाई हुई। इस दौरान याचिकाकर्ता मप्र विद्युत तकनीकी कर्मचारी संघ के पूर्व महासचिव केके पैगवार की ओर से अधिवक्ता डा. एकनाथ ज्योतिषी व कल्पना ज्योतिषी ने पक्ष रखा। उन्होंने दलील दी कि प्रबंधक संचालक मप्र पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी ने सेवानिवृत्ति के बाद ग्रेच्युटी राशि से एक लाख 97 हजार 334 रुपये की रिकवरी कर ली। याचिकाकर्ता 30 जून, 2015 को सेवानिवृत्त हुआ था। उसे कोई सूचना दिए बिना 2016 में रिकवरी कर ली गई। यह 2007 व 2008 के इंक्रीमेंट से संबंधित थी। कंपनी ने मनमामने तरीके रिकवरी की। चूंकि एक सेवानिवृत्त कर्मचारी को इस तरह परेशान नहीं किया जा सकता, अत-हाई कोर्ट में याचिका दायर की गई।

मदन तिवारी के निवास पहुंचे अरुण यादव

जबलपुर, यशभारत। पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं कांग्रेस अध्यक्ष अरुण यादव वरिष्ठ कांग्रेस नेता मदन तिवारी के निवास में सौजन्य भेंट करने पहुंचे साथ में राजेंद्र यादव, रमेश चौधरी ,वीरेंद्र यादव सचिन यादव ,सौरव नाटी शर्मा ,विवेक यादव ,अभिषेक यादव राजा पांडे ,मोनू अग्रवाल ,अरुण सिंह पवार ने मुलाकात की।

महिला की संदिग्ध मौत

शरीर पर मिले चोट के निशान मारपीट के हत्या का अंदेशा

जबलपुर, यशभारत। अधारताल थाना अंतर्गत ऋषी नगर में एक महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गयी। परिजनों का शोर शराबा सुनकर आसपास के लोगों ने पुलिस को सूचना दी। जिसके बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने मर्ग कायम कर, पूरा मामला जांच में लिया है। प्रारंभिक जांच में मामला संदिग्ध है, महिला के शरीर में चोट के निशान पाए गए है। जिसके बाद यह अंदेशा लगाया जा रहा है कि महिला के साथ पहले मारपीट की गई है उसके बाद उसकी हत्या हुई है। फिलहाल पुलिस की मानें तो अब शॉट पीएम रिपोर्ट आने के बाद ही मामले का खुलासा होगा। वहीं, इस घटना के बाद क्षेत्र में सनसनी का माहौल है। पुलिस ने पूरे मामले की जानकारी देते हुए बताया कि करौदा नाला रिश्ची नगर निवासी हीरा बाई कोल 45 वर्ष पति लक्ष्मण कोल का संदिग्ध परिस्थितियों में घर में शव बरामद किया गया है। प्रथम दृष्टा परिजनों ने बताया कि महिला को चक्कर आया और वह गिर गयी जिसकी मौत हो गयी। पुलिस ने पंचनामा कार्रवाई कर, मर्ग कायम कर करते हुए, मामले की बारीकी से पड़ताल करते हुए अनेक एंगलों से पड़ताल कर रही है। जांच के दौरान पुलिस ने बताया कि मृतिका के शरीर में चोट के निशान है। जिसके बाद सभी परिजनों के कथन लिए जा रहे है। मामले की बारीकी से पड़ताल जारी है।

चाकू लेकर फैला रहा था दहशत ,पुलिस ने दबोचा

जबलपुर यशभारत। नुनसर पुलिस चौकी के अंतर्गत सहसन ग्राम में किसी गंभीर वारदात को अंजाम देने की फिराक में चाकू चमका रहे एक युवक को पुलिस ने घेराबंदी कर दबोच लिया ग्रामीणों ने पुलिस की इस कारज़्वाई से राहत की सांस ली उक्त कारज़्वाई चौकी प्रभारी दुर्गेश मरावी एवं हमराह स्टाफ द्वारा की गई इस संबंध में पुलिस ने बताया कि ईलाका भ्रमण के सूचना मिली कि एक व्यक्ति ग्राम सहसन में बटनदार चाकू लिये हुये है जो अपनी पैंट की जेब से बार-बार निकालकर लोगों को धमका रहा है जो ग्राम सहसन मे शनि देव मंदिर के पास खड़ा है। काली शर्ट पहना है जिसके सामने के बाल बड़े है की सूचना पर हमराह स्टाफ को सूचना से अवगत कराकर ग्राम सहसन रवाना हुये और शनि देव मंदिर के पास पहुचे तो मुखबिर के बताये हुलिया का व्यक्ति पुलिस को देखकर भागने का प्रयास किया जिसे घेराबंदी कर पकड़ा और नाम पता पूछा जिसने अपना नाम विनोद चौधरी पिता परषोत्तम चौधरी उम्र 21 वर्ष निवासी सहसन का रहने वाला बताया पुलिस द्वारा आरोपी के विरुद्ध कार्रवाई की गई ।

माढ़ोताल में दो बाइकों में सीधी भिड़ंत

टूट गए हाथ पैर, मामला दर्ज

जबलपुर, यशभारत। माढोताल थाना अंतर्गत दो बाइकों में सीधी भिड़त हो गयी। जिसमें एक बाइक सवार बुरी तरह घायल हो गया। जिसके हाथ और पैर में चोट है। तो वहीं, दूसरा बाइक सवार मौके से फरार हो गया। आनन फानन में पीड़ित को अस्पताल में भर्ती करवाया गया। शिकायत के बाद पुलिस ने मामला दर्ज कर, जांच में लिया है। जानकारी अनुसार पुलिस ने बताया कि अमित फ्रांसिस 40 वर्ष निवासी उदय नगर गोकलपुर ने बताया कि वह बाइक से दीनदयाल जा रहा था, तभी बाइक क्रमांक एमपी 20 एमव्ही 4077 के चालक ने सीधी टक्कर मार दी। जिससे वह बाइक समेत रोड से उछलकर दूसरी रोड गिर पड़ा। घटना में पीड़ित को गंभीर चोट आईं। जिसके बाद राहगीरों ने घायल को अस्पताल में भर्ती करवाया। पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर, मामले की जांच कर रही है।

जगत की सत्ता का आधार परमात्मा है-ब्रह्मचारी श्री चैतन्यानंद

जबलपुर, यशभारत। भगवान आदि शंकराचार्य ने संस्कृत साहित्य को अत्यंत समृद्धशाली व प्रभावशाली बनाया तथा भारतीय दर्शन को विश्व के सभी दर्शनों में अग्रगण्य सिद्ध कर दिया आज पूरे विश्व में भगवान आदि शंकराचार्य का अद्वैत दर्शन सर्वत्र डंका बज रहा है। ब्रह्म सत्यं जगत मिथ्या जीवो ब्रह्मैव नापरःज्का भगवान आदि शंकराचार्य का सिद्धांत कहता है की ब्रह्म के बिना जगत की सत्ता नहीं परमात्मा के बिना जगत वैसे ही अस्तित्व हीन है जैसे दीवार के बिना चित्र। इस जगत का ब्रह्म ही अधिष्ठान है और सारा संसार परमात्मा पर अध्यस्त है परमात्मा आधार है और जगत आधेय है। उक्ताशय के उद्गार आदिशंकराचार्य प्रवचन माला में बगलामुखी सिद्ध पीठ शंकराचार्य मठ के ब्रह्मचारी श्री चैतन्यानंद जी अपने विचार व्यक्त किए इस अवसर पर विधायक विनय सक्सेना डॉ सुधांशु गुप्ता आशुतोष दिक्षित नर्मदा प्रसाद शर्मा रंजीत पटेल बृजेश दुबे सौरभ दुबे प्रकाश द्विवेदी कुंडल राव आशीष चौकसे जय रोहाणी मनोज सेन आदि उपस्थित रहे।

रेल प्रशासन प्रोत्साहित करने के बजाए प्रताड़ित करने का काम कर रहा

लंबित मांगों को लेकर रेलवे मजदूर संघ ने दिया धरना

जबलपुर यशभारत। भारतीय रेल के संचालन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले व विषम परिस्थितियों में कार्य करने वाले एसएंडटी व विद्युत विभागों के कर्मचारियों को रेल प्रशासन प्रोत्साहित करने के बजाए उनको प्रताड़ित करने का काम कर रहा है उक्त उदगार रेल मजदूर संघ के वक्ताओं एस. एन. शुक्ला मंडल अध्यक्ष, डीपी अग्रवाल मंडल सचिव सतीश कुमार सयुक्त महामंत्री, अवधेश तिवारी सहायक महामंत्री, आर.ए. सिंह, संतोष त्रिवेणी, अफजल हाशमी आदि ने एसएंडटी व एसीटीएल कर्मचारियों की लंबित विभिन्न मांगो को लेकर मंडल रेल प्रबंधक परिसर जबलपुर में आयोजित धरना प्रदर्शन के दौरान व्यक्त किये। गगनभेदी नारो के साथ रेल कर्मियों वक्ताओं ने गरजते हुय रेल प्रशासन पर कर्मचारियों की मांगों की अनदेखी का आरोप लगाया। एसएंडटी

विभाग के टीसीएम- ।।। व ईएसएम-11 के पदो को भरने, स्थानांतरण के आवेदनो पर त्वरित कार्यवाही करने, अच्छी क्वालिटी सुरक्षा स्त्रोत रेनकोट, सेफ्टी शूज, विंटर जैकेट, सेफ्टी जैकेट, टार्च आदि की नियमित आपूर्ति करने, नये टूल्स एवं व्हीएचएफ सेट देने, ओवर टाइम या रेस्ट देने, नाइट फेल्युर गेंग बनाने, नियमित प्रशिक्षण देने, मेंटेंनेस हेतु उच्च गुणवत्ता का पर्याप्त मेटेरियल देने ए.सी. एस्काटिंग स्टाफ के एलएचबी रैंको में बैठन एवं टूल्स रखने के जगह देने कर्मचारियों को प्रताड़ित करना बंद करने आदि मांगो को अविलंब हल करने की मांग के साथ समय रहते कार्यवाही नहीं होने पर भूख हड़ताल की चेतावनी दी। धरना प्रदर्शन उपरांत मंडल रेल प्रबंधक महोदय को लंबित मांगों का ज्ञापन सौंपा गया।

यह रहे उपस्थित

धरना प्रदर्शन के दौरान संघ के डीएन यादव, रोशन सिंह यादव, हर्ष वर्मा, पी.के. पांडे, ओपी चौकसे, एसआर बाउरी, सुधीर यादव, दीपक केसरी, तरुण वत्रा, संजय चौधरी, विजय दुबे, रफैल जैकब, अनिल, करन कुमार, राजसिंह, संजय, रुकमकेश, रविपाल, वीरेन्द्र सिंह, राजेश पुरोहित अमित आदि ने सहयोग प्रदान किया ।

पमरे ने गंदगी फैलाने वालो से 19 लाख का जुर्माना वसूला

जबलपुर यशभारत। पश्चिम मध्य रेलवे जबलपुर सहित तीनों मण्डलों के सभी स्टेशनों पर यात्रियों को स्टेशन परिसर एवं गाड़ियों में स्वच्छ, सुखद एवं पर्यावरण अनुकूल वातावरण मुहैया कराने के प्रति लगातार प्रयासरत है। महाप्रबंधक सुधीर कुमार गुप्ता के मार्गदर्शन तथा प्रमुख मुख्य वाणिज्य प्रबंधक एवं प्रमुख मुख्य सुरक्षा आयुक्त के निर्देशन में पमरे मण्डलों के रेलवे स्टेशनों एवं रेलगाड़ियों में नियमित साफ सफाई सुनिश्चित की जाती है, साथ ही नियमित उद्घोषणा के माध्यम से यात्रियों को भी जागरुक किया जाता है। इसके अंतर्गत वाणिज्य एवं आरपीएफ विभाग के अधिकारीयों/कर्मचारीयों द्वारा यात्रियों से स्टेशन परिसर को साफ सुथरा रखने, धूम्रपान नहीं करने तथा यहां वहां गंदगी नहीं करने का अनुरोध किया जाता है। बार-बार समझाइश के बावजूद कुछ लोग लापरवाही बरतते हैं, ऐसे लोगों के खिलाफ रेल प्रशासन द्वारा समय-समय पर रेलवे अधिनियम के अंतर्गत जुर्माने की कार्यवाही की जाती है।गत वित्तीय वर्ष में अप्रैल 2022 से मार्च 2023 तक गन्दगी फैलाने वालों के विरुद्ध चलाये गए अभियान में कुल 14,018 व्यक्तियों के मामले पकडे गए, जिनसे कुल 19 लाख 44 हजार 160 रूपये जुर्माना वसूला गया।अकेले मार्च माह में पमरे के तीनों मण्डलों में कुल 1533 व्यक्तियों के खिलाफ कार्रवाई की गई तथा उनसे 02 लाख 15 हजार 570 रुपये बतौर जुर्माना वसूला गया। इसके अलावा जुर्माने के साथ साथ ऐसे लोगों को समझाईश भी दी जाती है। साथ ही गंदगी से होने वाले नुकसान की जानकारी देते हुए स्टेशन परिसर स्वच्छ रखने के लिए अनुरोध भी किया जाता है।

नाम सुधार सूचना

मैं रमेन्द्र श्रीवास्तव (उम्र64 वर्ष) यह घोषणा करता हूं कि मेरे आधार नं 6313 8436 8659 एवं पेन नं AMXPS4225J में जन्मतिथि 21/10/1958 एवं नाम रमेन्द्र श्रीवास्तव आत्मज श्री राधामोहन श्रीवास्तव अंकित है जबकि हायर सेकेण्डरी प्रमाण पत्र सीरियल नं 009275 एवं अंक सूची रोल नं 159854 में जन्म तिथि 21/10/58 व नाम रमेन्द्र आत्मज श्री राधामोहन श्रीवास्तव अंकित है। वास्तविक रूप से मेरा नाम रमेन्द्र श्रीवास्तव पिता श्री राधामोहन श्रीवास्तव है एवं मेरी जन्मतिथि 21/10/1958 जो कि सही है मुझे मेरे इसी नाम से जाना, पहचाना व पढ़ा जावे। इसका उद्देश्य पासपोर्ट जारी कराने हेतु है।

नाम पूराः रमेन्द्र श्रीवास्तव
पताः फ्लैट नं 16थर्ड फ्लोर राघव प्राइड अपार्टमेंट जगदम्बा कालोनी अहिंसा चौक जबलपुर

कार्यालय कार्यपालन यंत्री लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड, डिण्डौरी (म.प्र.)

नि.सू.क्र./05-06/व.ले.लि./का.यं./लो.स्वा.यां./ 2023 डिण्डौरी, दिनांक 18/04/2023

निविदा आमंत्रण सूचना

मध्यप्रदेश के राज्यपाल की ओर से अधोहस्ताक्षरकर्ता द्वारा निम्नानुसार ई-टेण्डर ऑनलाईन डिजिटल मुहरबंद (Digitaly Scaled) डिण्डौरी जिले के अन्तर्गत Piped Water Supply Scheme Under JJM Block Dindori & Samnapur हेतु ऑनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है। https://www.mptenders.gov.in जिसका अवलोकन वेवसाईट में किया जा सकता है। निविदा प्रपत्र केवल ऊपर उल्लेखित वेवसाईट से ऑनलाईन क्रय किये जा सकते है। जिसके मूल्य का भुगतान केश-कार्ड, ए.टी.एम. कम डेबिट कार्ड या इण्टरनेट वैकिंग से किया जावेगा। निविदा दिनांक 19/04/2023 को शाम 11.30 बजे से दिनांक 03/05/2023 तक शाम 17.30 बजे तक ऑनलाईन प्रस्तुत किये जा सकते है।

निविदा मे संशोधन की स्थिति में वेवसाईट पर ही संशोधन देखा जा सकेगा जिसका पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नही दिया जावेगा। विस्तृत निविदा आमंत्रण सूचना एवं अन्य जानकारी उक्त वेवसाईट पर देखी जा सकती है ।

स. क्र.	ई निविदा क्र.	नि.सू. क्र.	वि.खं. /जिला	विवरण	अनु.लागत (PAC) (रू. लाख में)	धरोहर राशि (PAC) (रू. में)	निविदा प्रपत्र का मूल्य (रू. में)	रिमार्क
1	2023_ PHED_ 268748 _1	05	समनापुर	Piped Water Supply Scheme. Under JJM at Village Mungela, Kandawani, Jhamul, and Village Rajni Sarai Block - Samnapur Distt.- Dindori	172.64	172640.00	12500.00	द्वितीय आमंत्रण
2.	2023_ PHED_ 268751 _1	06	डिण्डौरी	Piped Water Supply Scheme Under JJM at Village Ramhepur, and Ranibudhar Block -Dindori Distt. - Dindori	110.46	110460.00	12500.00	द्वितीय आमंत्रण

सदस्य सचिव
जिला जल एवं स्वच्छता मिशन
कार्यपालन यंत्री
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड डिण्डौरी (म.प्र.)

G- 11947/23 दुर्घटना से रखनी दूरी है तो हेलमेट सबसे जरूरी है।

कार्यालय कलेक्टर, (जनजातीय कार्य विभाग) सिवनी

क्रमांक/9641/ई-निविदा / जजाकावि/ 2023 सिवनी, दिनांक 18/04/2023

ई-निविदा विज्ञप्ति

ई - निविदा आमंत्रण सूचना (ऑनलाइन प्रथम आमंत्रण)

म.प्र. के राज्यपाल की ओर से लोक निर्माण विभाग में उचित श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से भवन निर्माण हेतु परियोजना संचालक लोक निर्माण विभाग पी.आई.यू. मध्यप्रदेश भोपाल द्वारा जारी एवं 15.09.2022 से प्रभावशाली लोक निर्माण के प्रचलित एस. ओ. आर. पर एवं विद्युत कार्य हेतु लो.नि.वि. के प्रचलित एस. ओ. आर. दिनांक 15.09.2022 से प्रभावशाली पर आज दिनांक तक संशोधनों सहित निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है। ऑनलाईन निविदा पत्र विक्रय की अंतिम तिथि 09.05.2023 तक है। निविदा की विस्तृत शर्तें, निविदा प्रपत्र एवं शिडयूल तथा अन्य जानकारियां www.mptenders.gov.in पर देखी जा सकती है।

क्र.	ऑनलाईन एनआईटी नंबर	कार्य का नाम	विकास खंड का नाम	अनुमानित लागत (लाख में)	अमानत राशि (रूपये में)	निविदा प्रपत्र का मूल्य	कार्य पूर्णता अवधि	पंजीकृत ठेकेदार की श्रेणी
1	2023_ TAD_ 269116	आदिवासी नवीन बालक आश्रम अंग्रेजी माध्यम सिवनी का भवन निर्माण कार्य मय विद्युतीकरण	सिवनी	224.84	224840/-	15000/-	12 माह (वर्षा ऋतु सहित)	नवीन केन्द्रीयकृत पंजीयन
2	2023_ TAD_ 269123	आदिवासी नवीन कन्या आश्रम अंग्रेजी माध्यम लखनादौन का भवन निर्माण कार्य मय विद्युतीकरण	लखनादौन	224.84	224840/-	15000/-	12 माह (वर्षा ऋतु सहित)	नवीन केन्द्रीयकृत पंजीयन
3	2023_ TAD_ 269127	आदिवासी नवीन कन्या आश्रम अंग्रेजी माध्यम सिवनी का भवन निर्माण कार्य मय विद्युतीकरण	सिवनी	224.84	224840/-	15000/-	12 माह (वर्षा ऋतु सहित)	नवीन केन्द्रीयकृत पंजीयन
4	2023_ TAD_ 269129	आदिवासी नवीन बालक आश्रम अंग्रेजी माध्यम धनौरा का भवन निर्माण कार्य मय विद्युतीकरण	धनौरा	224.84	224840/-	15000/-	12 माह (वर्षा ऋतु सहित)	नवीन केन्द्रीयकृत पंजीयन
5	2023_ TAD_ 269130	आदिवासी नवीन कन्या आश्रम अंग्रेजी माध्यम छपारा का भवन निर्माण कार्य मय विद्युतीकरण	छपारा	224.84	224840/-	15000/-	12 माह (वर्षा ऋतु सहित)	नवीन केन्द्रीयकृत पंजीयन
6	2023_ TAD_ 269131	आदिवासी कन्या आश्रम बिछुआ का भवन निर्माण कार्य मय विद्युतीकरण	कुरई	224.84	224840/-	15000/-	12 माह (वर्षा ऋतु सहित)	नवीन केन्द्रीयकृत पंजीयन
7	2023_ TAD_ 269132	आदिवासी जूनियर बालक छात्रावास बेहरई का भवन निर्माण कार्य	बरघाट	330.17	330170	15000/-	12 माह (वर्षा ऋतु सहित)	नवीन केन्द्रीयकृत पंजीयन
8	2023_ TAD_ 269134	आदिवासी जूनियर बालक छात्रावास बिछुआ का भवन निर्माण कार्य मय विद्युतीकरण	कुरई	330.17	330170	15000/-	12 माह (वर्षा ऋतु सहित)	नवीन केन्द्रीयकृत पंजीयन

सहायक आयुक्त,
जनजातीय कार्य विभाग सिवनी

जी-11897/23

हमारी संस्कृति में मां बाप को भगवान माना गया है किंतु बदलती जीवन शैली और मूल्यों के कारण आज औलाद को मां बाप बोझ लगने लगे हैं। हर मां बाप अपने बच्चों की अच्छी से अच्छी परवरिश करते हैं लेकिन बदले में बच्चे क्या देते हैं? ध्यान रखें यदि आप चाहते हैं कि आगे चलकर बच्चे आपका सम्मान करें तो आपको अपने मां बाप का सम्मान करना होगा।
-मुनिश्री तरुण सागर

संपादकीय

अमृतपाल की गिरफ्तारी से राहत

उग्रवादी अमृतपाल सिंह को आखिरकार गिरफ्तार कर लिया गया। लेकिन उससे उन रहस्यों पर से अभी परदा नहीं हटा है, जो वारिस दे पंजाब नाम के संगठन के इस नेता को लेकर पिछले महीनों में गहराती चली गई हैं। इनमें सबसे पहला रहस्य तो यही है कि यह शख्स आखिर अचानक कहां से आ धमका और इस हद तक चर्चित हो गया। शुरुआती दिनों में पंजाब पुलिस ने उसके साथ जो विशेष बर्ताव किया, उससे भी कई सवाल उठे थे। और अंत में जिस ढंग से उसकी गिरफ्तारी की कोशिश हुई और उसके बीच यह गायब हो गया, उन सबने लोगों के मन में कहीं ना कहीं कुछ काला होने का भाव पैदा किया। अब उसकी गिरफ्तारी उस मुकाम पर आने के बाद हुई है, जब वह एक बहुचर्चित व्यक्ति बन चुका है। साथ ही वह पंजाब में एक खास तरह की अलगावादी-सियासी धारा की नुमाइंदगी करता भी दिख रहा है। गिरफ्तार करने के बाद जिस तरह उसे असम ले जाने का फैसला हुआ, उससे भी यही संकेत दिया गया कि पंजाब में इस व्यक्ति को लेकर एक खास तरह की परिस्थिति पैदा हो चुकी है। बहरहाल अलगाववाद पनपाने के मंसूबे लेकर कानून-व्यवस्था को चुनौती देने वाले पृथकतावादी 'वारिस पंजाब दे' के मुखिया अमृतपाल की मोगा के रोडे गांव में गिरफ्तारी से देश के अमन-चैन पसंद लोगों ने राहत की सांस ली है। एक महीने से अधिक समय से पुलिस के साथ लुका-छिपी का खेल खेल रहे अमृतपाल को गिरफ्तार करके असम की डिब्रूगढ़ जेल भेज दिया गया है। इस घटनाक्रम से देश-विदेश में पंजाब को फिर काले दौर में धकेलने की साजिश करने वालों के मंसूबों पर पानी भी फिरा है। लेकिन सबसे महत्वपूर्ण बात है कि पंजाब सरकार व पुलिस ने जिस संयम-धैर्य से राज्य की शांत फिजा को बचाये रखने का सार्थक प्रयास किया, उसकी मुक्तकंठ से प्रशंसा की जानी चाहिए। महत्वपूर्ण बात यह भी है कि इस मामले में आम आदमी पार्टी से राजनीतिक मतभेद होने के बावजूद केंद्र सरकार ने राज्य की मान सरकार के साथ जिस बखूबी से सामंजस्य स्थापित किया, उससे इस चुनौती से बेहतर ढंग से निबटने में मदद ही मिली। दोनों ही सरकारों ने पंजाब में भाईचारे व अमन की स्थापना के लिये राष्ट्रीय सुरक्षा को प्राथमिकता दी। अमृतपाल को पंजाब की जेल में रखने से राज्य में तनाव बढ़ने की आशंका थी। पंजाब या आसपास की किसी जेल में बंद होने पर अजनाला पुलिस स्टेशन जैसी घटना होने की भी आशंका थी। गौरतलब है कि अजनाला में अमृतपाल के एक समर्थक को हिरासत में लिया गया था, लेकिन वहां एक बड़ी भीड़ इकट्ठी हो गई, जिसने पुलिस को हिरासत में लिए गए व्यक्ति को रिहा करने पर मजबूर कर दिया था। ऐसे में वैसी घटना की आशंका के कारण अमृतपाल को असम भेजने का आखिर क्या संदेश है? अमृतपाल पर अब तक जो मुकदमे दर्ज हुए हैं, उनमें एक अजनाला की घटना से भी संबंधित है। अब देखने की बात होगी कि क्या गिरफ्तारी के बाद राज्य से बहुत दूर भेजने के निर्णय से अमृतपाल का पंजाब में असर कमजोर होगा? यह उसका साया वहां मंडराता रहेगा?बहरहाल, तात्कालिक रूप से अलगाव की चिंगारी भड़काने की इस कोशिश पर फिलहाल तो विराम लग गया है, लेकिन भविष्य में पुलिस-प्रशासन की किसी भी तरह की चूक अलगाव की समस्या के लिये उर्वरा जमीन तैयार कर सकती है। हमें सीमा पार से की जा रही साजिशों के प्रति सजग रहना होगा।

हम जो कुछ भी हैं वह हमारी सोच का परिणाम है

औपनिवेशिक शासन के समय जब हर कोई बिना किसी नए विचार के अपने जीवन और नींद में व्यस्त था, उस समय हमारे स्वतंत्रता सेनानी ब्रिटिश सरकार से आजादी पाने के लिए अपनी रणनीति बनाने में व्यस्त थे। सुभाष चंदर बोस, चंदर शेखर आज़ाद, सरदार भगत जैसे सेनानी ये सभी नई सोच के साथ आते हैं क्योंकि वे एक स्वतंत्र, निडर या मजबूत भारत बनाना चाहते हैं। वे अंतिम सांस तक संघर्ष करते रहे कभी सफलता मिली तो कभी असफल लेकिन वे अपने विचारों पर अडिग रहे। यदि हमें अपने जीवन में सफल होना है या खुद को समाज में एक आदर्श व्यक्ति के रूप में रखना है तो हमें अपनी सोच सदैव सकारात्मक रखनी चाहीए। नकारात्मक विचारों के साथ आप खुद को और दूसरों को भी निराशा की ओर ले जायेंगे। जीवन में सफलता की इच्छा रखने वाले हर व्यक्ति को सकारात्मक सोच के साथ ही अपना कार्य सम्पन्न करना चाहिए। हमारी हमेशा यही कोशिश होनी चाहिए कि हमारी मित्रता एक सकारात्मक सोच वाले व्यक्ति से हो ताकि उसके विचारों का प्रभाव हमारे ऊपर भी पड़े और हम भी उसकी तरह सफलता की ओर बढ़ते जाएं।

इस शब्द में हर कोई एक विचार या विचार के साथ आगे बढ़ रहा है। विचारों के परिणाम के बारे में सोचे बिना कोई भी उस पर आगे बढ़ना नहीं चाहता। लोग दो तरह के विचारों के साथ जीते हैं एक सकारात्मक और दूसरा नकारात्मक। यह लोगों पर निर्भर करता है कि वे अपने लिए क्या चुनते हैं क्योंकि विचार ही वह स्रोत है जो मनुष्य का निर्माण करता है। क्या आप वास्तव में सोचते हैं कि हम जो सोचते हैं हम वैसे ही बन जाते हैं? क्यों हर कोई एक सफल व्यक्ति बनने में इतना व्यस्त है क्योंकि वे जानते हैं कि यदि आप शांति के साथ एक आरामदायक जीवन जीना चाहते हैं तो आपको एक सफल व्यक्ति बनना होगा और वह आपकी अपनी सोच का परिणाम होगा। हर कोई अपने जीवन में जो चाहे हासिल कर सकता है लेकिन कुछ ही लोग अपने सपनों का पीछा कर पाते हैं क्योंकि हर कोई अपने विचारों के कारण एक अलग रास्ता चुनता है। परिवेश आपके अनुसार चलता है न कि आप परिवेश के अनुसार चलते हैं यह पूरी तरह आप पर निर्भर करता है कि आप कैसा परिवेश चाहते हैं या तो वह बुरा है या अच्छा, सही है या गलत और उसका विकास आपके विचारों पर निर्भर करता है कि आप जो भी बनेंगे उसका परिणाम होगा आपके अपने विचारों से।

औपनिवेशिक शासन के समय जब हर कोई बिना किसी नए विचार के अपने जीवन और नींद में व्यस्त था, उस समय हमारे स्वतंत्रता सेनानी ब्रिटिश सरकार से आजादी पाने के लिए अपनी रणनीति बनाने में व्यस्त थे। सुभाष चंदर बॉस, चंदर शेखर आज़ाद, सरदार भगत जैसे सेनानी ये सभी नई सोच के साथ आते हैं क्योंकि वे एक स्वतंत्र, निडर या मजबूत भारत बनाना चाहते हैं। वे अंतिम सांस तक संघर्ष करते रहे कभी सफलता मिली तो कभी असफल लेकिन वे अपने विचारों पर अडिग रहे। यह बात ब्रिटिश सरकार को पसंद नहीं थी क्योंकि वह इस बात से अवगत थी कि एक बार जब भारत को आजादी मिल जाएगी तो ब्रिटिश सरकार शासन करने की शक्ति खो देगी। जैसे-जैसे समय आगे बढ़ता है स्वतंत्रता का विचार पूरे भारत में फैल जाता है और परिवेश स्वतंत्रता या स्वतंत्रता की आवाज से भर जाता है। उन तीन लड़ाकों के बाद कितने लोग महात्मा गांधी और अन्य नेताओं की तरह ब्रिटिश सरकार के खिलाफ लड़ने आते हैं। और उसका परिणाम यह हुआ कि हमें ब्रिटिश शासन से आजादी मिल जाती है, यह सब इसलिए हो जाता है क्योंकि लड़ाके जो सोचते हैं वही बन जाते हैं।

हम दूसरा उदाहरण ले सकते हैं जिसके माध्यम से हम कह सकते हैं कि च्हम जो कुछ भी हैं वह हमारे विचारों का परिणाम हैज्। अभी हम सभी एक लोकतांत्रिक देश में रहते हैं जहां हमारे पास संविधान है और कुछ मौलिक अधिकार हैं लेकिन इसके बावजूद कुछ क्षेत्रों में लोग अपनी मानसिकता के कारण संविधान के नियमों का पालन नहीं करते हैं, समानता के युग में महिलाओं को वह सम्मान नहीं मिलता है या सम्मान करें कि वे किस लायक हैं, ज्यादातर ग्रामीण क्षेत्रों में कुछ लोग सोचते हैं कि महिलाएं केवल घर या बच्चों की देखभाल करने के लिए पैदा होती हैं, घर के बाहर उनकी कोई भूमिका नहीं होती है, उन्हें समाज में बोलने का कोई अधिकार नहीं है, ये सभी संकीर्ण दिमाग वाली चीजें विकसित होती हैं। समाज क्योंकि लोग जो सोचते हैं वे उसे लागू करते हैं और जो नहीं करना चाहिए वह बन जाते हैं। एक विचार आपके जीवन को बदल सकता है, हर किसी को अपने जीवन में एक निर्णय लेना होता है जो उनके पूरे जीवन को बदल सकता है इसलिए विचार को अपने जीवन में लागू करने से पहले परिस्थितियों या उस विशेष विचार के परिणाम का विश्लेषण करें क्योंकि वह निर्णय आपको बनाता है कि क्या आपको लगता है। हम जो कुछ भी हैं वो हमने आज तक क्या सोचा इस बात का परिणाम है। यदि कोई व्यक्ति बुरी सोच के साथ बोलता या काम करता है, तो उसे कष्ट ही मिलता है।

यदि कोई व्यक्ति शुद्ध विचारों के साथ बोलता या काम करता है, तो उसकी परछाई की तरह खुशी उसका साथ कभी नहीं छोड़ती।जीवन की कठिन से कठिन परिस्थितियों को भी हल कर सकने का विश्वास ही हमारी सकारात्मक सोच है। मुश्किल से मुश्किल दौर में भी हिम्मत बनाए रखना हमारे सकारात्मक सोच की शक्ति है। किसी भी मुश्किल कार्य को करने की हिम्मत भी हमें हमारे सकारात्मक सोच से ही मिलती है। हम किसी काम को जितने ज्यादा सकारात्मकता से करेंगे काम उतना ही सटीक और सफल होगा। जीवन की विषम परिस्थितियों में सकारात्मक सोच न होने के कारण बहुत से व्यक्ति अपना मानसिक संतुलन खो देते हैं और अपना बहुत बड़ा नुकसान कर बैठते हैं। आज तक के सभी सफल व्यक्तियों के सफलता का राज कहीं न कहीं उनकी सकारात्मक सोच है। सकारात्मकता केवल हमारी सफलता की ही नहीं बल्कि हमारे अच्छे स्वास्थ की कुँजी भी है।

-डॉ सत्यवान सौरभ

योग्यता के आधार पर हो नुमाइंदे का चुनाव

माफिया डॉन अतीक अहमद के मारे जाने से अन्य कई जरूरी मुद्दे छिप गए हैं या यूं कहा जाये कि छिपा दिए गए हैं। अतीक अहमद माड़िया था परंतु यह भी सच है कि वह एक चुना हुआ सांसद था। इलाहाबाद सीट, जहां से देश के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित नेहरू चुनकर आये थे उसी सीट से अतीक अहमद भी चयनित होता था। तात्पर्य यह है कि नेहरू जी और अतीक की कोई बराबरी नहीं है फिर भी दोनों जनता की ताकत से चुने जाते थे। जहां एक ओर नेहरू जी विद्वान, शिक्षित और दूरदर्शी थे वहीं उनके मतदाता कम पढ़े-लिखे रहे होंगे क्योंकि इस वक्त शिक्षा का स्तर आज की तरह नहीं था और न ही उस वक्त सभी बच्चों की स्कूल तक पहुंच थी। फिर भी उस वक्त जनता ने उस विजन को चुना जो देश को तरक्की की ओर ले गया, जिस सोच ने वर्तमान विकसित भारत को गढ़ा और जिस विचारधारा ने न केवल भारत बल्कि विदेशी जमीन पर भी अपनी अमिट छाप छोड़ी। वहीं अतीक के केस में यह सब नहीं है। हां, इतना जरूर है कि नेहरू जी के तत्कालीन मतदाताओं की ही वर्तमान पीढ़ी अतीक की समर्थक है। यह सच है कि ये पीढ़ी पढ़ी-लिखी है परंतु तार्किकता और बौद्धिक निर्णय लेने में उस पीढ़ी से कमतर ही मानी जायेगी। जरा सोचें कि मतदाता का कर्तव्य क्या होता है और मतदाता कौन होता है? दरअसल, एक लोकतांत्रिक देश में अपनी पसंद का नेता चुनने वाला मतदाता ही होता है जिसके पास यह ताकत होती है कि वह अपने एक वोट की ताकत से सत्ता-परिवर्तन कर सकता है। परंतु अगर यही मतदाता महज सम्प्रदाय, भाषा या किसी लालच के चलते बाहुबलियों, दुराचारियों या माफियाओं को चुनकर सत्ता तक भेजता है तो देश की इस हालत के लिए वह बराबर का दोषी है। वोटर की ऐसी गलती से वर्तमान ही नहीं बल्कि आने वाली पीढ़ियां भी प्रभावित होती हैं। वजह यह कि जनता अपराधियों को चुनकर जब सत्ता पर काबिज करेगी तो विज्ञान, इतिहास, भूगोल, पर्यावरण, नैतिकता और मूल्यों का हनन ही होगा। अपराधी मनुष्य अपने कृत्यों से समाज का नुकसान ही करता है।

वोट देने से पहले उम्मीदवार की शैक्षिक योग्यता, नैतिक मूल्य, वैचारिक रुझान और सेवा भाव वाले पक्ष को देखना-समझना जरूरी है न कि केवल धार्मिक पक्ष को। परन्तु पिछले कुछ दशकों से देश की राजनीति की धुरी में धार्मिक स्थल और उनसे जुड़े मुद्दे ज्यादा हावी रहे हैं। धर्म-मजहब के नाम पर हिंसा का माहौल और सरकारों का बनना-बिगड़ना इस बात को इंगित करता है कि विकास की सही दिशा को छोड़ हम पीछे की तरफ जा रहे हैं। धर्म हर व्यक्ति का निजी मामला है और घर की दहलीज पार करते ही कोई भी इंसान संकीर्ण व्यवहार न करे तो ज्यादा अच्छा है। क्योंकि धर्म के नाम पर कट्टर होना पूरे समाज के लिए नुकसानदेह साबित हो सकता है। धर्म तो मुहब्बत, परोपकार, दया और करुणा सिखाता है। इसके विपरीत जब धर्म की आड़ में हिंसा होने लगे तो यह उस व्यक्ति समेत पूरे समाज व राष्ट्र को प्रभावित करता है। इसलिए मतदाता को यह भली-भांति समझना होगा कि जो उम्मीदवार केवल धर्म का सहारा लेकर उसके पास वोट मांगने आये उसे उसी समय वापस भेज दो और वोट देकर सत्ता तक पहुंचने में उसकी मदद न की जाये। ऐसे भी उदाहरण हैं कि हमारे कई माननीय अपने बच्चों को अच्छी शिक्षा देने के लिए उच्च संस्थानों में भेजते हैं और मंचों से भाषण देकर गरीब, वंचित वर्ग के लोगों के बच्चों को दंगई बनाने में कहीं न कहीं उनकी भूमिका पायी जाती है। इसलिए वोट देते वक्त उम्मीदवार की पृष्ठभूमि जरूर पता होनी चाहिए। धर्म-मजहब के नाम पर लड़ने वाले आम कार्यकर्ता के बच्चे क्या इससे पेट भर पाएंगे यह वोट देने से पहले सोचना चाहिए। मतदाता को तार्किक होना जरूरी है न कि किसी दल के प्रति श्रद्धा भाव रखने वाला क्योंकि इससे वह अपने राजनैतिक आका को आत्ममुग्ध बना सकता है जो स्थिति राष्ट्र के विकास में बाधक साबित होती है। हर पांच साल में जब नेता वोट मांगने निकले तो जनता को अपने सवालों के जवाब मांगने चाहिए कि इन पांच सालों में उसने उनके लिए क्या किया। मौजूदा समय में यह बहुत जरूरी है जब सारी दुनिया आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस आदि तकनीकी के बल पर बहुत आगे निकल चुकी है और हम आज भी पूजा-इबादत स्थलों के फेर में ही उलझे हैं। ऐसे वक्त में जब टेक्नॉलोजी ने मानव सभ्यता को असम्भव-सी लगने वाली चीजों से भी परिचित करवा दिया है हम आज भी किसी उम्मीदवार को महज इसलिए वोट दे देते हैं कि उसने संप्रदाय विशेष का चोगा पहना हुआ है। मतदाता अपनी जिम्मेदारी अगर सही से समझ जाएगा तो नाटकीयता से युक्त लोगों को कभी भी सत्ता के आसपास नहीं फटकने देगा। इसी प्रकार यदि कोई भी पार्टी किसी अपराधी को टिकट देती है तो वह इसके लिए जिम्मेदार होती है लेकिन अगर वह अपराधी चुनकर संसद तक जाता है तो इसमें उस जनता की भागीदारी भी बराबर की होती है जो उसे वोट देती है। इसलिए एक जिम्मेदार मतदाता को तार्किक और ईमानदार होना जरूरी है क्योंकि उसके एक बटन दबाने का फैसला उसकी आने वाली नस्लों को भी प्रभावित करने की ताकत रखता है।

-आरती लोहानी

आपका राशिफल 26 अप्रैल

मेष (चू चे चो ला ली लू ले लो आ): परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। पर प्रपंच में ना पड़कर काम पर ध्यान दीजिए। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। आलस्य का त्याग करें। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। यार-दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। शुभांक-3-5-7

वृष (इ उ ए ओ वा वी वू वे वो): जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। आय-व्यय समान रहेगा। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी। बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा। सुख-आनंद कारक समय है। अपने काम पर ध्यान दीजिए। अंधविश्वासी न बनें। शुभांक-5-7-9

मिथुन (का की कू घ ङ छ के को हा): लेन-देन में आ रही बाधा को दूर करने के प्रयास सफल होंगे। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। शुभांक-6-7-9

कर्क (ही हू हे हो डा डी डू डे डो): किसी से वाद-विवाद अथवा कहासुनी होने का भय रहेगा। बुद्धि और धन का दुरूपयोग न करें व्यर्थ के आडम्बरों से बचें। अपनी परिसंपत्ति को संभालकर रखें। परिवार में किसी का स्वास्थ्य खराब हो सकता हैं। मानसिक तनाव में बढ़ोतरी होगी। पुराने मित्र से मिलन होगा। शुभांक-4-6-8

सिंह (मा मी मू मे मो टा टी टू टे): भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। व्यापार व नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी। कार्यसिद्धि में देर नहीं लगेगी। आर्थिक लाभ उत्तम रहेगा। ज्ञानार्जन का वातावरण बनेगा। यात्रा का योग। शुभांक-6-8-9

कन्या (टो पा पी पू ष ण ठ पे पो): शैक्षणिक कार्यों में रुचि बढ़ेगी। परिवार में कोई मांगलिक कार्य पर वार्ता होगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। लेन-देन में अस्पष्टता ठीक नहीं। मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का बना रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति रहेगी। लेन-देन में आ रही बाधा दूर करने का प्रयास होंगे। शुभांक-5-7-9

तुला (रा री रु रे रो ता ती तू ते): लाभ में आशातीत वृद्धि तय हैं मगर नकारात्मक रुख न अपनाएं। किसी पुराने संकल्प को पुरा कर लेने का दिन हैं। 'आगे-आगे गौरख जागे' वाली कहावत चरितार्थ होगी। निष्ठा से किया गया कार्य पराक्रम व आत्मविश्वास बढ़ाने वाला होगा। ज्ञानार्जन का वातावरण बनेगा। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। शुभांक-5-7-9

वृश्चिक (तो ना नी नू ने नो य यी यू): कामकाज की अधिकता रहेगी। लाभ भी होगा और पुराने मित्रों का समागम भी। व्यवसायिक अभ्युदय भी होगा और प्रसन्नताएं भी बढ़ेगी। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। शुभांक-3-6-8

धनु (ये यो भा भी भू धा फा ढा भे): कुछ पिछले संकट अब सिर उठा सकते हैं। निकट जनों के लिए अर्थव्यवस्था हेतु जोड़-तोड़ करना पड़ेगा। अपने संघर्ष में स्वयं को अकेला महसूस करेंगे। विशेष परिश्रम से ही अभिष्ट कार्य सिद्ध होंगे। नौकरी में अपने अधीनस्त लोगों से कम सहयोग मिलेगा। आध्यात्मिक रुचि बनेगी। शुभांक-2-3-5

मकर (भे जा जी खी खू खे खो गा गी): सुबह-सुबह की महत्वपूर्ण सिद्धि के बाद दिन-भर उत्साह रहेगा। किसी लाभदायक कार्य के लिए व्ययकारक स्थितियां पैदा होंगी। अल्प-परिश्रम से ही लाभ होगा। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। आर्थिक चिंताएं कम होगी। नियोजित धन से लाभ होने लगेगा। शुभांक-2-5-7

कुंभ (गू गे गो सा सी सू से सो दा): विरोधियों के सक्रिय होने की संभावना है। शुभ कार्यों में अड़चनें और परिवार के बुजुर्ग जनों से मतभेद रहेगा। भय तथा शत्रुहानि की आशंका रहेगी। जमीन जायदाद का लाभ भी हो सकता है। आवास, मकान तथा वाहन की सुविधाएं मिलेंगी। बनते हुए कार्यों में बाधा आएगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। शुभांक-3-5-8

मीन (दी दू थ झ ञ दे दो चा ची): कार्य साधक दिन है व्यर्थ न गंवाऐं। विश्वस्त लोगों के कहे अनुसार चलें। राजकीय कार्यों में सतर्कता बरतें। मान-सम्मान को ठेस लग सकती है। जोश से कम व होश में रहकर कार्य करें। नये आगंतुकों से लाभ होगा। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। संतान पक्ष की समस्या समाप्त होगी। शुभांक-3-5-7

फिल्म वर्ग पहेली- 6146



ऊपर से नीचे:-

1. दिलीपकुमार, नर्गिस एक की फिल्म-3
2. ऋषिकपूर, अनवार, जूही की 'तेरी आँखों का दीवाना' गीत वाली फिल्म-3
3. 'पो का शंकर जी की बूढ़ी' गीत वाली ऋषिकपूर, नीतम की फिल्म-४
४. राजकुमार, धर्मेन्द्र, मीना की 'मेरे पैया मेरे चंदा' गीत वाली फिल्म-३
५. 'अपनी चाहतों पे काबू' गीत वाली जॉन अब्राहम, उर्दिता की फिल्म-२
८. अक्षय, सैफ, रवीना, मोनाली की फिल्म-३
१०. 'मैं तो मन की मैना' गीत वाली अजय देवगन, काजोल की फिल्म-४
११. अमोल पालेकर, रंजीता की 'नायी गाओ मौज' गीत वाली फिल्म-३
१२. 'मेरे यार ये दिन हो' गीत वाली शशिकपूर, जीनेंद्र, रेखा की फिल्म-३
१४. 'रोज रोज आँखों तले' गीत वाली फिल्म-२
१६. 'हर गोरी रानी' गीत वाली वहीदा, अमिताभ, जीतेन्द्र, शत्रोघन की फिल्म-३
१७. अमिताभ, रीत, वहीदा की 'दोनों जवानी की मस्ती में' गीत वाली फिल्म-२
१८. 'कई बार यूं भी देखा है' गीत वाली अमोल पालेकर, विद्या की फिल्म-५
२०. नसीरुद्दीनशाह, स्मिता पाटिल, नशाना की १९८३ की एक फिल्म-३
२१. 'ओ रात के' गीत वाली किशोर कुमार, मीनाकुमारी की फिल्म-२,३
२६.अमिताभ, संजीव, हेमा, शर्मिला की फिल्म-३
२८. 'नैनों में मेहबूब के' गीत वाली अक्षयकुमार, टिंवंकल खन्ना की फिल्म-२

बायें से दायें:-

१. अक्षयकुमार, रवीना टंडन की 'राजी राजी मैं हूँ राजी' गीत वाली फिल्म-३
४. 'उनके ख्याल आये तो' गीत वाली देव आनंद, मधुबाला की फिल्म-२,२
६. मिथुन, मधु की 'हुस्न वालों से ये दिल बचाये' गीत वाली फिल्म-५
७. 'ओपूफो जलता है बुझता है' गीत वाली सनी देओल, मोहित, सुनील शेट्टी, जॉन अब्राहम, नीहीद की फिल्म-३
९. अमिताभ, ऋतिक रोशन, प्रीति जिंटा की 'अगर मैं कहूँ' गीत वाली फिल्म-२
११. 'गवाह है चाँद तारे' गीत वाली सनी देओल, मीनाक्षी शेशाद्रि की फिल्म-३
१३. अनिलकपूर, माधुरी दीक्षित की 'एक बात मान लो तुम' गीत वाली फिल्म-२
१४. 'साँसों का चलना' गीत वाली सनी, सलमान, करिश्मा, तब्बू की फिल्म-२
१५. सनी देओल, फराह की 'कल किया मिलन की आई' गीत वाली फिल्म-३
१७. 'तुने ओ गोरिये ऐसा' गीत वाली राजकुमार, विनोद, प्रिया की फिल्म-४
१९. जिमी शेरगिल, इरफान, ऋषिता की 'आँखें भी होती' गीत वाली फिल्म-३
२१. 'आये तुम याद मुझे' गीत वाली अमिताभ, जया भादुड़ी की फिल्म-२
२२. फिल्म 'इश्क इश्क इश्क' में देव आनंद के साथ नायिका कौन थी-३
२३. 'फूलों से जो खुशबू आये' गीत वाली प्रसांत, ऐश्वर्या राय की फिल्म-२
२४. फिल्म 'हुतुतु' में नायक कौन था-३
२५. 'मेरा मन क्यों तुझे चाहे' गीत वाली आमिर खान, मनीषा की फिल्म-२
२७. आमिर, टिवंकल की 'कमरिया लचके रे' गीत वाली फिल्म-२
२९. 'चोरी चोरी कोई आये' गीत वाली फरदीन शेख, पूनम ढिल्लों की फिल्म-२
३०. अमिताभ, रजनीकांत, माधवी की 'रोते रोते हँसना' गीतवाली फिल्म-२,३

फिल्म वर्ग पहेली- 6145

Jagrutidaur.com, Bangalore

सूडोकु नवताल- 6659

✱✱✱✱☆ मध्यम

		5			8			3
	7			3	5			
3						6		
							8	5
	6			7			1	
4	2							
		1						8
			7	4			3	
6			2			7		

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

सूडोकु नवताल -6658 का हल

9	4	8	7	5	1	6	2	3
3	7	5	6	4	2	1	8	9
6	2	1	3	9	8	4	7	5
4	1	3	8	6	7	9	5	2
5	8	6	9	2	4	3	1	7
2	9	7	5	1	3	8	4	6
8	6	4	2	7	9	5	3	1
7	3	9	1	8	5	2	6	4
1	5	2	4	3	6	7	9	8

सावधान! तांबे के बर्तन में रखा पानी इन 3 गलतियों के कारण बन जाता है जहर

पहले लोग जहां स्टील के बजाए पीतल के बर्तनों का इस्तेमाल करते हैं, आज लोग तांबे के बर्तन का फायदे देखकर उसी में पानी पीना पसंद करते हैं। बाजार में भी कई तरह के स्टाइलिश बर्तन आपको मिल जाएंगे। आयुर्वेद में माना गया है कि तांबे के बर्तन में रखा पानी पीने से हमारा शरीर में वात, पित्त और कफ का संतुलन बना रहता है जो शरीर को कई तरह के रोगों से बचाता है। आइए जानते हैं इसके कई फायदे-

1.इस पानी को पेट की समस्याओं को दूर करने वाला माना जाता है. ये पेट की आंतों में जमा गंदगी को भी साफ कर देता है और गैस, एसिडिटी आदि समस्या से छुटकारा दिलाता है।

2.तांबा रक्त शुद्धि का काम करता है. इस पानी को पीने से स्किन से जुड़ी समस?याओं में राहत मिलती है।

3.तांबे के पानी में एंटी इंफ्लेमेट्री गुण होते हैं जो आर्थराइटिस की समस्या से बचाते हैं।

4. इसमें कैंसर विरोधी तत्व मौजूद होते हैं, जो इस घातक रोग से बचाव करने में मददगार माने जाते हैं।

हेल्थ एक्सपर्ट्स का कहना है कि तांबे के बर्तन का अच्छी तरह से फायदा लेने के लिए इसके कुछ नियमों को जानना बहुत जरूरी है, साथ ही कुछ गलतियों से बचने की कोशिश करें, वरना सेहत से जुड़ी मुश्किलें बढ़ सकती हैं....

वैसे तो सुबह खाली पेट तांबे की बोतल से पानी पीना अच्छा माना जाता है, लेकिन अगर आप ने जाने- अजाने ये गलतियां कर दी तो ये ही पानी आपके लिए जहर बन जाएगा...

तांबे के बोतल से दिन भर पानी पीना

यदि आप दिन भर तांबे की बोतल या बर्तन में रखा पानी पी रहे हैं, तो संभावना है कि आपके बॉडी में कॉपर की मात्रा जरूरत से ज्यादा हो जाए। इससे गंभीर मतली, चक्कर आना, पेट दर्द के साथ लिवर और किडनी के फेल होने का खतरा भी हो सकता है।

तांबे के बर्तन या बोतल को नियमित रूप से धोना

तांबे के बर्तन को नियमित रूप से नहीं धोना चाहिए। रोज धोने से इसके लाभकारी गुण कम होने लगते हैं। इसलिए इसे प्रत्येक उपयोग के बाद केवल साफ पानी से अच्छी तरह खंगालें। और महिने में एक बार नमक और नींबू का उपयोग करके अच्छी तरह से सफाई करें।

यश भारत
क्लासीफाइड (वर्गीकृत विज्ञापन)
• आवश्यकता • प्रापर्टी • लोन • मकान • दुकान/आफिस खरीदना बेचना • ज्योतिष • शिक्षण • ट्रेवल्स व अन्य •
1 माह Rs.1800/- | 15 दिन Rs.1200/- | 7 दिन Rs.500/- | 3 दिन Rs.250/- | 1 दिन Rs.150/-
व्यवसाय बढ़ायें-समाधान पायें यशभारत के साथ
भवन नामांतरण | आम सूचना | इश्तहार | गुमशुदा | नाम सुधार | जन्मदिन
बुकिंग हेतु संपर्क करें मो. : 9522920552, 9425160507
e-mail : jabalpur@yasshbharat.com

क्लासीफाइड

प्लाट एवं मकान उपलब्ध
शहर के मध्य अधारताल अमखेरा में धनी की कुटिया से मात्र 2 किमी अंदर सुशीला परिसर में टीएनसीपी रेरा एप्रूव्ड आवासीय कालोनी में प्लाट एवं मकान उपलब्ध सभी बैंकों से फाइनेंस आरसीसी रोड गार्डन झूले सुरक्षित कैम्पस।
संपर्क : संदीप गुप्ता
8770310159, 9826133675

बेचना है
विजयनगर अहिंसा चौक की चाय साय बार की फ्रैन्चाइजी सामान सहित जिसमें डीप फ्रीजर,काफी मशीन, टोस्टर, फ्रायर, स्टूल, एस.बीआर कैमरा और फर्नीचर इत्यादि देना है।
संपर्क : 8085720560, 94254, 12908
(3 मई)

क्योर एण्ड केयर डेन्टल क्लीनिक
डॉ. शंकर हबलानी बी.डी.एस. (इंदौर)
विशेषताएं -रूट कैनाल ट्रीटमेंट, फिक्स दांत , बत्तीसी , दांतों की सफाई , टेढ़े मेढ़े दांतों एवं पायरिया इलाज ।
पता- रेनबो कलर लैब के सामनेसतना बिल्डिंग जबलपुर मो.
9340734722, 9300049344
23 अप्रैल

शब्द पहेली - 7706



बाएँ से दाएँ

1.इच्छा,मनन-2
3.आश्रय,शरण-3
6.ठाठ-बाट-2
8.प्रकार-3
10.आवरण-3
12.तीर्थ,धार्मिक यात्रा-3
14.ख्वाब,स्वप्न-3
17.घर,आवास-3
19.लोच-3
21.भस्म,खाक-2
23.निगाह,दृष्टि-3
25.संबोधन-2
26.देवर्षि-3

किसानों, गरीबों, लाइनमेनों के लिए कैबिनेट में कई अहम निर्णय

बारिश, ओलावृष्टि से फसलों को नुकसान पर सहायता राशि में प्रति हेक्टेयर पांच सौ से दो हजार की बढ़ोतरी

भोपाल , यशभारत। चुनाव से पहले शिवराज सरकार ने किसानों, गरीबों, लाइनमेनों को लुभाने के लिए कैबिनेट में कई अहम निर्णय लिए गए। मंगलवार को मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट की बैठक में बेमौसम बारिश और ओलावृष्टि से फसल बर्बाद होने पर अनुदान सहायता राशि में प्रति हेक्टेयर 500 से 2000 रुपये की बढ़ोतरी की। इसके अलावा प्रदेश में गरीबों को 10 रुपये में भरपेट भोजन कराने के लिए 45 नए दीनदयाल रसोई केंद्र खोलने की भी स्वीकृति दी गई। इसी तरह 70 सीएम राइज स्कूल के लिए 2847 करोड़ रुपये की मंजूरी दी गई।

कैबिनेट ने राजस्व पुस्तक परिपत्र खंड छ- क्रमांक 4 में संशोधन का अनुसमर्थन किया गया। जिसके अनुसार लघु एवं सीमांत 0 से 2 हेक्टेयर तक कृषि भूमि धारित करने वाले कृषक/खातेदार को वर्षा आधारित फसल के नुकसान पर (प्रति हेक्टेयर) नीचे दी राशि मिलेगी। -25 से 33 प्रतिशत फसल क्षति होने पर 5 हजार 500 रुपये- 33 से 50 प्रतिशत फसल क्षति होने पर 8 हजार 500 रुपये-50 प्रतिशत से अधिक फसल क्षति होने पर 17 हजार रुपये सिंचित फसल के लिए (प्रति हेक्टेयर)-प्रति हेक्टेयर 25 से 33 प्रतिशत फसल क्षति होने पर 9 हजार 500 रुपये-33 से 50 प्रतिशत फसल क्षति होने पर 16 हजार रुपये- 50 प्रतिशत से अधिक फसल क्षति होने पर 32 हजार 500 रुपयेबारामाही (पैरीनियल) (बोवाई/रोपाई से 6 माह से कम अवधि में(प्रति हेक्टेयर)- 25 से 33 प्रतिशत फसल क्षति होने पर) फसल के लिए 9 हजार 500 रुपये- 33 से 50 प्रतिशत फसल क्षति होने पर 19 हजार रुपये- 50 प्रतिशत से अधिक फसल क्षति होने पर 32 हजार रुपयेबारामाही (पैरीनियल)

(बोवाई/रोपाई से 6 माह से अधिक अवधि के बाद (प्रति हेक्टेयर)-25 से 33 प्रतिशत फसल क्षति होने पर फसल के लिए 16 हजार रुपये- 33 से 50 प्रतिशत फसल क्षति होने पर 21 हजार रुपये- 50 प्रतिशत से अधिक फसल क्षति होने पर 32 हजार रुपयेसब्जी, मसाले तथा ईसबगोल की खेती के लिए (प्रति हेक्टेयर)-25 से 33 प्रतिशत फसल क्षति होने पर 19 हजार रुपये-33 से 50 प्रतिशत फसल क्षति होने पर 27 हजार रुपये-50 प्रतिशत से अधिक फसल क्षति होने पर 32 हजार रुपयेसेरीकल्चर (एरी. शहतूत और टसर) फसल के लिए (प्रति हेक्टेयर)-33 से 50 प्रतिशत फसल क्षति होने पर 6 हजार 500 रुपये तथा मूंग के लिए 8 हजार रुपये-50 प्रतिशत से अधिक फसल क्षति होने पर 13 हजार रुपये तथा मूंग के लिए 16 हजार रुपयेलघु एवं सीमांत कृषक से भिन्न कृषक-2 हेक्टेयर से अधिक कृषि भूमि धारित करने वाले कृषक / खातेदार को वर्षा आधारित फसल के लिए (प्रति हेक्टेयर)- 25 से 33 प्रतिशत फसल क्षति पर 5 हजार रुपये- 33 से 50 प्रतिशत फसल क्षति होने पर 7 हजार 300 रुपये- 50 प्रतिशत से अधिक फसल क्षति होने पर 14 हजार 600 रुपयेसिंचित फसल के लिए प्रति हेक्टेयर (प्रति हेक्टेयर)-25 से 33 प्रतिशत फसल क्षति होने पर 7 हजार रुपये-33 से 50 प्रतिशत फसल क्षति पर 14 हजार 500 रुपये-50 प्रतिशत से अधिक फसल क्षति पर 29 हजार रुपये बारामाही (पैरीनियल) (बोवाई/रोपाई से 6 माह से कम अवधि के बाद (प्रति हेक्टेयर)-25 से 33 प्रतिशत फसल क्षति होने पर) फसल के लिये 7 हजार रुपये-33 से 50 प्रतिशत फसल क्षति होने पर 19 रुपये-50 प्रतिशत से अधिक फसल क्षति होने पर 32 हजार रुपयेबारामाही (पैरीनियल) (बोवाई/रोपाई से 6 माह से अधिक अवधि के बाद (प्रति हेक्टेयर)- 25 से 33 प्रतिशत फसल क्षति होने पर) फसल के लिए 13 हजार रुपये-33 से 50 प्रतिशत फसल क्षति होने पर 19 हजार रुपये-50 प्रतिशत से अधिक फसल क्षति होने पर 32 हजार रुपयेसब्जी, मसाले तथा ईसबगोल की खेती के लिए (प्रति हेक्टेयर)।

कहां कितने रसोई केंद्र बनेंगे

नगरपालिक निगम भोपाल में 4, इंदौर में 3, ग्वालियर और जबलपुर में 2-2, बुरहानपुर, छिंदवाड़ा, देवास, कटनी, खंडवा, मुरैना, रतलाम, रीवा, सागर, सिंगरौली एवं उज्जैन में एक-एक तथा नगरपालिका परिषद पीथमपुर और मंडीदीप में एक-एक चलित रसोई केंद्र शुरू होंगे।20 हजार से 50 हजार जनसंख्या वाले नगरीय निकाय मंडीदीप, आष्टा, गंजबासौदा, सिरोंज, गोहद, राघौग?, डबरा, सारणी, इटारसी, सेंधवा, पीथमपुर, गाडरवारा, बीना, खुरई, मकरोनिया, बुजुर्ग, जावरा, शुजालपुर, नागदा, मालथौन और बुधनी में एक-एक नवीन रसोई केंद्र की स्थापना की जाएगी।

कुल 100 रसोई केंद्र होंगे

बता दें, जरूरतमंदों को किफायती दर पर पौष्टिक भोजन उपलब्ध कराने के लिए प्रथम चरण में प्रदेश के 51 जिला मुख्यालयों के 56 केन्द्रों में दीनदयाल अन्त्योदय रसोई योजना (प्रथम चरण) प्रारंभ की गई। द्वितीय चरण में 52 जिला मुख्यालयों में 94 एवं 6 धार्मिक नगरियों (मैहर, चित्रकूट ओंकारेश्वर, महेश्वर ओरछा एवं अमरकंटक) के कुल 100 रसोई केंद्रों में विस्तार किया गया।

लव स्टोरी औरों में कहां दम था...की शूटिंग कर रहे अजय

■ भोपाल, यशभारत।

भोपाल के रमणीय प्राकृतिक स्थल और सुंदर लोकेशन के कारण फिल्मी सितारे व निर्देशक ज्यादातर शूटिंग भोपाल में ही करना पसंद कर रहे हैं। यही वजह है कि शहर की गलियों में इन दिनों बालीवुड के सितारे अपनी फिल्मों की शूटिंग करने में व्यस्त हैं। इस माह तो बड़े अभिनेता और अभिनेत्रियों का जमावड़ा लगा हुआ है। राजधानी पहुंचे अजय देवगन फिल्म च्औरों में कहां दम था... शूट कर रहे हैं। यह एक म्युजिकल लव स्टोरी फिल्म है। इस फिल्म में तब्बू, जिम्मी शेरगिल भी अहम भूमिका में नजर आएंगे। ये दोनों सितारे भी जल्द भोपाल आने वाले हैं। इसके अलावा भोपाल की आसपास की लोकेशन पर च्लव की अरेंज मैरिजज फिल्म की शूटिंग चल रही है। इसे ईदगाह हिल्स, कलियासोत डैम, कोहेफिजा और गौहर महल जैसी लोकेशन पर फिल्माया जा रहा है। इससे पहले ओरछा, दतिया और झांसी में फिल्म की शूटिंग की जा चुकी है। इस फिल्म में जितेंद्र कुमार मुख्य भूमिका में नजर आएंगे। इनके अलावा सनी सिंह, राजपाल यादव, अन्नू कपूर, सुप्रिया पाठक, अवनीत कौर, पारितोष त्रिपाठी, सुधीर पांडे और हैरी जोस जैसे सितारे भोपाल में शूटिंग करने के लिए आना-जाना कर रहे हैं।अगल-अलग प्रोडक्शन हाउस से जुड़े लोगों ने बताया कि मप्र में 2023 के अंत तक 40 से अधिक फिल्म और वेब सीरीज को शूट किया जाएगा। अभी फिल्म 'नौसिखिए' की शूटिंग खत्म हुई है। साथ ही फिल्म 'आजाद' कोलार में शूट की गई। इसमें अभिनेत्री रवीना टंडन की बेटी राशा थडानी, अजय देवगन के भांजे अमन देवगन अभिनय कर रहे हैं। वहीं अभिनेता मिथुन चक्रवर्ती एक मूवी की शूटिंग के बाद वापस लौट गए हैं। जबकि अली फजल वेब सीरीज के लिए आने वाले हैं। वरुण धवन, डायना पेंटी भी फिल्म की शूटिंग भोपाल में ही करेंगी।

फिल्म मेकर्स को लुभा रहा एमपी

भोपाल में वीआइपी रोड, बोट क्लब, अपर लेक, गौहर महल, मोती महल, कोलार के जंगल, रातापानी के साथ ही रायसेन, ओरछा, चंदेरी, पचमढ़ी, महेश्वर, मांडू, ग्वालियर, जबलपुर, पन्ना नेशनल पार्क और बैतूल में फिल्म मेकर्स शूटिंग करना पसंद कर रहे हैं।

ब्यूटीशियन का निकला खेत में मिला शव, हत्या के बाद खेत में फेंका था

■ भोपाल, यशभारत।

राजधानी के बिलखिरिया इलाके में रविवार दोपहर अज्ञात महिला का शव बरामद किया गया था। पुलिस ने 24 घंटे के बाद शव की पहचान टीला जमालपुरा राम मंदिर के पास रहने वाली 30 वर्षीय प्रीति विश्वकर्मा के रूप में कर ली है। मृतका ब्यूटीशियन थी और अपने पति से एक साल से अलग रह रही थी। पुलिस ने पोस्टमार्टम रिपोर्ट और साक्ष्यों के आधार पर अज्ञात के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज कर लिया है।बता दें कि ग्राम कानासैया के एक खेत में रविवार दोपहर करीब तीन बजे शव मिलने की सूचना मिली थी। पुलिस ने मौके पर जाकर देखा तो महिला के सिर पर बाल नहीं थे, वह बिग लगाए थी। उसके शरीर पर धारदार हथियार से जख्म के निशान थे।

वरिष्ठ नागरिक परिसंघ, मध्यप्रदेश का प्रथम प्रांतीय अधिवेशन

वरिष्ठ नागरिक की सेवा करना ही एकमात्र लक्ष्य हो :शेखावत

■ भोपाल, यशभारत।

वरिष्ठ नागरिक परिसंघ मध्यप्रदेश का प्रथम प्रांतीय अधिवेशन सरस्वती शिशु मंदिर, काटजू नगर कालोनी रतलाम में आयोजित किया गया। अधिवेशन सुल्तान सिंह शेखावत,शहरी ग्रामीण असंगठित कर्मकार मंडल (केबिनेट मंत्री दर्जा) एवं रमेश चंद्र शर्मा अध्यक्ष कर्मचारी कल्याण समिति मध्यप्रदेश (राज्य मंत्री दर्जा) के मुख्य अतिथि द्वय एवं विशेष अतिथि चंद्रशेखर शर्मा, चंद्रशेखर व्यास,श्री श्याम यादव, दिलीप मेहता, सुरेन्द्र शर्मा, श्रीमती निर्मला रोकड़े के विशेष आतिथ्य में आयोजित किया गया। अधिवेशन की अध्यक्षता सुरेश कुमार पालीवाल ने की। सर्वेप्रथम ने अतिथियों ने सरस्वती माता का पूजन कर दीप प्रज्ज्वलित किया। सरस्वती वंदना श्री सुभाष चितरे ने किया। दिलीप गोवलकर ने मुख्य अतिथियों का परिचय कराया। सुल्तान सिंह शेखावत ने अधिवेशन को संबोधित करते हुए कहा ,कि वरिष्ठ नागरिक परिसंघ के पदाधिकारियों एवं सदस्यों को वरिष्ठ नागरिक की सेवा करना ही एकमात्र लक्ष्य होना चाहिए। उन्होंने वरिष्ठ नागरिक परिसंघ के गठन एवं उद्देश्यों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। पश्चात रमेश चंद्र शर्मा अध्यक्ष कर्मचारी कल्याण समिति मध्यप्रदेश ने संबोधित किया। वरिष्ठ नागरिक की सेवा में स्वयं का भी समर्थन प्रकट किया। मांगीलाल पंडित प्रांतीय महामंत्री ने वरिष्ठ नागरिक परिसंघ के कार्यों का प्रतिवेदन प्रस्तुत किया।प्रदेश कोषाध्यक्ष ने विगत 3 वर्ष का आय - व्यय का ब्यौरा प्रस्तुत किया। अधिवेशन में भोपाल से सुरेश पालीवाल,राष्ट्रीय उपाध्यक्ष , दिलीप गोलवलकर , प्रदेश अध्यक्ष, अनिल कुमार पालीवाल, अध्यक्ष वरिष्ठ नागरिक परिसंघ जिला भोपाल बृजेश भटनागर रविन्द्र शुक्ला, प्रदीप पांडेय, हेमंत तेलंग,ने भोपाल जिले से प्रतिनिधित्व किया ।द्वितीय सत्र में विभिन्न जिलों के प्रतिनिधियों ने अपने विचार एवं समस्याएं अधिवेशन के समक्ष रखा। अंतिम सत्र में अशोक पाटीदार पर्यावरणविद् द्वारा विचार रखे गए ।तत्पश्चात प्रांतीय पदाधिकारियों का निर्वाचन संपन्न हुआ। किशोर कुमार मंडोरा ने आभार प्रकट किया।

बड़े तालाब में नए स्थानों पर हो रहा अतिक्रमण पुराने में ही उलझे अधिकारी

■ भोपाल, यशभारत।

रामसर साइट का दर्जा प्राप्त बड़ा तालाब अवैध अतिक्रमण की वजह से सिकुड़ता जा रहा है। जिस विभाग पर इसके संरक्षण और निगरानी की जिम्मेदारी है, उसके अधिकारी पुराने अतिक्रमणों को चिह्नित करने में ही उलझे हैं। जबकि इस बीच अतिक्रमणकारी कैचमेंट क्षेत्र में स्थित नए स्थानों पर कब्जा कर फार्म हाउस और कालोनियों का निर्माण कर रहे हैं। बोट क्लब के आगे निर्माणाधीन फ्लोटिंग रेस्टोरेंट के पास मिट्टी डालकर 15 हजार स्क्वायर फीट जमीन की पुराई कर दी गई है। लेकिन शिकायत करने के बाद भी अतिक्रमणकारियों के खिलाफ कार्रवाई नहीं हो रही है।बता दें कि बड़े तालाब की निगरानी का जिम्मा नगर निगम द्वारा झील संरक्षण प्रकोष्ठ को सौंपा गया है। लेकिन अतिक्रमणकारियों से मिलीभगत होने की वजह से अधिकारी यहां कार्रवाई नहीं करते हैं। यदि उच्च अधिकारियों का दबाव आया तो खानूगांव, लालघाटी व आसपास के हाथठेला और गुमठियों पर कार्रवाई कर पल्ला झाड़ लेते हैं। जबकि बीते वर्षों में किए गए बड़े तालाब के सर्वे में नगर निगम के अधिकारियों ने भी स्वीकार किया है कि यहां एक हजार से अधिक स्थायी अतिक्रमण हैं। इन्हें नोटिस भी जारी किया जा चुका है। लेकिन कार्रवाई नहीं की गई। जिला प्रशासन द्वारा दो साल पहले किए गए सर्वे के अनुसार बड़े तालाब के आसपास 1300 से अधिक अतिक्रमण चिह्नित किया गया था। वहीं, निगम प्रशासन ने 980 लोगों को नोटिस जारी किया था। लेकिन दो साल का समय बीतने के बाद भी निगम अमले ने अब तक एक भी अवैध निर्माण को लेकर कार्रवाई नहीं की है। बैरागढ़, खानूगांव की तरफ बड़े तालाब पर सबसे ज्यादा अतिक्रमण है। यहां पर 523 लोगों को नोटिस जारी किए है। लेकिन रसूखदारों के रौब के चलते ही यह अभियान शुरू होने से पहले ही ठंडे बस्ते में चला गया। राजधानी के 14 छोटे-बड़े तालाबों में से तीन का अस्तित्व खत्म हो चुका है। दो अस्तित्व की लड़ाई लड़रहे हैं। मोतिया तालाब पर सीमेंट-कंक्रीट का जंगल खड़ा हो गया है। गुरुबक्श की तलैया व अच्छे मियां की तलैया का नामोनिशान तक नहीं बचा है। नवाब सिद्दीक हसन तालाब अतिक्रमण से घिरा है। इस तालाब के एक हेक्टेयर क्षेत्रफल में से 98 प्रतिशत पर कब्जा है। शेष दो प्रतिशत हिस्सा जलकुंभी से पटा है।

अर्चना जायसवाल को मंदसौर और नूरी खान को नीमच का बनाया प्रभारी

भोपाल ईएमएस। मध्य प्रदेश कांग्रेस ने महिला कांग्रेस की पूर्व प्रदेश अध्यक्ष अर्चना जायसवाल को मंदसौर जिले का प्रभारी बनाया है। वहीं, प्रदेश उपाध्यक्ष नूरी खान को नीमच जिले की जिम्मेदारी दी गई है। इन्हें जिलों में सहयोगी संगठनों के बीच समन्वय के साथ मध्य प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष कमल नाथ द्वारा दिए जाने वाले कार्य करने की जिम्मेदारी दी गई है।मध्य प्रदेश कांग्रेस के उपाध्यक्ष(समन्वय) चंद्रप्रभाष शेखर ने दोनों प्रदेश उपाध्यक्षों को जिला प्रभारी बनाए जाने के आदेश जारी कर दिए हैं। दोनों से कहा गया है कि वे जिला अध्यक्ष से व्यक्तिगत संपर्क व समन्वय करके काम करें।

जमीन बेचने के नाम पर वल्लभ भवन के अधिकारी से 1.20 करोड़ रुपये की ठगी

■ भोपाल, यशभारत।

राजधानी के हनुमानगंज इलाके में सात लोगों ने मिलकर वल्लभ भवन के एक अधिकारी से भोपाल-इंदौर हाइवे पर चार एकड़ जमीन बेचने के नाम पर सवा करोड़ रूपये की ठगी कर दी। बाद में जब पीड़ित को जमीन नहीं मिली तो उसने अपनी रकम वापस मांगी। इस पर आरोपितों ने उसे बुलाकर जमकर धमकाया और उससे अड़ीबाजी कर कागज पर राशि वापस मिलने हस्ताक्षर करा लिए। बाद में पीड़ित ने हनुमानगंज थाने में शिकायत की, इस पर पुलिस ने सात लोगों पर एफआइआर दर्ज की है, जिनमें चार कारोबारी और तीन दलाल शामिल हैं।

हनुमानगंज थाना पुलिस के मुताबिक डा रितेश्वर भुमरकर (40) मूलतः चंद्रशेखर वार्ड सदर बैतूल के निवासी हैं। फिलहाल वह सुरभि स्मार्ट सिटी अवधपुरी में रहते हैं। वह वल्लभ भवन में वरिष्ठ पद पर पदस्थ हैं। उन्होंने शिकायती आवेदन देते हुए बताया था कि कबाड़ कारोबारी मो. इब्राहीम, अनवर, इजराइल और रिश्तेदार इमरान दलाल आबिद, आकाश और शहाबउद्दीन उनसे मिलने आए। आरोपितों ने भोपाल-इंदौर हाइवे थाना खजूरी सड़क क्षेत्र में वर्ष 2021 में साढ़े चार एकड़ जमीन बताई। उसका मालिक इब्राहीम ने स्वयं को बताया था। जमीन को देखने के बाद रितेश्वर ने जमीन का सौदा तय किया। पांच करोड़ में जमीन का सौदा करने के बाद में कबाड़खाने में रितेश्वर ने 1.20 लाख रुपये बतौर एडवांस दिए। छह महीने बाद में आरोपितों ने बताया कि जमीन किसी और को बेच दी है। रकम को जल्द लौटा दिया जाएगा। बाद में आरोपितों न ही जमीन दी और न ही रकम को लौटाया। जब फरियादी ने रकम वापस मांगी तो उसे धमकाया और उस पर रकम वापस मिलने के कागज पर हस्ताक्षर करा लिए।

भाजपा विधायक ने जताई हत्या की आशंका अरुण यादव बोले- बहन-बेटियों की सुरक्षा का हाल समझा जा सकता है

■ भोपाल, यशभारत।

मध्य प्रदेश के सिरोंज से भाजपा विधायक उमाकांत शर्मा ने अपनी हत्या की आशंका जताने पर कांग्रेस सरकार पर हमलावर हो गई है। पूर्व कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अरुण यादव ने कहा कि भाजपा विधायक का यह हाल तो बहन-बेटियों की सुरक्षा का हाल समझा जा सकता है। पूर्व कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अरुण यादव ने उमाकांत शर्मा का एक वीडियो शेयर कर लिखा कि मप्र में जब सरकार के विधायक ही अपने आपको सुरक्षित महसूस नहीं कर रहे तो आमजन, बहन-बेटियों की सुरक्षा के क्या हाल है, यह समझा जा सकता है। यह व्यापमं के माफिया रहे स्व. लक्ष्मीकांत शर्मा के भाई व सिरोंज विधायक उमाकांत शर्मा है।

मुख्यमंत्री एवं गृहमंत्री को बस मुंह चलाना आता है। बता दें उमाकांत शर्मा ने सोमवार को सिरोंज में एक कार्यक्रम में मीडिया से बातचीत करते हुए अपनी जान को खतरा बताया था। शर्मा ने कहा कि कुछ पुराने भ्रष्ट कर्मचारी-अधिकारी, बिल्डर और राजनीतिक विरोधी मुझे बदनाम कर रहे हें। यह मुझे मारना चाहते हैं, लेकिन मेरी सुरक्षा के लिए पुलिस बिल्कुल भी सावधान नहीं है।

दस करोड़ रुपये की स्मार्ट पार्किंग में चल रही अवैध दुकानें

सड़क पर खड़े हो रहे वाहन

■ भोपाल, यशभारत।

पार्किंग व्यवस्था निश्शुल्क होने के बाद से शहर में यातायात व्यवस्था धराशायी होती जा रही है। मुख्य मार्ग और बाजारों में दो और चारपहिया वाहनों की पार्किंग की जा रही है। जबकि, स्मार्ट सिटी द्वारा दस करोड़ रुपये खर्च कर बनाई गई स्मार्ट पार्किंग निगम अधिकारियों की लापरवाही का शिकार हो रही है। यहां गन्ने की चरखी, मैकेनिक व खान-पान की समग्रियों के साथ अन्य दुकानें लगाई जा रही हैं। लेकिन इनके खिलाफ कार्रवाई करने से नगर निगम व ट्रैफिक विभाग के अधिकारी बच रहे हैं।बता दें कि एक मई 2022 से नगर निगम द्वारा मल्टीलेवल और प्रीमियम पार्किंग को छोड़कर अन्य स्थानों को शुल्क मुक्त कर दिया गया था। हालांकि 15 मई से नए

वाहन खरीदने वालों से ये शुल्क एकमुश्त वसूला जा रहा था। लेकिन आटो मोबाइल डीलरों के कोर्ट में जाने के बाद नगर निगम के द्वारा वाहनों की खरीदी करते समय एकमुश्त वसूली शुल्क पर रोक लगा दी गई। बीते छह महीने से न तो नगर निगम को राजस्व मिल रहा है और न ही इन पार्किंग स्थलों में वाहन खड़ा करने वालों को सुविधाएं। नतीजतन, लोग सड़कों पर बेतरतीब वाहन खड़ा करते हैं।

सड़क पर मनमर्जी से खड़े किए जा रहे वाहन

पार्किंग निश्शुल्क होने के बाद से दो पहिया वाहनों की चोरियां भी बढ़ गई हैं। इसका मुख्य कारण इन स्थानों पर सुरक्षाकर्मी और सीसीटीवी नहीं होना है। पार्किंग निश्शुल्क होने से लोग मनमर्जी से वाहन खड़े कर रहे हैं। एक के बाद एक गाड़ियां पार्क होने से जगह नहीं बचती है। लोगों को पार्किंग से वाहन निकालने के लिए भी काफी मशक्कत करनी पड़ती है, तो कुछ लोग सड़क पर ही वाहन पार्क करके जाते हैं।

स्मार्ट पार्किंग में बिक रहा गन्ने का रस

पार्किंग निश्शुल्क करने से इन स्थलों पर अवैध कब्जे हो गए हैं। एमपी नगर जोन टू स्थित शिवा बार के सामने स्मार्ट पार्किंग में गन्ने की चरखी लगाई जा रही है। वहीं, प्रगति पेट्रोल पंप के पास स्मार्ट पार्किंग में मैकेनिक की दुकानें खुल गई हैं। वहीं हबीबगंज के मानसरोवर स्मार्ट पार्किंग में स्थायी निवास बना लिया गया है। लेकिन नगर निगम का पार्किंग अमला न तो यहां निश्शुल्क पार्किंग के बोर्ड लगा पाया और न ही इन स्थानों को अतिक्रमण मुक्त करा पाया। पार्किंग स्थलों में बेतरतीब गाड़ियों के खड़े होने से लोगों को वाहन खड़े करने की जगह नहीं मिल रही है। हम अपना दो पहिया वाहन कहां खड़ा करें। लोग मनमर्जी से वाहन खड़ा करके चले जाते हैं।

- रंजन शर्मा, नौकरीपेशा

संकल्प-चुनाव प्रबंधन, मतदाता सूची निरीक्षण कार्यशाला सम्पन्न

बरगी, यशभारत। ज्यो ज्यो विधानसभा चुनाव नजदीक आ रहे है वैसे वैसे राजनीतिक दलों की तैयारियां व कार्यो की सरगर्मी बढ़ती जा रही है, उसी क्रम में आज रॉयल ऑर्बिट होटल में बरगी विधानसभा के बरगी, चरगांवा, भेड़ाघाट, शाहपुरा, व बेलखेड़ा ब्लॉक के सभी मंडलम, सेक्टर, बूथ प्रभारी, व बी एल ओ के प्रशिक्षण का कार्यक्रम आयोजित हुआ जिसके पहले चरण में कार्यक्रम में उपस्थित सभी पदाधिकारियों का रजिस्ट्रेशन कर उन्हें परिचय पत्र प्रदान किये गए ।द्वितीय चरण में प्रशिक्षण प्रदान करने उपस्थित हुए जबलपुर जिले के प्रभारी व सागर के पूर्व विधायक सुनील जैन, बरगी विधायक संजय यादव, प्रभाष जैन, चनाव प्रबंधन के प्रदेश श प्रभारी संजय कामले, आरिफा खान, जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष डॉ नीलेश जैन, युवक कांग्रेस के जिला अध्यक्ष पारस जैन, संगठन प्रभारी, राजकिशोर पटेल, बूथ प्रबंधन के जिलाध्यक्ष मनीष पटेल का स्वागत जिला पंचायत के सदस्य मुन्नी बाई, आशा मुकेश गोंटिया, रामकुमार सैयाम, ब्लॉक अध्यक्ष संतोष चौकसे, दयानद गिरी, नारायण चौबे, ,शहपुरा ब्लॉक अध्यक्ष व बेलखेड़ा ब्लॉक अध्यक्ष द्वारा स्वागत किया गया।उसके बाद आई टी सेल के प्रभारी द्वारा सोशल मीडिया के माध्यम से कैसे प्रचार प्रसार व संगठन को मजबूत किया जाए कि जानकारी दी गयी , तत्पश्चात भोपाल से पधारी आरिफा खान द्वारा मतदाता सूची का कैसे निरीक्षण करना है कैसे नए मतदाता का नाम जुड़वाना है कैसे मृत मतदाता का नाम कटवाना कैसे लोगो से संपर्क करना है विषय पर उपस्थित पदाधिकारियों से चर्चा की गई।उसके बाद चुनाव प्रबंधन के प्रदेश सह प्रभारी संजय कामले ने कांग्रेस सरकार मि 15 माह की उपलब्धियों को जनता तक पहुंचाने, चुनाव प्रबंधन, बी एल ओ के कार्यो की जानकारी प्रदान की ।कार्यक्रम के अंतिम चरण में जिले के प्रभारी व सागर के पूर्व विधायक सुनील जैन ने कार्यकर्ताओं के प्रश्न उत्तरों का जबाब दिया , अंत मे विधायक संजय यादव व डॉ नीलेश जैन ने सभी पाधिकारियो को उनके दायित्व व उनके निर्वहन की जानकारी प्रदान की व बड़ी संख्या में उपस्थित पदाधिकारियों के प्रति अपना आभार व्यक्त किया ।

जनसुनवाई में पीड़ितों ने सुनायी अपनी समस्याएं

नरसिंहपुर यभाप्र। कलेक्टर कार्यालय नरसिंहपुर के जनसुनवाई हाल में मंगलवार 25 अप्रैल को जिले के विभिन्न स्थानों पहुंचे लोगों ने अपनी समस्यायें बताई और आवेदन दिये। अपर कलेक्टर दीपक कुमार वैद्य ने लोगों की समस्यायें सुनी और आवेदन लिये। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को आवेदनों के समय सीमा में निराकरण के निर्देश दिये। कलेक्ट्रेट में हुई जनसुनवाई में 96 आवेदन आये।

नगर परिषद बरेला ने की सभी बहनों से योजना का लाभ लेने की अपील

बरेला, यशभारत। नगर के सभी वार्डो मे लाडली बहना योजना के फार्म ऑनलाइन भरे जा रहे हैं । प्रदेश की महिलाओं को सशक्त एवं आर्थिक स्वाबलंबी बनाने हेतु मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के द्वारा पनागर विधानसभा क्षेत्र के विधायक सुशील तिवारी के मार्गदर्शन में लाडली बहना योजना का प्रभावी रूप से क्रियान्वयन हेतु नगर परिषद बरेला के सभी 15 वार्डों में शिविर का आयोजन किया गया हैं जिसमें 23 वर्ष से 60 वर्ष की पात्र माताएं बहने पहुंचकर अपने फॉर्म ऑनलाइन भरवाए। सीएमओ प्रियंका झारियाद्वारा बताया गया कि 30 अप्रैल तक कैम्प का आयोजन निम्न स्थानों पर प्रतिदिन निःशुल्क रहेगा..(1)वार्ड क्र.1 बिरया कच्छन का दीवाला (2)वार्ड क्र.2 में राशन सोसाइटी (3)वार्ड क्र.3 में बड़े शंकर जी मंदिर (4)वार्ड क्र.4मे व्योहारी चौक स्कूल (5)वार्ड क्र.5मे चतुर्भुजी मंदिर के पास (6)वार्ड क्र.6मे दुर्गा रंग मंच (7) वार्ड क्र. 7 में गंज मोहल्ला भवानी वीडियो के पास (8) वार्ड क्र. 8 में मज्जिद के पास (9) वार्ड क्र.9 जैन मंदिर के पास (10)वार्ड क्र.10नगर परिषद कार्यालय (11) वार्ड क्र.11 बैगा मोहल्ला दुर्गा मंच में (12) वार्ड क्र. 12 में हनुमान मंदिर के पास बम बम पूरा (13)वार्ड क्र.13बाजार प्रांगण मे (14)वार्ड क्र.14 में बजरंग बाल विहार मंदिर (15)वार्ड क्र.15 सामुदायिक भवन सभी स्थानों में निरंतर आगामी आदेश तक शिविर का आयोजन किया जाएगा और परिषद अध्यक्ष प्रतीक दुबे उपाध्यक्ष सोनम सोनू सोनकर सी एम ओ प्रियंका झारिया एवं पार्षदगण प्रकाश चक्रवर्ती, दीपेश पटेल, दीपक सोनकर, दिव्या अरिहंत जैन, दिनेश सिंह पटेल, पिंकी प्रीतम पटेल, शारदा कृष्णा बर्मन, रामवती महेश चक्रवर्ती, ममता बर्मन, राजकुमार गोंटिया, श्रीकांत उपाध्याय, संजना रश्मि पटेल, भूपेंद्र यादव ने नगर वासियों से अधिक से अधिक शिविर में पहुंचने की

आद्य शंकराचार्य जी की जयंती मनाई गई

गोटेगांव, यशभारत। भारतवर्ष के सनातन धर्म के धर्म उद्धारक भगवान आद्य जगतगुरु शंकराचार्य महाराज की -2530- वी जन्म जयंती पर आज ब्रह्मलीन जगतगुरु शंकराचार्य द्वी पीठाधीश्वर महाराज जी की तपस्थली परमहंसी गंगा आश्रम एवं वर्तमान शंकराचार्य जगतगुरु शंकराचार्य स्वामी श्री सदानंद सरस्वती जी महाराज की कर्मभूमी में भागवान आद्य शंकराचार्य जी महाराज की जन्म जयंती बड़े ही हर्षोल्लास के साथ आज मनाया जिसमें पंचाग्नि पीठ के आचार्य महामंडलेश्वर रामकृष्ण आनंद जी महाराज के द्वारा आद्य जगतगुरु जी महाराज का अभिषेक पूजन किया गया था ज्योतिष पंडित जी और राजेंद्र शास्त्री जी ब्रह्मचारी ब्रह्मविद्यानंद जी ब्रह्मचारी ध्यानानंद जी ब्रह्मचारी विमलानंद ब्रह्मचारी निर्विकल्पस्वारूप थी ब्रह्मचारी रामानंद जी तथा सभी भक्तों द्वारा धूमधाम से मनाया गया।

सुरेंद्र सिंह होंगे थाना प्रभारी

पाटन, यशभारत। पाटन थाना प्रभारी रहे आसिफ इकबाल की पदोन्नति के बाद लंबे समय से खाली पड़े पद पर देर रात पुलिस लाइन से सुरेंद्र सिंह को पाटन थाने का प्रभार सौंपा गया है देर रात थाना पहुंचकर पुलिस अधिकारी द्वारा पदभार ग्रहण किया गया।

कृष्णा बाई पटेल का निधन

पनागर, यशभारत। ग्राम पंचायत मोहनिया कुसनेर निवासी श्रीमती कृष्णा पटेल का लगभग 80 वर्ष की उम्र में दुखद निधन हो गया आप स्वर्गीय कामता प्रसाद पटेल की पत्नी एवं श्री हल्के बाबा पटेल की भाभी जी थी अंतिम यात्रा में सभी वर्गों के लोगों ने भाग लेकर मृत आत्मा के प्रति श्रद्धांजलि अर्पित की।

आज महापौर एवं जिला ग्रामीण कांग्रेस कमेटी का पनागर में स्वागत एवं मंडलम सेक्टर बुथ अध्यक्ष कार्यशाला

पनागर, यशभारत। कांग्रेस कमेटी पनागर बरेला महाराजपुर बेलखालू के तत्वाधान में जिला ग्रामीण कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष डॉ नीलेश जैन एवं जबलपुर महापौर श्री जगत बहादुर अनु जी का प्रथम नगर आगमन पर स्वागत कार्यक्रम सुबह 10 बजे पनागर में आयोजित है तत्पश्चात द्वितीय चरण में मंडलम सेक्टर एवं बुथ अध्यक्ष की कार्यशाला का आयोजन मंगल भवन पनागर में आयोजित है ब्लॉक अध्यक्ष विमल जैन ने समस्त लोगों से उपस्थिति की अपील की है।

चाइनीस चाकू के साथ एक आरोपी गिरफ्तार

पाटन, यशभारत। पाटन थाना अंतर्गत ग्राम सहसन में शनि मंदिर के पास से स्प्रिंग बाला बटनदार चाकू के साथ एक आरोपी को पुलिस ने आज गिरफ्तार किया नुनसर चौकी प्रभारी दुर्गेश मरावी ने जानकारी देते हुए बताया कि मुखबिर से सूचना मिली कि ग्राम सहसन में शनि मंदिर के पास एक व्यक्ति बटन दार चाकू लिए खड़ा है और लोगों को डराने प्रयास कर रहा है उक्त स्थान पर दबिश देकर मौके से विनोद चौधरी पिता पुरुषोत्तम चौधरी उम्र 21 वर्ष निवासी ग्राम सहसन को पकड़ा गया जिसके पास थे स्प्रिंग वाला बटन दार चाकू बरामद किया गया पुलिस द्वारा आरोपी को गिरफ्तार कर अपराध पंजीबद्ध करते हुए मामले को विवेचना में लिया गया है।

पोड़ी ग्राम में कलश यात्रा के साथ श्री शिवशक्ति रूद्र महायज्ञ शुरू

बेलखाडू , यशभारत। कटंगी मार्ग स्थित बेलखाडू के समीपी ग्राम पोड़ी भीटा में श्री शिवशक्ति रूद् महायज्ञ एवं श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा है जिसका शुभारंभ कल भव्य कलश यात्रा के साथ किया गया जिसमें कन्याओं एवं महिलाओं ने अपने सिर पर कलश रखकर एवं श्रद्धालु भक्तजनों ने अपने हाथों में ध्वजा लेकर जय श्री राम के जयकारे लगाते हुए ढोल धमाल के साथ यज्ञ स्थल खेरमाई मंदिर पोड़ी से भव्य कलश यात्रा प्रारंभ कर समूचे पौड़ी ग्राम का भ्रमण किया एवं ग्राम के मठ मंदिरों में पूजन अर्चन किया तत्पश्चात कलश यात्रा पुनः खेरमाई मंदिर यज्ञ स्थल पहुंची जहां वैदिक विद्वानों द्वारा वैदिक विधान से वैदिक मंत्रों द्वारा गौर गणेश जगदंबा पूजन यज्ञ मंडप प्रवेश पूजन किया गया यज्ञ आयोजन समिति ने बताया की श्री शिव शक्ति रूद्र महायज्ञ का आयोजन 25 अप्रैल से शुरू हुआ है जिसका आयोजन 1 मई तक चलेगा आयोजकों ने सभी श्रद्धालु भक्तजनों को यज्ञ में पहुंच कर पुण्य लाभ अर्जित करने की अपील की है कलश यात्रा में भ्रुगू दत्त जी महाराज श्री संत पुजारी जी सचिन देव जी महाराज श्री सुरेश दुबे जी एवं अरुण असाटी अशोक असाटी बालकृष्ण पटेल भूरा यादव बंटी यादव शिव केदार पटेल सरपंच काकाखेड़ा शुभम पटेल सरपंच योगेश पटेल सचिव पवन साहू आदि भारी संख्या में श्रद्धालु भक्त गण शामिल रहे

भीषण गर्मी के चलते झमाझम हुई बारिश आधा घंटा जमकर बरसे बादल

बेलखाडू, यशभारत। भीषण गर्मी के बीच मौसम ने करवट बदली ।बेलखाडू एवं आसपास के ग्रामों में मंगलवार को दिन में तेज धूप खिली हुई थी और शाम होते ही बादल छाए शाम 6-30 बजे से तेज हवा व बादलों की गड़गड़ाहट के साथ बारिश शुरू हुई। जो आधा घंटा तक झमाझम बरसती रही अचानक आए मौसम में बदलाव के कारण गर्मी से लोगों ने राहत की सांस ली, लेकिन अचानक हुई बारिश ने किसानों की चिंता भी बढ़ा दी।

कई किसानों की उपज बेचने के इंतजार में खुले आसमान में ही रखी है। उसे तत्काल तिरपाल से ढंकना पड़ा। वही समर्थन मूल्य पर की जा रही गेहूं खरीदी केंद्रों में वेयर हाउसों के बाहर रखी गेहूं की उपज भीग गई ।आंधी के चलते ही क्षेत्र की बिजली गुल हो गई। शाम को बिजली गुल होने के कारण लोगों को कई समस्याओं का सामना करते हुए करीब 4 घंटा अंधेरे में ही रहना पड़ा। आधे घंटे तक झमाझम बारिस के चलते सड़कें तर बतर हो हो गई वही बघोड़ा ग्राम मैं पुल निर्माण का कार्य हो रहा है जिसके चलते रोड पर जमा मिट्टी में पानी गिर जाने के कारण कीचड़ हो गया था जिससे वाहन चालकों को बड़ी मुश्किल से निकलना पड़ा दिन भर खुले मौसम के बाद देर शाम हुई बारिश की वजह से आम लोगों को खासी परेशानी उठानी पड़ी बारिश इतनी जोरदार थी कि जो जहां था वहीं थम कर रह गया।

विधानसभा चुनाव भाजपा में गहमागहमी टिकट साधना या नया उदय या फ़िर से गौतम चर्चा जोरों पर

गाडरवारा(यशभारत) विधानसभा सभा चुनाव का आगाज़ होने में चंद महीने शेष है उसके पहले ही दावदारों के नामो की चर्चाएं क्षेत्र में चरम पर है इस बार भाजपा से तीन नामों पर चर्चाओं का बाज़ार गर्म है राव उदयप्रताप सिंह कौरव नए चेहरे के रूप में उभरकर भाजपा में शामिल हुए है इसके पूर्व में राव उदयप्रताप बजरंग दल के क्षेत्र संयोजक मध्यप्रदेश छत्तीसगढ़ प्रमुख के रूप में कार्य कर चुके इनकी पारिवारिक छवि क्षेत्र में लम्बे अरसे से चर्चित रही है समाज एवं क्षेत्रीय राजनीति में इनके परिवार की महत्वपूर्ण भूमिका है अनोखे धार्मिक आयोजन के लिए क्षेत्र में प्रसिद्ध है। साधना स्थापक कांग्रेस से विधायक रह चुकी है क्षेत्र के चप्पे चप्पे से वाकिफ है बिना किसी शर्त के पूर्व में हुए लोकसभा चुनावों के दौरान उन्होंने भाजपा का दामन थामा था तब से लगातार भाजपा में सक्रियता से कार्य कर रही है व क्षेत्रीय जनसमस्याओं के निराकरण के लिए सदा प्रयासरत रहती है वर्तमान मे मध्यप्रदेश गृह मंत्रालय से नजदीकी सम्बन्ध रखने वाले परिवार के रूप में जानी जाती है गौतम सिंह पटैल जिला पंचायत के सदस्य रह चुके है पिता गोविंद सिंह पटैल भाजपा से क्षेत्रीय विधायक व भाजपा जिलाध्यक्ष के रूप में कार्य कर चुके है क्षेत्रीय चुनावो में भाजपा के लिए दम खम से कार्य किया पूर्व में भी विधानसभा का चुनाव भाजपा की टिकट पर चुनाव लड़ चुके है क्षेत्र में सक्रिय भूमिका अदा कर लगातार क्षेत्रीय समस्याओं के लिए कार्य कर रहे है भाजपा किसको इस बार मैदान में उतारेगी और भाजपा से कौन उम्मीदवार बनेगा , मतदाताओं में चर्चा का विषय बना हुआ है ।

सक्रिय होते ही मंडी में बड़ी आवक, बाजार में भी दिखी चहल पहल

नरसिंहपुर/तेंदूखेड़ा यशभारत। कृषि उपज मंडी के अधिकारियों और कच्चे व्यापारियों की चल रही सांठगांठ के चलते तेंदूखेड़ा क्षेत्र के कृषकों और अन्य व्यापारिक वर्गो में बढ़ते रोष और मंडी की व्याप्त विसंगतियों को ध्यान में रखकर समाचार पत्रों के माध्यम से चली समाचार श्रृंखला के बीच मंडी में विभिन्न जिंसों की आवग बढ़ी है और मंडी प्रबंधन को भी मंडी खोलने मजबूर होना पड़ा है। परिणाम स्वरूप पिछले दो दिनों में मंडी में सैकड़ों बोरे अनाज आना प्रारंभ हुआ है। सोमवार को जहां सात सौ बोरा की आवक रही वहीं कृषकों को अच्छे भाव भी मिलें ।अन्य व्यापारिक प्रतिष्ठानों पर भी ग्राहकी की भीड़भाड़ देखी गई ।यही स्थिति मंगलवार को भी बढ़कर देखने को मिली। लेकिन मंडी प्रबंधन के द्वारा बीकोर क्षेत्र से खुलेआम तुलकर जा रही उपज पर पाबंदी नहीं लगाई जा रही है ।कररा घाट पर यदि जांच बैठा दी जाये और इन व्यापारियों को गोपनीय पूर्व सूचना ना मिले तो भी आवक और ज्यादा बढ़ सकती है ।जब निकासी ही बंद हो जायेगी तो मजबूरी वश कच्चे व्यापारी हताश होकर घर बैठ जायेंगे और किसान मंडी में पहुंचने लगेगा। निरीक्षक मुख्यालय पर रहने के साथ सूचना पाकर यदि तत्काल प्रभाव से दंडात्मक कार्यवाही करने लगेंगे तो भी बहुत प्रभाव पड़ेगा। मंडी में कृषि जिंसों की आवक का क्रम बना रहे और कृषकों का शोषण करने वाले कच्चे व्यापारियों पर प्रतिबंध लगे मंडी में निरीक्षकों की चल रही मोनोपाली और मनमानी पर अंकुश लगे विसंगतियां दूर हो यही तेंदूखेड़ा के लोग चाह रहे हैं।

पाली खैरी में हुआ मंगल भवन का भूमि पूजन

स्कूल में हुए नवाचार की विधायक ने की प्रशंसा

गाडरवारा(यशभारत) साईखेड़ा ब्लॉक के पालीखेरी मे 5 लाख की विधायक निधि से निर्माण होने वाले सामुदायिक भवन एवं 50 हजार के चबुतरा का भूमि पूजन कार्यक्रम विधायक श्रीमती सुनीता पटेल के मुख्य आतिथ्य में किया गया । विधायक श्रीमती सुनीता पटेल ने संबोधित करते हुए कहा की पाली खैरी के निवासियों ने जो मांग रखी थी उन्हें पूरा किया जा रहा है, इस गांव में और भी विकास कार्य कराए जाएंगे । गांव में श्मशान घाट की जगह के लिए पंचायत से प्रस्ताव बनाकर प्रशासन को भेजा जाए , जगह आवंटित होते ही श्मशान घाट के निर्माण कराया जाएगा, विधायक ने गांव की महिलाओं को भजन मंडली के लिए ढोलक वाद्य यंत्र संगीत सामग्री वितरित की । समाजसेवी सुरेंद्र पटेल मझले भैया ने कहा कि वियायक निधि से गाव गाव म विकास कार्य कराय जा रहे है । ग्रामवासी निर्माण कार्य की गुणवत्ता पर ध्यान दे इस गांव में पूर्व में जल समस्या थी विधायक निधि से नलकूप का खनन कराकर उस समस्या का निदान किया गया। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी साईखेड़ा अध्यक्ष दिग्विजय सिंह पटेल, जनपद सदस्य दिनेश ढिमोले आदि ने भी संबोधित करते हुए कहा कि विधायक निधि से क्षेत्र में विकास कार्य कराए जा रहे हैं । कार्यक्रम का संचालन सरपंच अजय द्विवेदी ने किया । विधायक श्रीमती सुनीता पटेल ने पाली खैरी की शासकीय प्राथमिक शाला का भ्रमण करते हुए स्कूल में हुए नवाचारों की तारीफ कर ग्रामीण क्षेत्र में विकसित शाला होने पर खुशी जाहिर करते हुए प्रधान पाठक सिराज अहमद सिद्दीकी, शिक्षक बृजेश श्रीवास के कार्यो की प्रशंसा की । विधायक ने पाली खैरी स्कूल की छात्रा कीर्ति धानक जिसका राज्य स्तरीय ओलंपियाड मे चयन हुआ है उसके साथ सेल्फी प्वाइंट पर फोटो उतरवाकर उसका उत्साह बढ़ाया एवं स्कूल के सभी बच्चों से भेंट करते हुए लगन के साथ पढ़ाई करने की बात की । इस मौके पर जनपद सदस्य प्रतिनिधि दुर्गा प्रसाद परिहार, राजू कौरव झाझनखेड़ा, रमाकांत शुक्ला, ज्वारा सरपंच नीलेश शर्मा, आदि उपस्थित थे । सरपंच अजय द्विवेदी एवं सचिव प्रमोद बोहरे सहित ग्राम वासियों एवं स्कूल प्रबंधन द्वारा अतिथियों का पुष्प मालाओं से स्वागत किया गया। कार्यक्रम के अंत में साईखेड़ा ब्लॉक कांग्रेस सेवादल अध्यक्ष नीलेश ढिमोले ने आभार प्रदर्शन किया ।

मार्केटिंग सोसायटी के समक्ष हंगामे के बाद खोली गई राशन दुकान

गरीबों के साथ अन्याय बर्दाश्त नहीं किया जाएगा : नपा अध्यक्ष

गाडरवारा(यशभारत) नगर में मार्केटिंग सोसायटी द्वारा संचालित सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत राशन वितरण दुकानों पर घोर लापरवाही की जा रही है द्य गरीब अपने हक का अनाज लेने के लिए सुबह से लाइन में लग जाता है इसके बावजूद उसे राशन नसीब नहीं हो पाता

मंगलवार को मार्केटिंग सोसायटी की राशन दुकान बंद थी और कोई भी जिम्मेदार अधिकारी कर्मचारी वहा मौजूद नहीं था द्य सैकड़ों गरीब आस लगाए हुए राशन दुकान खुलने का इंतजार कर रहे थे द्य जैसे ही नगर पालिका अध्यक्ष पंडित शिवाकांत मिश्रा को जानकारी मिली की राशन दुकान से गरीबों को अनाज नहीं मिल पा रहा है वह तत्काल अपनी पार्षदों की टीम के साथ मार्केटिंग सोसायटी पहुंचे और गरीब हितग्राहियों के साथ जमीन पर बैठकर संबंधित विभाग के उच्च अधिकारियों से बात की और कहा कि गरीबों के साथ अन्याय नहीं होने दिया जाएगा द्य गरीबों को समय पर राशन मिलना चाहिए, नपा अध्यक्ष के प्रयास से दूसरे दुकानों के सेल्समैन से राशन दुकान खुलवाकर गरीबों को राशन वितरण कराया द्य

सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत गरीबों को मिलने वाला अनाज सोसायटीओं की घोर लापरवाही एवं अधिकारी कर्मचारियों की मिलीभगत से गरीबों को नसीब नहीं हो पा रहा है अनाज लेने के लिए गरीब व्यक्ति सुबह से लेकर शाम तक राशन दुकान के सामने खड़े रहकर घर लौट आता है मार्केटिंग सोसायटी के अधिकारी एवं कर्मचारियों की तानाशाही के कारण गरीबों को निशुल्क राशन मिलने वाली योजना पर पानी फेरा जा रहा है । उचित तरीके से सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत राशन वितरण करने वाली दुकानों का संचालन करने वाले कर्मचारियों जांच की जाए तो बड़े स्तर पर भ्रष्टाचार उजागर होने की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता द्य एक राशन दुकान पर 2 से 3 वार्ड के हितग्राहियों को राशन मिलता है जबकि नगर के सभी वार्डों में राशन की दुकान अलग-अलग संचारित होनी चाहिए ।राशन दुकान के सेल्समैन पर्ची काटकर गरीबों को भटकाते रहते हैं । वास्तविकता यह है कि 12 महीने में इन गरीबों को बमुश्किल 6 से 7 महीने का राशन नसीब हो पाता है । शेष माह का राशन आखिर कहा जाता है यह जांच का विषय है ?गरीबों का निवाला छीनने वाले कर्मचारियों की कारगुजारी देखना है तो शाम ढलते ही रात्रि के समय देखी जा सकती है राशन दुकान से किस तरीके से महंगे दामों में अनाज का विक्रय किया जाता है । सार्वजनिक राशन दुकान भ्रष्टाचार का प्रमुख केंद्र बन चुकी है इनकी उच्चस्तरीय जांच होनी चाहिए । नगर पालिका अध्यक्ष पंडित शिवाकांत मिश्रा के साथ भाजपा मंडल अध्यक्ष पीयूष जैन, उपाध्यक्ष प्रतिनिधि रीतेश राय, पार्षद शुभम सुनील राजपूत, चंचल कोरी, प्रवेश राय, सतीश कौरव, आकाश सेन, श्याम महाराज, उत्सव गुप्ता, अमृतांशु कोरी, रोहित गुर्जर सहित अनेकों लोगों ने उपस्थित रहकर गरीबों के हक की बात की और कहा कि गरीबों को उनका हक दिलाने के लिए नगर की सभी सोसायटी द्वारा संचालित सभी राशन दुकानों का निरीक्षण किया जाएगा । मार्केटिंग सोसायटी के सामने हुए हंगामे के बाद भी मार्केटिंग के जिम्मेदार अधिकारी मौके पर नहीं आए । कनिष्ठ खाद्य अधिकारी रंजना सिंह पूजा तिवारी पटवारी योगेश पटेल ने मौके पर पहुंचकर पंचनामा तैयार किया ।

चार दुपहिया वाहन, सोने-चांदी के आभूषण व नगदी जब्त

नरसिंहपुर यशभारत। जिले में कोतवाली पुलिस ने चोरी के छह प्रकरणों का खुलासा करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार कर चोरी किये गये सोने चाँदी के आभूषण, नकदी एवं 4 दो पहिया वाहन बरामद किये है।

कोतवाली पुलिस को दिनांक 23 अप्रैल 2023 को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुयी कि सदर मढ़िया के पास एक संदिग्ध व्यक्ति घूम रहा है जो कि अपने पास में एक बैग में लैपटाप रखे हुये जो बेचने की फिराक में है। उक्त सूचना पर तत्काल कार्यवाही करते हुये थाना कोतवली पुलिस टीम द्वारा मुखबिर के बताये स्थान दबिश दी गयी। पुलिस टीम को देखकर एक व्यक्ति अपने हाथ में बैग लेकर भागने लगा जिसे पकड़कर पूछताछ की गई जिसमें अपना नाम अर्जुन उर्फ गजनी पिता गोपाल नौरिया उम्र 23 साल निवासी सदर शास्त्री वार्ड, थाना कोतवाली, जिला नरसिंहपुर का होना बताया। आरोपी द्वारा चोरी की अनेक घटनाओं 13-14 अप्रैल 2023 की दरम्यानी रात्रि में अस्पताल कॉलोनी में श्री वासनिक के मकान से एक लैपटाप, एक आईपेड, एक पैडेंट, एक हाथघडी व नकदी 45000 रूपये चोरी करना, विगत वर्ष अक्टूबर माह में अष्टांग चिकित्सालय के पास श्री गुप्ता के मकान से एक सोने का हार, 2 जोड़ी पायल, एक चूडा, कुछ चाँदी के सिक्के और कुछ नकदी रूपये चोरी करना, 18 अप्रैल 2023 को तिंदनी रोड से एक स्पेलेण्डर मोटर सायकल चोरी करना, 20 अप्रैल 2023 को शुभश्री गार्डन के सामने एक डीलक्स मोटर साइकिल चोरी करना तथा उसी दिन शाम को टट्टा पुल के पास नरसिंहपुर से एक चाबी लगी हुयी एक्टिवा चोरी करना स्वीकार किया गया। आरोपी द्वारा अपने साथी के साथ मिलकर 4 मोटर साइकल भी चोरी की गयी थी। आरोपी द्वारा 21 अप्रैल 2023 को एक सीडी डान गाड़ी जनपद मैदान के पास से डायरेक्ट करके चोरी करना बताया तथा उक्त मोटर साइकल में से 3 मोटर साइकल अपने घर के पीछे आंगन में प्लास्टिक की तिरपाल से ढाँककर रखी होना बताया तथा एक मोटर साइकिल ग्राम चांदनखेड़ा के संदीप नौरिया को बेचने के लिये देना बताया जो उक्त आरोपी अर्जुन उर्फ गजनी की निशादेही पर 3 मोटर साइकल उसके घर के पीछे आंगन से तथा एक मोटर साइकल संदीप नौरिया निवासी चांदनखेडा के कब्जे से एक मोटर साइकल जब्त की गयी एवं उसे गिरफ्त में लिया गया।

WTC FINAL के लिए भारतीय टीम घोषित अजिंक्य रहाणे की वापसी, सूर्यकुमार यादव बाहर

नई दिल्ली,एजेंसी। बीसीसीआई ने वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल के लिए 15 सदस्यीय भारतीय टीम घोषित कर दी है. आईपीएल 2023 में बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले अजिंक्य रहाणे टीम में जगह बनाने में सफल रहे हैं. वहीं सूर्यकुमार यादव को बाहर का रास्ता दिखा दिया गया है. फाइनल मुकाबला 7 जून से भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच खेला जाना है. बतौर विकेटकीपर केएस भरत को टीम में जगह मिली है. तेज गेंदबाज के ऑलराउंडर के तौर पर शार्दुल ठाकुर चुने गए हैं. पिछले दिनों ऑस्ट्रेलियाई सीरीज में सूर्या का प्रदर्शन कुछ खास नहीं रहा था. अजिंक्य रहाणे की बात करें तो वो टीम इंडिया से बाहर चल रहे थे. लेकिन आईपीएल 2023 में चेन्नई सुपर किंग्स की ओर से उन्होंने अब तक ताबड़तोड़ प्रदर्शन किया है. अजिंक्य रहाणे की बात करें तो उन्होंने अब तक आईपीएल के 16वें सीजप में कुल 105 गेंद का सामना किया है और 29 बाउंड्री लगाई है. इसमें 18 चौके और 11 छक्के शामिल हैं. उन्हें 15 महीने बाद भारतीय टेस्ट टीम में जगह मिली है. वे 82 टेस्ट की 140 पारियों में 39 की औसत से 4931 रन बना चुके हैं. 12 शतक और 25 अर्धशतक लगाया है।

4 तेज गेंदबाज टीम में

फाइनल के लिए चुनी गई टीम में शार्दुल ठाकुर के अलावा बतौर तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी, मोहम्मद सिराज, उमेश यादव और जयदेव उनादकट को टीम में जगह मिली है. स्पिन ऑलराउंडर के तौर पर अक्षर पटेल, रवींद्र जडेजा और अश्विन टीम में जगह बनाने में कामयाब हुए हैं. पिछली सीरीज में बतौर विकेटकीपर ईशान किशन भी टीम में थे. लेकिन इस बार सिर्फ केएस भरत को शामिल किया गया है. ऐसे में केएल राहुल भी विकेटकीपिंग के विकल्प हो सकते हैं।

फाइनल के लिए टीम इस प्रकार है

रोहित शर्मा (कप्तान), शुभमन गिल, चेतेश्वर पुजारा, विराट कोहली, अजिंक्य रहाणे, केएल राहुल, केस भरत (विकेटकीपर), आर अश्विन, रवींद्र जडेजा, अक्षर पटेल, शार्दुल ठाकुर, मोहम्मद शमी, मोहम्मद सिराज, उमेश यादव, जयदेव उनादकट।

आईपीएल में खूंखार बैटर को चुप करा देता यह बॉलर, एक-दो नहीं 14 बार किया था बड़ा कारनामा, दूसरे नंबर पर हैं भुवी

नई दिल्ली, ईएमएस। पंजाब किंग्स के तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह ने मुंबई इंडियंस के खिलाफ मैच के आखिरी ओवर में जब अपनी कहर बरपाती गेंदों से दो बार विकेट तोड़ डाले तो सबसे ज्यादा चर्चा स्टंप्स की कीमत को लेकर हुई. लाखों के स्टंप्स को लेकर लोग जहां-तहां बात करते नजर आए. हालांकि, हम जिक्र कर रहे हैं गेंदबाजों के ऐसे कारनामे की जो आईपीएल में कम ही देखने को मिलता है. जी, मेडन ओवर का. ना भरोसा हो तो बीते रविवार को हुए दोनों मुकाबलों को ही देख लें. एक भी मेडन ओवर इन 80 ओवर में नहीं डाला जा सका, लेकिन एक गेंदबाज ऐसा है जिसने यह कारनामा अपने आईपीएल करियर में एक-दो बार नहीं बल्कि 14 बार किया. बेहतरीन स्विंग गेंदबाज प्रवीन कुमार जो अब आईपीएल का हिस्सा नहीं हैं, उन्होंने बल्लेबाजों के धूमधड़ाके वाली लीग में 14 बार मेडन ओवर डाले.

दूसरे नंबर पर हैं सनराइजर्स हैदराबाद के तेज गेंदबाज भुवनेश्वर कुमार. प्रवीन की तरह उत्तर प्रदेश से ताल्लुक रखने वाले भुवी ने आईपीएल में 12 मेडन ओवर डाले हैं. उन्हें प्रवीन को पछाड़ने के लिए 3 मेडन ओवर और फेंकने होंगे. जिस लीग में बल्लेबाज बैट भांजकर केवल रन बनाने की ख्वाहिश रखता हो वहां यह काम आसान नहीं है.

बोल्ट भी दे सकते हैं झटका

आईपीएल के मौजूदा सीजन में सबसे ज्यादा यानी, तीन मेडन ओवर डालने वाले डालने वाले राजस्थान रॉयल्स के तेज गेंदबाज ट्रेंट बोल्ट इस लिस्ट में तीसरे नंबर पर हैं. बोल्ट ने लीग में अपने 84 मैचों के करियर में अब तक 11 मेडन ओवर डाले हैं. हाल ही में विराट कोहली को पहली ही गेंद पर चलता करके विकटों का सैकड़ा पूरा करने वाले बोल्ट शानदार फॉर्म में हैं. राजस्थान को उनसे इस तरह के और स्पेल्स की ख्वाहिश होगी. अगर बोल्ट ऐसा कर सके तो उनके पास भी प्रवीन कुमार का रिकॉर्ड तोड़ने का मौका होगा।

राज्य स्तरीय प्रीमियर लीग क्रिकेट अगले महीने

जबलपुर, यशभारत। जिला अधिवक्ता संघ जबलपुर के तत्वावधान में रानीताल मैदान पर आयोजित 13 वी एडवोकेट प्रीमियर लीग टी -20 क्रिकेट टूर्नामेंट में एडवोकेट टीम ब्लू ने टीम गोल्ड को एक रोमांचक मुकाबले में दो विकेट से हराकर विजेता होने का गौरव हासिल किया एडवोकेट टीम ब्लू को शानदार जीत के लिए बधाई देते हुए मध्य प्रदेश राज्य अधिवक्ता परिषद के वाइस चेयरमैन आर के सिंह सैनी द्वारा परिषद के सभागार में टीम के सभी खिलाड़ियों का स्वागत समारोह आयोजित करसभी टीम के खिलाड़ियो कप्तान जे विकास नाथन उपकप्तान मोहम्मद सईद सिद्दीकी वरिष्ठ खिलाड़ी सत्य प्रकाश रजक मनोज तिवारी टूर्नामेंट के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी शरनजीत सिंह, फरान अहमद सिद्दीकी ,मोहम्मद आमिर ,फाल्गुन यादव ,प्रभात सिंह नितिन पटेल ,विकास कोष्टा शुभाषु खरे, तरुण झारिया ,सुरेश सिगरौल, सजल जैन, राहुल श्रीपाल सहित सभी को पुष्पमाला से स्वागत किया गया और आने वाले दिसम्बर माह राज्य स्तरीय क्रिकेट टूर्नामेंट जबलपुर में आयोजित कराने का आश्वासन दिया गया जिसकी तैयारी शुरू कर दिया गया है और अनुमान है कि राज्य की लगभग 24 से 26 जिले इस टूर्नामेंट में हिस्सा लेगी ।

IPL में स्पिनर की हुई जबरदस्त रैगिंग, रातभर कमरे में रहा था बंद, अब घूमती गेंदों से मचा दिया कोहराम

नई दिल्ली,ईएमएस। मुंबई इंडियंस के साथ इस खिलाड़ी ने आईपीएल करियर की शुरुआत की. तब मुंबई की टीम में एक से एक नामचीन खिलाड़ी थे. टीम के सबसे जूनियर खिलाड़ियों में यह स्पिनर शुमार किया जाता था और इसका सारा वक्त बेंच पर बड़े खिलाड़ियों को देखने में ही बीत रहा था. मुंबई की टीम में स्टार प्लेयर्स के दबदबे का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि दो सीजन तो इस युवा खिलाड़ी को एक भी मैच खेलने को नहीं मिला था.2013 में आईपीएल डेब्यू के पहले तक तो युजवेंद्र चहल की काबलियत से उनके फैंस बिल्कुल ही नावकिफ थे. रैगिंग की यह घटना साल 2011 की है, जब उनका पहली बार मुंबई इंडियंस के साथ कॉन्ट्रैक्ट हुआ. अपनी खुशमिजाजी के लिए चर्चित युजवेंद्र चहल की रैगिंग लेने के लिए टीम के ही दो खिलाड़ी मौका तलाश रहे थे. एक रोज टीम के सीनियर

खिलाड़ी जेम्स फ्रेंकलिन और एंड्रयू साइमंड्स को मौका मिला तो उन्होंने चहल के हाथ-पैर बांधे, मुंह पर टेप चिपकाया और एक कमरे के कोने में डालकर कमरा बाहर से बंद कर दिया. दोनों इस कदर मदहोशी में थे कि उन्हें याद भी नहीं रहा कि वे युजवेंद्र को होटल के कमरे में बंद करके आए हैं. चहल रातभर कमरे में बंद रहे और अगले दिन जब सफाई के लिए जब कमरा खोला गया तब ही उन्हें आजादी मिल सकी. हालांकि, तब युजवेंद्र ने इस बात की शिकायत किसी से की नहीं और एंड्रयू साइमंड्स और जेम्स फ्रेंकलिन पर कोई कार्रवाई भी नहीं हुई.

दो बार बने शिकार

युजवेंद्र चहल के साथ ऐसा ही वाकिया 2013 में भी हुआ था. मदहोशी में मुंबई इंडियंस के एक साथी खिलाड़ी ने चहल के मजाक से खीझकर उन्हें होटल की 15वीं मंजिल से नीचे लटका दिया था. दुबले-पतले युजवेंद्र किसी तरह उस खिलाड़ी की गर्दन पकड़कर लटके रहे और मदद के लिए आवाज देते रहे. बाद में जब टीम के और खिलाड़ी आए तब जाकर उन्हें बचाया जा सका.

राजस्थान के लीडिंग विकेट टेकर

आईपीएल 2023 में युजवेंद्र चहल अब तक 7 मैचों में 12 विकेट चटका चुके हैं. वह राजस्थान रॉयल्स के लीडिंग विकेट टेकर गेंदबाज हैं. चहल टूर्नामेंट में सबसे ज्यादा विकेट लेने के मामले में मोहम्मद सिराज, अर्शदीप सिंह और राशिद खान के बाद चौथे नंबर पर हैं. युजवेंद्र चहल आईपीएल में अब तक 138 मैच खेलकर 178 विकेट अपने नाम कर चुके हैं।

जूडो खेल का नोडल सेंटर उद्घाटित

जबलपुर ,यशभारत। मध्य प्रदेश शासन के शिक्षा विभाग द्वारा रानी दुर्गावती कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गढ़ा में संचालित जूडो खेल के नोडल सेंटर का विधिवत उद्घाटन क्षेत्रीय पार्षद राहुल साहू मुख्य अतिथि व जिला क्रीडा कल्याण निरीक्षक चंदा सोनी की अध्यक्षता में तथा विद्यालय प्राचार्य एस. एन. श्रीवास्तव,एस. के. सोनी, सर्वेश पांडे जिला जूडो एसोसिएशन के सचिव जूडो कोच आबिद हुसैन खान के विशिष्ट अतिथि में संपन्न हुआ। मंचासीन अतिथियों का स्वागत आयोजन समिति की ओर से किया गया। उक्त जानकारी देते हुए शासकीय रानी दुर्गावती कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गढ़ा की क्रीड़ा प्रभारी श्रीमती रानी बेलवंशी ने बताया कि इस नोडल जूडो सेंटर में जिले के विभिन्न शासकीय एवं अशासकीय विद्यालय की छात्राएं भी निशुल्क जूडो का प्रशिक्षण प्राप्त कर सकते हैं इस सेंटर का समय प्रातः 7.00 से 9.00 तक रहेगा। कार्यक्रम को सफल बनाने में श्रीमती मधुमिता हाजरा, मनीष कुमार दुबे,केके माहेश्वरी,संतोष शर्मा, नौशीन अंजुम,स्वीटी रजक, मनीष श्रीवास्तव आदि का सहयोग सराहनीय रहा।

रंग संसार

एक्शन से भरपूर खेसारी लाल यादव की संघर्ष 2 का ट्रेलर रिलीज, एक्टर की बेटी के डायलॉग की हो रही चर्चा

नई दिल्ली, एजेंसी। खेसारी लाल यादव इन दिनों अपनी आने वाली फिल्म संघर्ष 2 को लेकर लगातार सुर्खियों में बने हुए हैं। खेसारी के फैंस इस फिल्म के रिलीज होने का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। ऐसे में अब इस फैंस का इंतजार थोड़ा सा कम हुआ है। वर्ल्डवाइड रिकार्ड्स ने खेसारी की मोस्ट अवेटेड भोजपुरी फिल्म संघर्ष 2 का ट्रेलर रिलीज कर दिया है। ट्रेलर में खेसारी अपने एक्शन का जलवा दिखाते हुए नजर आ रहे है। वहीं, उनके देशभक्ति से भरपूर डायलॉग दर्शकों का काफी इंप्रेस कर रहे हैं।

कुछ ऐसा है फिल्म का ट्रेलर

खेसारी लाल यादव की संघर्ष 2 के ट्रेलर की बात करे तो इसमें फिल्म के छोटे से छोटे और बड़े से बड़े कैरेक्टर को दिखाया गया। वही ट्रेलर की शुरुआत ही एक दम जबर्दस्त है, जिसमें बैकग्राउंड में सारे जहां से अच्छा हिंदुस्तान हमारा देशभक्ति गाना बज रहा है। इसी गाने के बीच मे खेसारी मशीन गन लिए हुए देश के दुश्मनों पर गोलियां बरसते हुए नजर आ रहे हैं। वहीं, इसके बाद माही रिस्की है गाना गाते हुए नजर आती हैं, तो खलनायक संजय पांडे और सुशील सिंह अपने अंदाज में नजर आ रहे हैं। ट्रेलर में एंट्री होते ही, खेसारी की पत्नी मेघाश्री ने एक्सप्रेसशन और इमोशन से सभी को हैरान कर दिया। संघर्ष 2 के ट्रेलर में खेसारी लाल यादव की रियल लाइफ बेटी कृति यादव भी नजर आ रही हैं, जो कहती हैं कि 'भारत कोई जमीन का टुकड़ा नहीं जीता जागता राष्ट्र पुरुष है। इसमें खलनायक विनीत विशाल की आवाज एक ही डायलॉग है, लेकिन वो एक लाइन ही इतनी शानदार है कि ट्रेलर जान डाल रही है। ट्रेलर के बीच-बीच मे एक वीडियो गेम खेलते हुए बच्चे व बड़े दिखाई दे रहे हैं अब इसका फिल्म में क्या कनेक्शन है ये तो पूरी फिल्म देखने पर ही पता चलेगा। ओवरऑल ट्रेलर की बात करे तो इसमें निर्माता रत्नाकर कुमार ने फिल्म की एक झलक दिखा दी है कि ये फिल्म किन-किन मुद्दों पर आधारित है। ये अब तक आई भोजपुरी फिल्मों से काफी अगल नजर आ रही है। ट्रेलर वर्ल्डवाइड रिकार्ड्स भोजपुरी के ऑफिशियल यूट्यूब चैनल पर देखा जा सकता है। वही इसे दर्शकों का भरपूर प्यार मिल रहा है।

सुपरस्टार्स को नचाने वाली फराह खान ने इस डांस वीडियो से मचाया था धमाल, खूब बटोरी थी सुर्खियां

नई दिल्ली, एजेंसी। बड़े से बड़े सितारों के लिए डांस स्टेप्स कोरियोग्राफ करने वालीं फराह खान को आज भला कौन नहीं जानता। 25 वर्ष से अधिक समय से फिल्म इंडस्ट्री में एक्टिव फराह खान ने कई फिल्मों के लिए ऐसे डांस स्टेप कोरियोग्राफ किए, जो आगे चलकर आइकॉनिक हुक स्टेप बन गए। मगर क्या आप जानते हैं कि फिल्मी सितारों को अपने इशारे पर नचाने वाली फराह खान ने खुद कभी जावेद जैफरी के साथ धमाकेदार रोबोटिक डांस किया था।

फिल्म में भी डांस कर चुकी हैं फराह

फराह खान आज अपनी मेहनत के बल पर पसंदीदा कोरियोग्राफर ही नहीं, बल्कि सक्सेसफुल डायरेक्टर भी बन गई हैं। उनके साथ काम करना लगभग हर कलाकार का सपना होता है। फराह खान ने फिल्म जो जीता वही सिकंदर से बतौर कोरियोग्राफर करियर की शुरुआत की थी। लेकिन कम ही लोगों को इस बात की जानकारी होगी कि कोरियोग्राफर बनने से पहले फराह खान खुद फिल्म में डांस कर चुकी हैं।

36 साल पहले फराह खान ने किया था ऐसा डांस

1987 में शर्मिला टैगोर की मूवी रिलीज हुई थी, जिसका नाम था सात साल बाद। फिल्म के एक सीन में फराह खान ने जावेद जैफरी के साथ डांस परफॉर्मेंस दी थी, जिसके लिए उन्हें 3000 रुपये का पेमेंट किया गया था। फराह तब खुद कोरियोग्राफर जरूर बनना चाहती थीं, लेकिन इस गाने के लिए उन्होंने खुद के लिए डांस स्टेप्स कोरियोग्राफ नहीं किए थे। इस पूरे गाने को जावेद जैफरी ने ही कोरियोग्राफ किया था। जिस गाने पर इन्होंने परफॉर्मेंस दी थी, उसका नाम लवर ब्वॉय है।

गाने में दिखाया गया था याराना का सीन

फराह और जावेद पर फिल्माए गए इस गाने में उनकी परफॉर्मेंस जितनी रियल है, क्राउड सीन उतना ही फेक। दरअसल, फिल्म में जो जनता की भीड़ दिखाई गई है, वह याराना मूवी के सारा जमाना गाने से ली गई थी।

बेटी पलक तिवारी की एक्टिंग देख खुश हुई श्वेता तिवारी, बोली- मुझे उस पर प्राउड है

नई दिल्ली, जेएनएन। टीवी एक्ट्रेस श्वेता तिवारी की बेटी पलक तिवारी ने भी मां की तरह फिल्म इंडस्ट्री में अपना कदम रखा लिया है। पलक ने सलमान खान की फिल्म 'किसी का भाई किसी की जान' से डेब्यू किया है। यह फिल्म 21 अप्रैल को रिलीज हुई। वहीं अब श्वेता ने बेटी की परफॉर्मेंस की तारीफ की है। श्वेता तिवारी ने ई-टाइम्स को दिए एक इंटरव्यू में पलक तिवारी की परफॉर्मेंस की तारीफ की है। उन्होंने कहा, ÷मैं उम्मीद करती हूं कि सभी मेरी बेटी को उसके फ्यूचर के लिए शुभकामनाएं देंगे। मैंने बीते दिन उसकी फिल्म थिएटर में देखी थी और मुझे उम्मीद है कि आप भी देखेंगे। मैं उस पर हमेशा गर्व महसूस करती हूं, चाहे वह मूवी करे या कुछ और वह एक प्यारी बच्ची है। जब भी मैं उसे बात करते हुए या बिहेवियर या फिर घर पर रहने के तरीके को देखती हूं, मुझे उस पर प्राउड फील होता है। वहीं पीटीआई को दिए इंटरव्यू में कहा पलक तिवारी ने कहा, मैं न तो स्टार किड हूं और न आम इंसान। मुझे बस इतना फायदा मिला है कि लोग मुझे आसानी से पहचान लेते हैं। इसका मतलब यह नहीं है कि इसकी (मां के अभिनेत्री होने की) वजह से मुझे काफी काम मिलने लगा

हो। हालांकि मैं फिर भी खुद को खुशकिस्मत समझती हूं। यह मेरे लिए नया है...लोग मुझे इससे पहले भी पहचानते थे, लेकिन मेरी मां की वजह से। बता दें, साल 2020 में खबर सामने आई थी कि पलक तिवारी अरबाज खान की फिल्म 'रोजी- द सैफ्रॉन चैप्टर से डेब्यू करने वाली है, लेकिन उस फिल्म पर काम शुरू नहीं हो पाया। पलक ने कहा, जो होता है अछे के लिए होता है रोजी पर बात नहीं बन पाई, लेकिन उसके बाद मुझे बहुत बड़े कलाकार (सलमान) के साथ काम करने का मौका मिला।

काम न मिलने की वजह से टूटकर बिखर गई थीं सोनाली नागरानी, इंडस्ट्री को छोड़ने का बना चुकी थीं मन

नई दिल्ली, एजेंसी। आपको सोनाली नागरानी तो याद ही होंगी। जो बिग बॉस सीजन 5 में नजर आई थीं और इनका पूजा मिश्रा के साथ भयंकर झगड़ा हुआ था। उसकी क्लिप आज भी वायरल होती है। वही सोनाली नागरानी एक बार फिर चर्चा में हैं। अपनी फ्रोफेशनल लाइफ की वजह से नहीं बल्कि अपनी शादीशुदा जिंदगी की वजह से। एक्ट्रेस के लिए पिछले कुछ साल मुश्किलभरे रहे हैं। उन्होंने फोटोग्राफर और सिनेमैटोग्राफर शिराज भट्टाचार्य से शादी की थी। मगर बाद में उनका 6 साल बाद तलाक हो गया था। इसी पर उन्होंने एक इंटरव्यू दिया है और अपना हाल-ए-दर्द बयां किया है। दरअसल, सोनाली नागरानी ने फरवरी, 2013 में शादी की थी लेकिन छह साल बाद 2019 में आपसी मतभेद के कारण वह अलग हो गई। उन्होंने बताया कि फरवरी, 2019 में दोनों ने रास्ते अलग कर लिए और अब उनके तलाक की प्रक्रिया चल रही है। एक्ट्रेस ने ईटाइम्स को दिए इंटरव्यू में बताया, मैं इमोशनली बुरी तरह से टूट गई थी और मेरे पास बिल्कुल भी काम, फैमिली या खुद पर इन्वेस्ट करने की एनर्जी नहीं बची थी। सोनाली ने कहा, मुझे खुद से नफरत हो गई थी। मेरा सेल्फ कॉन्फिडेंस गिर गया था। मुझे पता ही नहीं चला कि

मैंने पुरानी सोनाली को कब अलविदा कह दिया। जिसे सिर्फ हंसना और मुस्कुराना पसंद था। लेकिन बाद में मुझे एहसास हुआ कि मैं या तो सिर्फ विक्टिम बनकर जी सकती हूं या फिर आने वाले मौकों को खुलकर जी सकती हूं। फिर मैंने खुद के घाव को भरने का सोचा और अपनी स्थिति को बदलने का सोचा। मैंने फिर कुछ नया करने के लिए खुद को तैयार किया।

सोनीली छोड़ना चाहती थीं इंडस्ट्री

सोनाली नागरानी ने इंडियन क्रिकेट लीग जैसे तमाम शोज को होस्ट किए। उन्होंने कहा, शादी करने के बाद मैंने पांच साल बिल्कुल काम नहीं किया। ऐसे में मुझे दोबारा करियर शुरु करने में बेहद दिक्कत आ रही थी। बाकियों की तरह मैंने भी सोशल मीडिया पर ज्यादा वक्त बिताना शुरू किया। लेकिन सच तो ये है कि मेरे पास काम ही नहीं था। एक मोड़ पर मैं बिखर गई थी। फिर मैंने मुंबई और शोबिज को छोड़कर गोवा जाने का विचार किया।

सोनाली को मिला तगड़ा रोल

सोनाली ने आगे कहा, लेकिन किस्मत कहीं और ही ले जाना चाहती थी। उसके कुछ और ही प्लान्स थे। जब मैं सब छोड़कर जाना चाहती थी, उसी समय एक कास्टिंग कंपनी से कॉल आया और वेब शो तांडव में एक रोल ऑफर हुआ। मुझे ये किसी चमत्कार से कम नहीं लगा। मुझे रोल के लिए ऑडिशन भी नहीं देना पड़ा। इस रोल ने मुझे इस इंडस्ट्री को छोड़ने से बचा लिया था।

70 करोड़ के स्टेट कैंसर इंस्टीट्यूट को 80 करोड़ की मशीनों का इंतजार

विभागीय अधिकारियों की अनदेखी से इंस्टॉल नहीं हो पा रहीं मशीन

जबलपुर, यशभारत। शहर को सौगात के रूप में मिले स्टेट कैंसर इंस्टीट्यूट को और जनप्रतिनिधि और प्रशासनिक अधिकारी ध्यान नहीं दे रहे हैं। तभी तो 70 करोड़ रुपयों की लागत से कैंसर इंस्टीट्यूट की बिल्डिंग बनकर तैयार हो नकी है परंतु मशीनों का अता पता नहीं है। हालांकि इसका निर्माण 2016 में शुरू हुआ था। 2019 में बन जाना था।

भोपाल में बैठे अधिकारियों की अनदेखी से कैंसर इंस्टीट्यूट 6 साल में बनकर तैयार हो पाया। अब जब बिल्डिंग बनकर तैयार हो चुकी है तो मशीनों की खरीदी में अडगेबाजी लगा दी. गई है। अभी तक कैंसर इंस्टीट्यूट में कौन-कौन सी मशीनें लगनी है? और उन्हें किस एजेंसी के मार्फत इंस्टॉल कराया जाना है? इसकी कहीं कोई सुगबुगाहट सुनने को नहीं मिल रही है जबलपुर में बैठे अधिकारी भी चुप्पी साधे हुए हैं। उन्हें भी इस इंस्टीट्यूट से कोई लेना-देना नहीं।

हैंडओवर नहीं हो पाई बिल्डिंग

70 करोड़ की लागत से बनी बिल्डिंग कैंसर विभाग के अधिष्ठाता को अभी तक नहीं सौंपी गई है। कैंसर मरीजों इलाज अभी भी पुरानी कोबाल्ट और बेरेपी मशीनों से हो रहा है इस इंस्टीट्यूट को कब तक प्रारंभ किया जाएगा? इसको मियाद भी तय नहीं की गई है।

2020 में इंस्टॉल हो जानी थीं मशीने

कैंसर अस्पताल के संचालन के लिए आधुनिक मशीनों का संचालन

बहुत जरूरी है। जबलपुर मेडिकल कॉलेज अस्पताल स्थित कैंसर अस्पताल में लगी मशीनें बरसे पुरानी हैं, जिनके माध्यम से गरीब को राहत देने की कोशिश की जा रही है। सवाल यह उठ रहा है कि जब कैंसर इंस्टीट्यूट की बिल्डिंग बनकर तैयार हो चुकी है तो फिर इसके बाद भी मशीनों की खरीदी क्यों नहीं हो रही है? कायदे से मौत रूपी कैंसर को मात देने वाली मशीनें 2020 में इंस्टॉल हो जानी थीं।

60 करोड़ रुपये का बजट स्वीकृत है

स्टेट कैंसर इंस्टीटयूट में मशीनों की खरीदी के लिए 60 करोड़ रुपये का बजट वीकृत है। करीब 6 साल से चिकित्सा शिक्षा विभाग भोपाल के बैंक खाते में यह राशि पड़ी हुई है। इसके बाद भी भोपाल में बैठे अधिकारी मशीनों की खरीदी में 5 दिलचस्पी नहीं दिखा रहे हैं और जबलपुर के जिम्मेदार अधिकारी उन पर दबाव नहीं बना पा रहे हैं, जिससे कैंसर मरीजों को इलाज की सुविधा मुहैया कराई जा सके।

कार्य की समीक्षा

ऐसी रफ्तार रही तो एक साल में भी पूरा नहीं बन सकेगा फ्लाईओवर

जबलपुर, यशभारत। दमोहनाका मदन महल फ्लाईओवर का निर्माण कितना हुआ है। अब जो निर्माण का नया टारगेट रखा गया है उस समय सीमा में यह बनकर तैयार होगा कि नहीं इसकी बीते दिनों सर्किल स्तर पर समीक्षा की गई। लोक निर्माण विभाग ने जो समीक्षा की है उसमें जीरो प्वॉइंट से चेरीताल दमोहनाका की सीमा तक एक्सटेंशन को छोड़कर इसका अब तक कुल 67 फीसदी निर्माण पूरा हो सका है। मदन महल केवल स्टे ब्रिज और एक्सटेंशन को छोड़कर निर्माण का यह प्रतिशत सामने आया है। मार्च 2024 तक इसकी डेडलाइन है यानी अगले 12 माह में 33 फीसदी बचा हुआ हिस्सा बनेगा तो 100 फीसदी काम पूरा हो सकेगा।

लोक निर्माण विभाग की सर्किल बैठक में डेडलाइन से पहले प्रोजेक्ट कम्प्लीट करने का दावा, एक्सटेंशन वाले हिस्से पर फोकस नहीं

पूरे निर्माण एरिया में अब भी कई हिस्से ऐसे हैं जहाँ बड़ा वर्क बाकी है। अधिकारियों का कहना है कि अब आगे ऐसे ही हिस्से में निर्माण पर ध्यान दिया जाना है। वैसे अधिकारियों का बैठक में दावा था कि इसी साल के अंत तक या उससे पहले स्टे ब्रिज और विस्तार वाले हिस्से को छोड़कर शेष वर्क पूरा कर दिया जाएगा इधर जानकारों का कहना है कि अधिकारियों के दावों से उलट हालात अब भी मौके पर अलग हैं। कई हिस्सों में इसका काम बिखरा हुआ नजर आ रहा है।बताया जा रहा है कि जो नई डेडलाइन है उसी समय या उसके पहले हम वर्क पूरा कर लेंगे। इसको लेकर पूरी कोशिश निगरानी के साथ की जा रही है।

अभी केवल डिजाइन पर ही वर्क

दमोहनाका से कृषि उपज मण्डी और क्षेत्रीय बस स्टैण्ड के सामने तक जो 900 मीटर के एरिया में 100 करोड़ रुपए से इसका विस्तार किया जाना है उसके निर्माण के लिए अब तक जमीनी तौर पर काम आरंभ नहीं हो सका है। लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों के अनुसार इसके डिजाइन पर अब वर्क किया जा रहा है, वहीं मदन महल केबल स्टे ब्रिज का वर्क 30 से 40 फीसदी के करीब है। विस्तार वाले हिस्से के लिए कहा जा रहा है कि जल्द अतिक्रमण अलग होने के साथ इसके पिलर पर वर्क आरंभ हो जाएगा।

एक नजर

कुल निर्माण लागत विस्तार सहित एक हजार करोड़ , केबल स्टे ब्रिज बीच में बनेगा 100 करोड़ से , शुरू से अंत तक कुल निर्माण एरिया है 7 कि.मी., अधिकारियों का दावा, इसी साल के अंत तक निर्माण, नीचे सड़क बनाकर देना है 12 किलोमीटर की, अगले 12 माह में बनकर तैयार होना है।

नेता प्रतिपक्ष ने सड़क को लेकर दिया धरना

तीन माह पहले भूमि पूजन कराके सड़क बनाना भूले

जबलपुर, यशभारत। नेता प्रतिपक्ष कमलेश अग्रवाल सहित भाजपा पार्षदों ने अहिंसा चौक से लेकर स्टेट बैंक तक सड़क निर्माण को लेकर धरना दिया। नेता प्रतिपक्ष कमलेश अग्रवाल ने कहा कि नगर निगम द्वारा तीन माह पहले इस सड़क का भूमि पूजन किया था लेकिन आज तक सड़क का काम शुरू नहीं हुआ। जब भी सड़क निर्माण शुरू करने की बात की जाती है तो सिर्फ आश्वासन दिया जाता है। अधिकारियों के बार-बार आश्वासन से परेशान होकर आज से अनिश्चित कॉलीन धरना पार्षद प्रतिभा, सोनिया ठाकुर और श्रीमति अंशुल यादव के द्वारा दिया जा रहा है। कमलेश अग्रवाल का कहना है कि सड़क निर्माण को लेकर जब तक ठोस आश्वासन नहीं मिलता है तब तक धरना जारी रहेगा।

शहर की नब्त टटोलने शहर भ्रमण पर निकले एसपी

दुकानदारों ने कहा, पुलिस का मिलता है पूरा सहयोग

जबलपुर, यशभारत। जनसामान्य में सुरक्षा की भावना बनाए रखने के लिए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक तुषारकांत विद्यार्थी ने शहर की नब्ज टटोलने नगर भ्रमण पर निकले। इस दौरान आम रहवासियों और दुकानदारों से श्री विद्यार्थी ने सीधे समस्याएं पूछी। जहां दुकानदारों ने पुलिस की तारीफ करते हुए कहा कि उन्हें पुलिस का पूरा सहयोग मिलता है। वह पूरे शहर में जल्द ही भ्रमण करेंगे और फीडबैक लेंगे। पुलिस अधीक्षक द्वारा जनसामान्य में सामान्य सुरक्षा की भावना बनाए रखन शाम से रात 8.30 बजे तक जिले में पदस्थ समस्त राजपत्रित अधिकारियों एवं थाना प्रभारियों को थाने के अंधिक से अधिक बल के साथ थाना क्षेत्र के व्यस्त एवं संवेदनशील तथा अपराध संभावित क्षेत्रों में पैदल भ्रमण करते हुये संवाद कर क्षेत्र की पुलिसिंग से संबंधित सामान्य समस्याओं की जानकारी लेते हुये निदान हेतु आदेशित किये जाने पर समस्त थाना प्रभारी शहर एवं देहात के द्वारा थाना क्षेत्र के व्यस्त एवं संवेदनशील तथा अपराध संभावित क्षेत्रों में पैदल भ्रमण किया।

स्मिता गृह उद्योग
आप हमारे नये परिसर से सालभर रखने योग्य सभी प्रकार के मसाले (हल्दी, मिर्च, धनिया) आदि
नये पार्सल में पांच नये मसाले, अचार मसाला
पता: विजय नगर अहिंसा चौक, चौपाटी के सामने जबलपुर
(मो) 9425323934, 0761-2643638
रानीताल गढ़ाफाटक रोड शिवानी कॉम्पलेक्स जबलपुर (मो) 9425153638, 0761-2312695

त्रिभुवनदास मालपाणी उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मिलौनीगंज, जबलपुर
Nursery to Class XII (English & Hindi Medium)
विद्यालय की विशेषताएं
● छात्र/छात्राओं के अध्ययन के लिए प्रोजेक्टर प्रत्येक कक्षा में, अनुभवी शिक्षकों द्वारा अध्यापन कार्य।
● छात्र/छात्राओं के लिये भौतिक/रसायन/जीव विज्ञान/आईपी कम्प्यूटर प्रयोग शाला, अटल टिंकरिंग लैब।
● छात्र/छात्राओं के लिये कक्षाओं की सुविधा
● विद्यालय द्वारा नेशनल स्तर तक जूडो के खिलाड़ी ने स्वर्ण प्राप्त किये।
● बोर्ड कक्षाओं का शत- प्रतिशत परीक्षाफल।
● खेलकूद में छात्र/छात्राओं के लिए छात्रवृत्ति सुविधा 10000/-, 8000/-6000/- प्रतिवर्ष
● अल्पसंख्यक, पिछड़ा वर्ग एवं अनुसूचित जाति/जनजाति के छात्रों हेतु शासन द्वारा छात्रवृत्ति सुविधा।
प्रवेश प्रारंभ 2023-24
प्रातःपाली 7.30 से 12.00 पहली से 12वीं अंग्रेजी माध्यम
दोपहर पाली 12.20 से 5.10 6वीं से 12वीं हिन्दी माध्यम
संपर्क 9009505955,0761-4016415

INDIA'S BIGGEST CONSUMER & HANDLOOM EXHIBITION
Gurleen MEGA TRADE FAIR
SOCIAL MEDIA PARTNER HAMARA Jabalpur
2 से 30 अप्रैल
TIMINGS: 4PM - 10PM
For More Info: 92155-56345 81031-02769
पोली पाथर सर्कस ग्राउंड, साउथ वेन्यू मॉल के पास, गोरीघाट रोड जबलपुर (म.प्र.)

Trusted हर रेंज में कूलर ही कूलर
G.S.ELECTRONIC
गढ़ा क्षेत्र का विश्वसनीय इलेक्ट्रॉनिक शोरूम
0% ब्याज पर फायनेंस उपलब्ध हैं।
पता- संजीवनी नगर मोड़, कछपुरा ब्रिज, गढ़ा जबलपुर
9098983263, 9301372157

AMOI THAI SPA
(ALL TYPES OF BODY MASSAGES)
CONTACT- 0761-4106211(M.) 9893051927
ADD- 2ND FLOOR, OPSSITE SAMDARIYA INN HOTAL, JAIN TOWER RASSEL CHOWK, NAPIER TOWN JBP (MP)

केला चिप्स
AK's
चना जोर गरम
रोस्टेड फूड जंक्शन ड्राई फूड
रोस्टेड चना, रोस्टेड पी नट, नमकीन, चिक्की, ड्राई फ्रूट
जनता साईकिल की बाजू में, बड़ी ओमती चौक, जबलपुर
मोबा. 7987145201, 9993418910

अब नई शृंखला के साथ
KARAN SHOES
MALVIYA CHOWK | ANAND CINEMA ROAD NEAR 4th BRIDGE | KATANGA CROSSING | NAYA BAZAR MALVIYA CHOWK

SHALBY MULTI-SPECIALTY HOSPITALS
मेडिकल इमरजेंसी में आपके साथ !!
95758 01020
शैल्बी हॉस्पिटल, जबलपुर, अहिंसा चौक, विजयनगर, जबलपुर

हमारे प्रेरणास्त्रोत पत्रकार अरूण शुक्ला
आशीष कंसल्टेंसी
Email-ajayshukla2680@gmail.com
मो. 9425154156, 9826176903
नामांतरण, डायवर्सन, सीमांकन, बटवारा, वसीयतनामा इत्यादि
पता - आशीष ट्रांसपोर्ट बलदेव बाग जबलपुर

तांडव
दर्द का जानी दुश्मन
गठियावात
कमर दर्द
जोड़ो का दर्द
सूजन
मासपेशीयों का दर्द
तांडव तेल
सभी प्रकार के वात रोगों में उपयोगी
TANDAV HERBAL PHARMACY Customer Care : +91 7974979179

क्या आप घुटने का दर्द, जोड़ों के दर्द से परेशान है?? क्या आपको जोड़ प्रत्यारोपण की सलाह दी गई है?
हड्डी रोग एवं ज्वाइंट रिप्लेसमेंट एक्सपर्ट
डॉ. विकास सावला
MS ORTHO AHMEDABAD FIJR
+91-9106804465
मिलिए जोड़ प्रत्यारोपण विशेषज्ञ डॉ. विकास सावला से
शैल्बी हॉस्पिटल, अहमदाबाद के पूर्व विशेषज्ञ
बेस्ट टेक्निक, सफल रिजल्ट्स कुल्हा एवं घुटना रिप्लेसमेंट सर्जन
जबलपुर में मिलने का पता
संजीवनी सुपर स्पेशलिटी क्लिनिक गौमाता चौक, राइट टाउन, जबलपुर +91-9301970385, 8225988303
शैल्बी हॉस्पिटल विजय नगर, जबलपुर 93019 70385
न्यूनतम चीरा | फास्ट रिकवरी
उपचार चुने, डर नहीं

एडमीशन ओपन
A name of Quality Education
यश नर्सरी हा.से. स्कूल
अधारताल/गोहलपुर जबलपुर
चुने यही स्कूल क्योंकि यहां से
▸ अधिकतम छात्र IIT/NEET/ICAR में सलेक्ट होते हैं।
▸ अत्याधुनिक स्मार्ट क्लास, लाइब्रेरी, लैब, कम्प्यूटर लैब
▸ प्रतिवर्ष बोर्ड कक्षाओं में सर्वश्रेष्ठ परिणाम
▸ 10th/12th में परसेंट बढ़ाने CBSE/ICSE से एम.पी. बोर्ड में एडमीशन पर स्पेशल डिस्काउन्ट
इसी माह की पेपर कटिंग लाने पर स्पेशल डिस्काउंट
हॉस्टल एवं बस सुविधा उपलब्ध
30 अप्रेल तक Admission लेने पर वाहन सुविधा फ्री
Mrs. Sonal Tiwari (Principal)
लिमिटेड सीट
गुलाब टॉवर, स्टेट बैंक के पास अधारताल, मो. 7987974850, 6263988587, 0761-4020761
शंकर पटेल मार्केट, अमखेरा रोड, गोहलपुर चौक जबलपुर मो. 9111009016, 0761-4111321

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक आशीष शुक्ला द्वारा मां रेवा पब्लिकेशन एण्ड प्रिंटर्स जबलपुर, 68/1 लक्ष्मीपुर विवेकानंद वार्ड मुस्कान प्लाजा के पीछे MR-4 रोड उखरी जबलपुर से मुद्रित एवं जेडीए योजना क्रमांक 11 सेकेण्ड फेस, शताब्दीपुरम, विवेकानंद वार्ड, जबलपुर से प्रकाशित। सम्पादक श्याम कटारे*।
फोन (0761) 2643333। डाक पंजीयन क्रं. एसएसपी/ जबलपुर/26/2022-24 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी.एक्ट के तहत जिम्मेदार। RNI No. MPHIN/2007/18675. Email - jabalpur@yashbharat.com (न्यायालयीन क्षेत्राधिकार जबलपुर)